ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 04 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-289 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सुपरस्टार रजनीकांत की 'जेलर' का धमाकेदार ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### उग्रवादियों को हथियार पहुंचाने वाला प्रभाकर गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस ने उग्रवादी संगठनों को हथियार व कारतूस उपलब्ध करानेए वाले प्रभाकर पांडेय उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है। झारखंड एटीएस ने बिहार के पावापुरी पुलिस की मदद से दशरथपुर गांव से प्रभाकर को गिरफ्तार किया। प्रभाकर हथियार के साथ साथ उग्रवादियों को नक्सल साहित्य भी उपलब्ध कराता था। एटीएस ने प्रभाकर के खिलाफ 14 जनवरी को केस दर्ज किया था। इस केस में वह फरार था। गुरुवार को रांची लाए जाने के बाद एटीएस ने उसे जेल भेज दिया।

### फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी पाने वाले 225 सहायक शिक्षक बर्खास्त

**गिरिडीह।** जिला शिक्षा विभाग ने फर्जी डिग्री के आधार पर 15 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी केरने वाले जिले के 225 जालसाजों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने सेवा बर्खास्तगी का पत्र भी गुरुवार को जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। अब शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य शिक्षा विभाग से अनुमति मांगी है। निर्देश मिलने के बाद इनसे वेतन रिकवरी करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जानकारी के अनुसार यूपी के भारतीय शिक्षा परिषद और इलाहाबाद के गुरुकुल की डिग्री पर 15 साल पहले सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी मिली थी। अब जब इनकी डिग्री की जांच हुई तो पता चला की इनकी डिग्री फर्जी है। दोनों संस्थानों को यूपी सरकार से मान्यता नहीं मिली है। जांच के आधार पर जिले के देवरी और गांवा समेत अन्य स्कूलों से इनकी सेवा को गुरुवार को बर्खास्त कर नौकरी वापस लेने का निर्देश जारी किया गया।

### कोयला खानों की नीलामी से प्राप्त 704 करोड़ की अग्रिम राशि राज्यों को हस्तांतरित

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने कोयला खानों की नीलामी से प्राप्त 704 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि छह कोयला धारक राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दी है। यह वित्तीय हस्तांतरण इन राज्यों की विकासात्मक वृद्धि को सशक्त बनाने और सहायता देने की एक ठोस पहल है। 704 करोड़ रुपये की आवंटित राशि 18 कोयला खानों के लिए अग्रिम राशि की पहली किस्त का प्रतिनिधित्व करती है, जिनकी वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी के छठे दौर और पांचवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत सफलतापूर्वक नीलामी की गई थी।

### विहंगम दृश्य को निहारने के लिये जुटने लगी पर्यटकों की भीड़

## बारिश के बाद लुभाने लगा लोध फॉल का खूबसूरत रौद्र रूप

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** बारिश के बाद लोध फॉल (बूढ़ा घाघ) की खूबसूरती बढ़ गई है। 143 मीटर ऊपर से गिरने वाले पानी का रौद्र रूप लोगों को लुभा रहा है। इसे देखने बारिश के दौरान लोग पहुंच रहे हैं। लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में पिछले 24 घंटे से हो रही लागातर बारिश के कारण झारखंड के सबसे ऊंचे जलप्रपात लोध फॉल का रौद्र रूप एवं इसकी खूबसूरती चरम पर पहुंच गई है। स्थानीय पर्यटक की भीड़ बारिश के दौरान जुटने लगी है। महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय से 17 किमी दूर पक्षिम के पठार क्षेत्र में स्थित राज्य का प्रसिद्ध लोध जलप्रपात की प्राकृतिक सौंदर्यता काफी अनुपम है। 143 मीटर ऊंचाई से बूढ़ा नदी का पानी झरने के रूप में जब सीधे पहाड़ के चट्टान से नीचे गिरता है तब इसका विहंगम दृश्य इतना मनोरम होता है कि लोग पहुंचने लगते हैं, तब उन्हें यहां से जाने का मन नहीं करता। मूसलाधार बारिश होती है तो जलप्रपात की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है।



**पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था :** वैसे तो लोध फॉल को देखने नवंबर से फरवरी माह तक पर्यटकों की भारी भीड़ यहां पहुंचती है, जिसमें बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से भी पर्यटक आते हैं। इसकी खूबसूरती का दीदार करते हैं। बंगाल के पर्यटकों की सबसे अधिक भीड़ लगती है। लोध फॉल आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर यहां व्यापक व्यवस्था की गई है। इको विकास समिति की टीम के द्वारा यहां सुरक्षा की कमान संभाली जाती है। तैराक टीम भी तैनात रहते हैं। साथ ही झारखंड टूरिज्म द्वारा बहाल किये कर्मी भी तैनात होते हैं।

**क्या हैं लोध फॉल जाने का रास्ता**

लोध फॉल पहुंचने के लिए सड़क मार्ग एकमात्र रास्ता है। महुआडांड़ से लोध फॉल तक बेहतरीन सड़क बनाये गए हैं। रांची से इसकी दूरी लगभग 217 किमी है। वहीं रांची-घाघरा- बनारी के रास्ते से महुआडांड़ होते हुए पहुंचा जा सकता है। मेदिनीनगर-लातेहार- महुआडांड़ के रास्ते भी पहुंच सकते हैं। लातेहार जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 120 किलोमीटर है। वहीं लोध फॉल के अलावा प्रखंड में स्थित अन्य फॉल की खूबसूरती भी बारिश के बाद लोगों को लुभाने लगी है।

## राज्य के कई विभागों में पांच-छह वर्षों से एक ही जगह पर तैनात हैं कई कर्मचारी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को सदन में बताया गया कि राज्यभर के प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, डीपीएलआर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में कई कर्मचारी पांच-छह सालों से पदस्थापित हैं। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक बिरंची नारायण ने इसे लेकर जानकारी मांगी थी। बोकारो जिले में भी ऐसे मामलों को लेकर सदन से सूचना की मांग की थी। इस पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि पांच-छह सालों से एक ही कार्यालय में पदस्थापन की बात आंशिक तौर पर स्वीकारात्मक है। साल में दो बार ट्रांसफर किए जाने के प्रावधान और उसके अनुपालन मसले पर विभाग ने बताया कि नियमित जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की जाती है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालय हित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग होती है। जिले में ही एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में ट्रांसफर के मामले पर विभाग का कहना है कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के ट्रांसफर किए जाने के विचार पर विभाग ने कहा है कि आवश्यकतानुसार कार्यहित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर होता है। बोकारो सहित राज्यभर के दूसरे जिलों और विभागों में लंबे समय से जमे कर्मियों के बारे में बिरंची ने जानकारी मांगी थी। साथ ही पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और प्रतिनियुक्ति जिला स्थापना की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार होती है। इस व्यवस्था का पालन बोकारो में नहीं हो रहा है। ऐसे कर्मियों के बारे में भी पूछा था जिनका नियुक्ति काल से लेकर अब तक जिले के एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक में ट्रांसफर नहीं हुआ है।

### झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक विधानसभा में पारित, बोले सीएम

# राज्य के युवाओं को मिलेगा मौका

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 को सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के समर्थन में कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे लेकिन अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा। यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है। सदन में विधेयक का विरोध कर रहे भाजपा के विधायकों को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी विधायकों को भी उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिये। हमलोगों ने तो कड़ी सजा को बहुत कम किया है। राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा। इन्होंने नौजवानों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। अब राज्य की नौकरियों में 20 फीसदी बाहरी ही घुस पा रहे।

इस विधेयक में सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र जो भी कदाचार में शामिल होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।



विधायक विनोद सिंह ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक में करोड़ों रुपये तक के जुर्माने, कारावास, बगैर जांच के जेल भेजे जाने जैसे मसलों को लेकर आपत्ति रखी। इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित प्रावधान को स्पष्ट करके देखें कि स्टूडेंट्स ही इससे सबसे अधिक प्रभावित होंगे। वास्तव में नकल के मामले में राज्य में संगठित अपराध और गिरोह काम कर रहा है। छात्र ही इसके शिकार होते हैं। उन पर निगरानी की बात हो। बिना जांच के गिरफ्तारी और आईओ को असीमित अधिकार देना गलत है। इस विधेयक के लिए नियमावली बनी नहीं है। इसमें कई कमियां हैं। वैसे नकल रोकने की सरकार की चिंता लाजिमी है पर मूल आशय कमजोर हो रहा है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह जल्दबाजी में लाया गया विधेयक है। इसे काला कानून के रूप में इतिहास में जाना जायेगा। गड़बड़ी की सूचना देने वाले भी फंसेंगे। छात्र हित में इसे प्रवर समिति को भेजें। बहुमत से पास कराने की जिद सरकार ना करे। लंबोदर महतो ने भी झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को समिति के पास भेजने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जब राज्य में परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 लागू है तो ऐसे विधेयक का मतलब क्या है। यह काला कानून है। तकरीबन 40 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जो गरीब वर्ग से हैं। गरीब छात्र-छात्रा नौकरी का सपना रखता है। जाने अनजाने या सरकारी अफसरों के षडयंत्र में अगर वह फंसा तो बर्बाद हो जायेग। महतो ने कहा कि इस विधेयक की धारा 23 और अन्य धाराएं इसे काला कानून बनाती हैं, जो आईओ होगा, बिना किसी आदेश के और वारंट के किसी को भी जेल भेज सकता है। यह सुप्रीम कोर्ट का गाइडलाइन है कि किसी भी मामले में अगले का स्पष्टीकरण हो। कारण जानें लेकिन इसका उल्लंघन इस विधेयक में होगा। जेपीएससी में वैसे एजेंसी को काम दिया गया है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड हैं, जिस पर आरोप है, एफआईआर है तो उसे चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये। अमित कुमार मंडल ने कहा कि यह काला कानून है। जेपीएससी, जेएसएससी के रिजल्ट के सवाल पर स्टूडेंट्स, मीडिया को जेल हो सकता है। यह ईस्ट इंडिया कंपनी के रौलेट एक्ट की तरह है। विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से अब तक नियोजन को लेकर सवाल रहा है। जेपीएससी, जेएसएससी अपनी गलतियों को छिपाने के लिए इस तरह के विधेयक को लाया गया है, जो स्टूडेंट्स एग्जाम, रिजल्ट की गलतियां निकाल कर लाएंगे, उन्हें डराने, धमकाने के लिए यह सब हो रहा है। स्टूडेंट्स बगैर किसी ट्रायल के जेल में डाल दिया जायेगा। ऐसा तो किसी अपराध में भी नहीं होता। यह स्टूडेंट्स के लिए सुसाइड का मामला है। इसे प्रवर समिति में दें। नवीन जायसवाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में अनुचित विधेयक 2001 पहले से राज्य में लागू है। अब 22 साल के बाद इसकी जगह नया विधेयक हड़बड़ी में लाया गया है। कई ऐसी धाराएं हैं जो इसे काला कानून बताता है। स्पीकर गार्जियन हैं। वे देखें कि इससे किसी स्टूडेंट्स का कैरियर दांव पर लग रहा है। प्रवर समिति में इसे भेजें।

**विधेयक में क्या है प्रावधान**

चोरी करने या करवाने में पकड़े जाने पर तीन साल सजा का प्रावधान था, जिसे विधायकों के कहने पर संशोधित करके मुख्यमंत्री ने एक साल की सजा कर दी। चोरी करने वाले परीक्षार्थियों को दी जाने वाली सजा का प्रभाव इतना अधिक होगा कि उनकी नौकरी करने की उम्र सीमा ही खत्म हो सकती है। पांच लाख रुपये तक का दंड लगाया जा सकता है। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त नौ महीने की सजा तक हो सकती है। परीक्षार्थी के दूसरी बार पकड़े जाने पर सात साल की सजा और दंड की राशि 10 लाख रुपये तक था, जिसे संशोधित करके सजा को तीन साल कर दिया गया है। परीक्षार्थी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दो से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। न्यायालय द्वारा सजा होने पर संबंधित परीक्षार्थी 10 साल तक प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा। शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू सांसद ने सदन में उठायी कसौधन जाति को

## केंद्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित करने का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि कसौधन जाति एकीकृत बिहार राज्य में एवं झारखण्ड अलग राज्य बनने के बाद भी राज्य की ओबीसी की सूची में शामिल है, परंतु अब तक केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल नहीं हो सका हैं । उन्होंने कहा कि कसौधन जाति समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़ी हुई है। कसौधन जाति के लोग पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखण्ड के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते है तथा उनकी काफी दिनों से मांग रही है कि उन्हें केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित किया जाय। उक्त संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के सचिव श्रीमती वन्दना डाडेल 28 जुलाई 2020 को समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सचिव को अन्य जातियों के साथ-साथ कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने शेष पृष्ठ 11 पर

## हाई कोर्ट में बंधु तिर्की की अपील पर बहस 17 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद्र की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की जबकि सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता शेष पृष्ठ 11 पर



**प्रक्रिया** | सोशल मीडिया व आरटीआई पर नकेल वाला डाटा प्रोटेक्शन बिल लोस में पेश

# उल्लंघन पर 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना

### सरकार इससे सूचना के अधिकार कानून को रौंदना चाहती : विपक्ष

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डाटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पेश किया। विपक्षी सांसदों ने प्रस्तावित कानून की शुरूआत पर आपत्ति जताई और इसे संसदीय समिति के पास भेजने की मांग की। मालूम हो कि इस बिल को पहले ही केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। नए डाटा प्रोटेक्शन बिल से सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी पर लगाम लग सकेगी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 (डीपीडीपी) पेश किया। नए डाटा प्रोटेक्शन बिल से सोशल मीडिया कंपनियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी और उनकी मनमानी भी कम होगी। नए डाटा प्रोटेक्शन बिल 2023 के अनुसार, उपभोक्ता के डिजिटल डाटा का दुरुपयोग करने वाली या उनकी सुरक्षा करने में विफल रहने वाली संस्थाओं को 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाई पर अधिकतम 250 करोड़ रुपये और न्यूनतम 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। नया बिल डाटा को संभालने और संसाधित करने वाली संस्थाओं के दायित्वों के साथ-साथ व्यक्तियों के अधिकारों को भी निर्धारित करता है।



नए बिल के अनुसार, बनाए गए नियम में इस अधिनियम या इसके प्रावधानों के तहत अच्छे विश्वास में किए गए या किए जाने वाले किसी भी काम के लिए केंद्र सरकार, बोर्ड, उसके अध्यक्ष और उसके किसी भी सदस्य, अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई मुकदमा, अभियोजन या अन्य कानूनी कार्यवाही नहीं की जाएगी। विधेयक के तहत, केंद्र सरकार को बोर्ड से लिखित संदर्भ प्राप्त करने पर आम जनता के हित में कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार भी मिलता है। इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि संसद द्वारा पारित होने के बाद यह विधेयक सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, इनोवेशन इकोनॉमी को विस्तार करने में मदद करेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा और महामारी और भूकंप आदि जैसी आपात स्थितियों में सरकार की वैध पहुंच की अनुमति देगा। लोकसभा में पेश किए गए डाटा शेष पृष्ठ 11 पर

### जनजातीय महोत्सव में होगा आदिवासी संस्कृति, परम्परा व खानपान का अद्भुत समागम

## आदिवासी फिल्म व फैशन शो का होगा प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड समेत पूरे देश की आदिवासी संस्कृति, परम्परा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम नौ एवं 10 अगस्त को आयोजित जनजातीय महोत्सव में देखने को मिलेगा। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, आसाम, आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परम्परा और संस्कृति से राज्यवासियों को रूबरू कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सराइकेला छऊ, डोमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी। एक ओर जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहीं आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौती और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, जनजातीय व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का आयोजना होगा। सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था-एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, जनजातीय साहित्य-काल्पनिक और गैर-काल्पनिक जैसे विषयों पर लोग अपनी बातों को रखेंगे।

**फिल्मों का प्रदर्शन :** महोत्सव में ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। इसमें पहाड़ा, एड्पा काना, डीबी दुर्गा, बरदु, रवाह, सोंधैयानी, अबुआ पायका, द वॉटरफॉल, बैकस्टेज, सम स्टोरीज अराउंड विचेज, लाको बोदरा, छैला, द अगली साइड ऑफ ऑफ ब्यूटी, बंधा खेत, बठुन्दी, अजतान्त्रिक जैसी फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ड्रोन शो, लेजर शो, आतिशबाजी और ट्राइबल फैशन शो का भी आयोजन होगा। दो दिनों तक आयोजित इस महोत्सव में 32 स्टाल आदिवासियों के होंगे, जो अलग-अलग आदिवासी समुदाय को रिप्रजेंट करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के भी स्टाल लगाए जायेंगे।

# कृषि विभाग ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कृषि विभाग के आत्मा द्वारा बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को कई योजनाओं व फसलों के बारे में जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन मेदिनीनगर के मनीषा कला दल द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक व गीत कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अच्छी खेती,मोटे अनाज,श्री अन्न, कृषि ऋण माफी,पीएम किसान, पीएम कुसुम सहित विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया। एटीएम शशि रंजन ने बताया कि किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतो में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। आज बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पाटन पोस्ट ऑफिस जाने वाली सड़क में जलजमाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन मेन रोड से पोस्ट ऑफिस की ओर केल्हार बस्ती में जाने वाली सड़क की हालत जर्जर है। हल्की बारिश मे रोड पर पानी जमा हो जाता है। राहगीर आम जनों को चलने मे परेशानी हो रही है , लोग मुश्किल का सामना करते हुए पैदल पथ पर चलते है। सड़क पर 2 फीट का जलजमाव रहने से बस्ती के लोग अपने घर से रोड पर निकलने के लिए सोच में पड़े रहते हैं की जाए तो किधर जाएं। जलजमाव होने पर बीमारी का संकेत बढ़ा रहता है लोग किसी प्रकार पैदल पथ पार करते हैं। इसी सड़क मे केल्हार मुखिया के घर पड़ता है।

### क्या कहते हैं केल्हार मुखिया जैनुल सिद्धकी

मुकेश जानू शक्ति ने कहा कि इस सड़क के बारे में पाटन बीडीओ को अवगत करा चुके हैं जलजमाव का वैकल्पिक व्यवस्था कर रोड पर से पानी को निकाला जाएगा तथा टेंडर कर रोड के किनारे से नाली का निर्माण करा कर गड्ढे में तब्दील सड़क को बनवाया जाएगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनियमित बिजली व्यवस्था का एक सप्ताह में हो समाधानः विधायक

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह व एनसीपी पार्टी के पदाधिकारी सक्रियता के साथ जुट गए हैं। बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर विधायक श्री सिंह ने राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (संचरण) के प्रबंध के के वर्मा व निदेशक अविनाश कुमार से मिलकर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब हरिहरगंज व पीपरा की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। अधिकारियों ने विधायक को बताया कि बेलचम्पा, रेहला के पास ट्रांसमिशन लाइन के दो टावर के गिर जाने की वजह यह समस्या उत्पन्न हुयी है। जो एक सप्ताह के अंदर टावर के ठीक होने पर बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाने का आश्वासन दिया है। विधायक के निर्देश पर हरिहरगंज के पार्टी पदाधिकारि झारखंड बिजली वितरण निगम के महाप्रबंधक से मेदिनीनगर में मिले। पार्टी के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक से मिलकर हरिहरगंज व पिपरा की बिजली से संबंधित स्थिति से अवगत कराया है। महाप्रबंधक ने एनसीपी के पदाधिकारियों को जानकारी दी है कि बीते 29 मई को बेलचम्बा और मेढना (रेहला के पास) ट्रांसमिशन लाइन के 2 टावर गिर गए थे। उसके बाद यूपी रिहंद से बिजली आपूर्ति की जा रही है। टावर लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। बहुत जल्द भागोडी से हरिहरगंज एवं पिपरा की बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री बैठक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीस सूत्री की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह के द्वारा की गई। मौके परं क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहमागहमी रही। वहीं छतरपुर एम0ओ0 निर्मल सिंह के खिलाफ कार्रवाई हेतु विभाग एवं सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि पहले बैठक में निर्मल सिंह के द्वारा आम जनता को अनपढ़ गवांर एवं दूसरे बैठक में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ाने का वक्तव्य दिया गया था। खेती बारी के समय रहने के कारण प्रखंड कृषि पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया के किसी भी हालत में किसानों को सरकारी मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया नहीं मिलना चाहिए । इसके लिए कृषि मित्रों को हरेक खाद बीज दुकानों पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। मनरेगा के तहत वर्ष 2021 से लेकर अब तक के सभी कुओं की जांच कर वस्तु स्थिति बीस दिनों के अंदर अवगत कराने का आदेश दिया गया सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के तहत कुछ ऐसे आवेदक थे जिनका उम्र आवेदन करते समय 19 वर्ष से कम था लेकिन सरकार को रिपोर्ट भेजते वक्त 19 वर्ष से अधिक हो गया जिससे संबंधित कार्रवाई हेतु सीडीपीओ को आदेश देते हुए भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि किसी भी हालत में जनता को सरकार द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा फिरदोस आलम मुस्ताक अहमद रिंकी देवी अनिल सिंह

## कंस्ट्रक्शन कंपनी के निर्माण कार्य से

# बटाने नहर का पानी बाधित होने पर आक्रोशित किसानों ने किया आंदोलन

**कंपनी द्वारा लगाये गये ह्यूम पाइप को हटाते हुए वहां पर एक ओपन पुल का निर्माण किया जाय : किसान**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुल्तानी गांव के समीप शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सरसोत मोड़ के समीप फ्लाई ओवर ब्रिज बनाकर बटाने नहर में कंपनी के द्वारा ओपन पुल के जगह नहर में चार ह्यूम पाइप लगा दिया गया है। उक्त नहर एनएच 98 पार करके आती है। ह्यूम पाइप लगाए जाने के कारण उसमें गाद एवं मिट्टी जमा हो गयी है। जिससे नहर का जल प्रवाह बाधित हो रहा है। जिससे झारखंड समेत बिहार के हजारों किसानों को भारी आक्रोश है। नहर का पानी किसानों के खेत तक नहीं पहुंच रहा है। इस समस्या को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में झारखंड और बिहार के किसानों ने सड़क निर्माण कंपनी शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुख्य गेट पर आंदोलन किया। किसानों ने बताया कि हड़ियाही डैम से सिंचाई हेतु बटाने नहर में निकलने वाले पानी के बहाव में अवरोध आने के कारण झारखंड- बिहार के लगभग 175 गांव सुखाड़ की चपेट में आ गए हैं। किसानों की मांग है कि कंपनी द्वारा लगाए गए ह्यूम पाइप को हटाते हुए वहां पर एक ओपन पुल का निर्माण किया जाए जिससे बटाने नहर का पानी किसानो को खेत तक पहुंच सके। इस दौरान एनएचएआई के परियोजना निदेशक मनोज कुमार पांडेय तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों के साथ आंदोलन कर रहे किसानों का एक शिष्टमंडल के बीच वार्ता हुयी। किसानों की समस्या 15 दिनों में निदान करने का आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया। पर किसानों ने मांग पत्र सौंपते हुए मांग नहीं पूरा होने पर दोबारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। वार्ता में कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला, सीओ वासुदेव राय, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पिपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डु, मुखिया जितेंद्र पासवान, वीरेंद्र यादव, रामपुकार मेहता, सत्येंद्र भुइयां, प्रमोद यादव, दीपक यादव, संजय यादव, सुनील मेहता आदि शामिल थे। एनएचएआई के परियोजना निदेशक मनोज कुमार पांडेय तथा सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि किसानों की समस्या को संज्ञान में ले लिया गया है, जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

### आठ दिन से युवक लापता,परिजन परेशान



**नावा बाजार।** चेचरिया गांव निवासी मनजीत कुमार तिवारी उर्फ गोदन (18) पिछले आठ दिनों से लापता है। परिजनों के द्वारा सगे संबंधी सहित सभी संभावित जगहों पर इसकी तलाश की गई। लेकिन अभी तक इसका कोई सुराग नहीं मिला पाया है। इस संबंध में परिजनों ने नावा बाजार थाने में गुमसुदागी का सनहा भी दर्ज कराया है। लापता युवक मंजीत की मां ने बताया कि प्रत्येक दिन वह घर से खाना खाकर ब्रहमोरिया मोड़ चला जाता था,और वहीं सारा दिन घूमता रहता था। फिर शाम को वह वापस घर आ जाता था। लेकिन 26 जुलाई की शाम वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई जो आज तक चल रही है।

## युवा समाजसेवी प्रवीण का प्रयास सराहनीय

# बाबा धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** बरिगावां ग्राम से गुरुवार को कांवरियों का जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व गांव के शिव मंदिर में सभी श्रद्धालु कांवरियों की ओर से पूजा अर्चना की गई। जहां भगवान भोलेनाथ की जय कारों से क्षेत्र गूंज उठा। कांवरियों के जत्था ने गांव का भ्रमण कर ग्राम देवता की भी पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कांवरियों से भरी बस बाबा धाम के लिए निकल पड़ी। सावन माह में बाबा धाम देवघर तीर्थाटन मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी प्रवीण मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। जो स्वयं कांवरियों के साथ देवघर तक भगवत भजन करते हुए जलाभिषेक करेंगे। सभी कांवरियों को मंगलमय यात्रा की शुभ कामना करते हुए उन्होने कहा कि बाबा भोले नाथ की भक्ति से शक्ति मिलती है। भक्ति से मिली शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज व राष्ट्र का भला करने का प्रयास करें। बाबा धाम में पूजा अर्चना कर गांव, पंचायत, प्रखंड सहित प्रदेश में हरियाली व खुशहाली व आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना व पंचायत क्षेत्र का समग्र विकास व लोगों में अमन चैन खुशहाली उनकी पहली प्राथमिकता है। जिसे लक्ष्य बनाकर वो कार्य कर रहा है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। पंचायत क्षेत्र के बुजुर्गों को तीर्थाटन कराया जाएगा। मौके पर डबल पांडेय, पिंटू पांडेय, विक्की दुबे दीपक दुबे उस दुबे सहित श्रद्धालुओं की टीम मौजूद थी।

### निगम क्षेत्र में डीप बोरिंग कराने पर रोक लगाने की मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने निगम क्षेत्र में डीप बोरिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की है। विदित है कि निगम क्षेत्र में लगातार अभी भी कुछ लोगों के द्वारा डीप बोरिंग कराया जा रहा है जिसका शिकायत आम जनता के द्वारा मुझे कराया गया जिसके बाद श्री तिवारी निगम क्षेत्र के कई इलाकों में दौरा किया में दौरा किया। जहां पाया कि लोग अपने सुविधा के लिए डीप बोरिंग करा रहे हैं। लेकिन डीप बोरिंग कराने से अगल-बगल के बोरिंग का जलस्तर सूखने का खतरा मंडराता रहता है।

## समाहरणालय, गढ़वा (परिवहन शाखा)

सूचना संख्या – 320 दिनांक – 02.08.2023

(टेम्पू चालकों/मालिकों के लिए आवश्यक सूचना)

अक्सर देखा जा रहा है कि टेम्पू के बगल में दोनो तरफ लोहे का रड लगा हुआ नहीं होता है, जिससे टेम्पू पर चढ़ने तथा उतरने वाले सवारी दाहिने तरफ से भी चलने/उतरने लगते है। इस परिस्थिति में दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा प्रबल होती है। यह भी देखा जा रहा है कि टेम्पू चालक टेम्पू पर सवारी चढ़ाने या उतरने हेतु अपने टेम्पू को सड़क पर ही (बिना साईड किये) एकाएक रोक देते है। इससे पीछे वाले वाहनों का दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है।

अतः इस सूचना के माध्यम से टेम्पू चालकों/मालिकों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर अपने टेम्पू में दोनो तरफ लोहे का रड लगवाना सुनिश्चित करेंगे जिसमे दाहिने तरफ का रड फिक्स होगा तथा बांये तरफ का रड खुलने वाला होगा। साथ ही सभी टेम्पू चालक/मालिक अपने टेम्पू को निर्धारित स्थल पर ही सड़क के एकदम किनारे रोककर सवारी बैठायेंगे या उतारने। वाहन जॉच के क्रम में यदि कोई टेम्पू मालिक/चालक इस आदेश के उलंघन करते हुए पाया जाता है तो उनके विरूद्व मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत वाहन को जब्त कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझे।

PR.NO.303938 Transport(23-24):D ह0/– जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा।

## विधायक ने ऑन लाईन चबूतरा जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरूवार को बाबू बीर कुंवर सिंह के प्रतिमा एवं चबूतरा का विधायक निधि से जीर्णोद्धार का ऑन लाईन शिलान्यास किया गया। विधायक के निर्देश पर मौजूद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,एवं हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑन लाईन कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी प्राथमिकता है। यह महापुरुषों की प्रतिमा काफी जीर्णशीर्ण हालत में था। इसे अपने विधायक कोटे की राशि से जीर्णोद्धार व मरम्मती का कार्य किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभर व्यक्त किया। मौके पर लोक जन चेतना मंच के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह का बहुत ही सराहनीय कदम हैं। प्रतिमा दस वर्ष पूर्व अनावरण किया गया था, उसके बाद इसकी मरम्मत कार्य नहीं हुआ था। परंतु अब यह नया लूक में दिखेगा। मालूम हो कि बीर कुंवर सिंह की प्रतिमा खुले मैदान में अवस्थित हैं जिसके कारण प्रतिमा स्थल जर्जर हो गया था।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया

**तरपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुर का पदभार ग्रहण किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता सड़कों पर बनी हुई जाम से मुक्ति एवं साफ-सफाई के साथ ही आम नागरिकों को सुलभता पूर्वक सरकारी सुविधा देना प्राथमिकता होगी। नगर पंचायत को बेहतर बनाया जाएगा जिसके लिए समाज के हर एक तबके के लोगों का सहयोग लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि छतरपुर को नगर पंचायत बने हुए पांच वर्ष से अधिक हो गया है लेकिन अभी तक इसका लाभ जहां के जनता को नहीं मिला है। वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी से इस पर उचित कार्रवाई की उम्मीद है।

## प्राचार्य का कार्यालय, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)

निविदा संख्या– 01/2023–24

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में पुस्तक क्रय हेतु प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान,एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 03.08.2023 के अपराहन 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तक का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 03.08..2023 |
| 2 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 18.08.2023 TIME- 8 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 04.09.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगा। | 20000.00(बीस हजार) Refundable |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 7903688241 |
| 7 | BD/DD ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 02.09.2023 5 P.M तक |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के

तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः– क्रय किये जाने वाले पुस्तक ई0–निविदा की शर्तें आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR 303919 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गढ़वा

(जिला आपूर्ति शाखा)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद सं0–124/2022–23 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा–07 के तहत जब्त 668 (छःसौ अरसठ) बोरा गेंहू वजन लगभग 40080 किलोग्राम एवं 409 (चार सौ नौ) बोरा चावल वजन लगभग 24540 किलोग्राम को Auction Sale (नीलामी बिक्री) द्वारा बिक्री किया जाना है। उक्त सामग्री के क्रय हेतु ईच्छुक क्रेता दिनांक 07.08.2023 के अपराहन 12:30 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा (सदर) के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर नीलामी बिक्री में भाग ले सकते है। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

PR 303940 Food Public Distribution and Consumer Affairs (23-24)_D

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
गढ़वा

## कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर,प्रथम–तल

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1928 दिनांक–24.04.2023 के निदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिले में संचालित 03 उत्कृष्ट विद्यालयों– District R.K. Ramasahu CM School of Excellence Garhwa, R.K CM School of Excellence Girls, Garhwa एवं KGBV CM School of Excellence, Garhwa में नामांकन हेतु दिनांक–07.07.2023 को प्रकाशित द्वितीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन के उपरांत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु तृतीय मेधा सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट– **https://garhwa.nic.in** पर प्रविष्टि करा दी गई है साथ ही तृतीय मेधा सूची विद्यालयों एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा करा दी गई है। सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित करते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 303933 Human Resource Developement(23-24).D

## समाहरणालय, गढ़वा।

सूचना संख्या – 321 दिनांक – 02.08.2023

(परिवहन शाखा)

(विद्यालयों में परिचालित टेम्पू के चालकों/मालिकों के लिए आवश्यक सूचना)

अक्सर देखा जा रहा है कि विद्यालयों में बच्चों को लाने ले जाने वाले टेम्पू के बगल में दोनो तरफ तथा पीछे भी लोहे का जाली/रड लगा हुआ नहीं रहता है। इससे बच्चे काफी असुरक्षित रहते है तथा बच्चों को बगल से अथवा पीछे से गिरने का डर बना रहता है, जो काफी गंभीर मामला है।

अतः इस सूचना के माध्यम से विद्यालयों में परिचालित सभी टेम्पू मालिकों/चालकों को निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर आप अपने टेम्पू के बगल में दोनो तरफ तथा पीछे लोहे का जाली/रड लगवा लें जिसमें से बगल वाले जाली/रड में दाहिनें तरफ का जाली/रड फिक्स रहेगा।

इस सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के बाद विद्यालयों में परिचालित टेम्पू के विरूद्व विशेश जॉच अभियान चलाकर जॉच किया जायेगा और यदि कोई टेम्पू इस सूचना का अनुपालन नहीं करते हुए पाया जाता है, उनकों मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जब्त कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझे।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 303935 Transport(23-24)D

## झारखण्ड सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**आम नीलामी सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र, चिनियां बीट कार्यालय, भण्डरिया प्रक्षेत्र एवं वन भवन कार्यालय कैम्पस, गढ़वा में जप्त प्रकाश्ठ, जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक रंका स्थित रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय)/नगद गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। प्रकाश्ठ लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना आवश्यक होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेश कर भी देय होगा। शर्तें एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्तें **https://garhwa.nic.in** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 – 8789831419 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | निर्मित लौट स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट, प्रकाष्ठ की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 21.08.2023 | 31 लौट प्रकाष्ठ/ जलावन/ आरामील/ इंजन/ मील बड़ा/ मील छोटा/ आरीबलेड/रन्दा मशीन। |
| 2 | रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 21.08.2023 | 12 लौट प्रकाष्ठ/ बल्ली/ जलावन/ साईकिल पुराना। |
| 3 | चिनियां बीट कार्यालय परिसर, चिनियां | 21.08.2023 | 37 लौट प्रकाष्ठ/जलावन। |
| 4 | भण्डरिया प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 21.08.2023 | 12 लौट प्रकाष्ठ/ बल्ली/ जलावन भण्डरिया प्रक्षेत्र एवं 5 लौट प्रकाष्ठ/ जलावन कुटकू प्रक्षेत्र। |
| 5 | वन भवन कार्यालय कैम्पस, गढ़वा | 21.08.2023 | 08 लौट प्रकाष्ठ/ जलावन/ पुराना टायर। |

PR 303979 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

NEWS इन ब्रीफ

## झामुमो व झारखंड युवा मोर्चा ने पूर्व मेयर पर साधा निशाना

**मेदिनीनगर।** पूर्व मेयर अरुणा शंकर के द्वारा प्रेस के माध्यम से बुधवार को कुछ लोगों द्वारा गांधी उद्यान बेलवाटिकर में जाकर हंगामा करने के मामले को दुखद बताया है। इस संबंध में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की नगर कमेटी व झारखंड युवा मोर्चा की जिला कमेटी ने संवाददाता सम्मेलन कर निर्वतमान मेयर की निंदा की है तो झामुमो नगर कमेटी और युवा कमेटी ने कहा कि वहाँ कुछ लोग नहीं गए थे बल्कि गांधी उद्यान में हम लोग पूरा झामुमो युवा मोर्चा और नगर कमेटी पहुंचे थे और उनके इस बयान की निंदा करते हैं । सम्मेलन में कहा गया की पूर्व मेयर पति के द्वारा अपने निजी लोगों को गांधी उद्यान में लूटने का छूट दिया गया है। जिसे हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर झामुमो महानगर कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जायसवाल सचिव छोटू त्रिपाठी उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा (मोनू),युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला सचिव आशुतोष विनायक कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज जिला कमेटी से संगठन सचिव अनुराग सिंह और झामुमो वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने उपायुक्त को जलसंकट को लेकर ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह तथा सचिव अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में जिले के नए उपायुक्त को गुरूवार को कोयल नदी पर छोटे बांध बनाकर जलसंकट का पूर्णकालिक समाधान करने को ज्ञापन सौंपा। मणिकांत ने इस संदर्भ में पलामू जिला प्रशासन के उदासीन रवैये के प्रति असंतोष प्रकट करके हुए कहा कि पलामू जिला आर्थिक और भौगोलिक दृष्टिकोण से आम-जन हेतु विकट समस्याओं का भंडार है।

# सीएसपी संचालक ने वृद्ध महिला के खाते से गायब किये पैसे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर एक महिला के बैंक खाता से वृद्धा पेंशन गायब करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस मामले जांच कर रही है। पूरा मामला छतरपुर थाना क्षेत्र के कुम्याही गांव का है। जहां 75 वर्षीय नागिया कुंवर के बैंक खाता से गांव के ही सीएसपी संचालक अजीत कुमार यादव पैसे गायब कर रहा था। महिला अजीत पास वृद्धा पेंशन की रकम निकलवाने जाया करती थी। युवक ने उसके खाते में अपना मोबाइल नंबर जोड़ लिया। फिर इस नंबर की मदद से पेटीएम पर अकांउट बनाकर वृद्धा पैंशन की रकम अपने बैंक खाता में ट्रांसफर करने लगा। इस तरह वह महिला के बैंक खाते से 23000 रुपये गायब कर चुका है। महिला पैसे निकलवाने जाती तो कहता कि पैंशन नहीं आ रहा है। अंत में वह हारकर वह बैंक गयी तो बता चला कि पेटीएम के माध्यम से अजीत के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर हो रहे हैं। इसके बाद महिला ने अजीत से इस बारे में पूछा तो उसने पैसे लौटने से मना कर दिया और कहा कि जहां जाना है जाओ, पैसे नहीं देंगे। इसके बाद महिला ने छतरपुर थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि महिला ने गांव के अजीत यादव पर पैसे बैंक खाते से पैसे गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषी पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

# होटाई के भवारदह में करंट लगने से बैल की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बिजली विभाग की लापरवाही के कारण पाकी प्रखंड में होटाई के भवरदह में करंट लगने से बैल की हुई मौत। बैल के मालिक सूर्यनाथ यादव के द्वारा बताया गया की बैल हम चारा रहे थे तब तक बैल खंभा के पास गया और एक ग्यारह हजार से सटकर उसकी वहीं मौत हो गई साथी साथी बताया किया तार करीब 4 माह से इसी तरह लटक रहा है बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी यह दुरुस्त नहीं किया गया है इस तरह बहुत जगहों पर ऐसे तार हैं जो झूलते नजर आ रहे हैं। वैसे तो पांकी में कम ही बारिश हो रहा है सुखाड़ का मार झेल रहा किसान और ऊपर से बैल भी है चला गया पशु मालिकों ने रो रो कर बुरा हाल क्या है साथ ही साथ जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों को कोस रहा है बैल का पोस्टमार्टम करने के लिए पशु चिकित्सा



पदाधिकारी पांकी से बात हुई उन्होंने बताया कि पहले थाना में आवेदन दें इसके उपरांत पोस्टमार्टम करेंगे।

# 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर खेल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर 9 और 10 अगस्त को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह आयोजन खेल विभाग द्वारा राज्य के 21 जिलों में किया जाएगा। वहीं पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। खेल कूद और युवा कार्य निदेशालय के निर्देश के साथ जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में खेल का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एथेलेटिक्स, फुटबाल, तीरंदाजी और हॉकी जैसे खेल आयोजित होंगे। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने बताया की जिला स्तरीय आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में अनुसूचित जनजाति के सभी आयु के खिलाड़ी भाग ले सकते है। इस खेल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के मूल और फोटो कॉपी के साथ समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय में जाना होगा. जिसके लिए निर्धारित तिथि पांच अगस्त के शाम पांच बजे तक है. खिलाडियों को रजिस्ट्रेशन के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना है। वहीं टीम और खिलाडियों को निर्धारित तिथि के बाद निबंधन नहीं हो सकेगा।

## पांच वर्ष बाद गुम बच्चा मिला, खुशी का माहौल

**मेदिनीनगर।** विनय टोपनो पलायन का दर्द आज भी झेल रहा है। वह पलामू जिला के रामगढ़ प्रखंड के चोरहाट पंचायत के चोरहट गांव का निवासी है। काम की तलाश में वह अपने बाल-बच्चा और पत्नी के साथ महानगरों में पलायन करता था। टोपनो बताते हैं कि सात आठ महीना के लिए अपने गांव से काम के लिए महाराष्ट्र गया था।

हड़िया - दारू छोड़ खुशहाल जीवन की राह में आगे बढ़ रहीं महिलायें

# फूलो झानो आशीर्वाद अभियान गरीब महिलाओं के लिए बना वरदान

### पलामू प्रमंडल में 1700 से अधिक महिलाओं ने अपनाया आजीविका का साधन

### सरकार की फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से महिलाएं सम्मानजनक जीवन जीने लगी हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की महिलाओं को सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका सीधा लाभ लक्षित समूह को मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका संवर्द्धन हुनर अभियान, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के साथ-साथ महिलाओं को सखी मंडलों से जोड़कर सरकार द्वारा आजीविका के नए स्त्रोत उत्पन्न करने में मदद की जा रही है। सरकार की फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से महिलाएं सम्मानजनक जीवन जीने लगी हैं। पलामू प्रमंडल में हड़िया-दारू के निर्माण एवं बिक्री से जुड़ी करीब 1770 महिलाओं ने फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़कर आजीविका के वैकल्पिक साधनों को अपनाया है। पलामू जिले में 424 महिलाओं ने आजीविका के वैकल्पिक साधन को अपनाया है। वहीं लातेहार जिले में 965 एवं गढ़वा जिले में 381 महिलाएं फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ी हैं। इससे न केवल महिलाओं की इज्जत बढ़ी है, बल्कि उनके परिवारजनों का भी मान-सम्मान बढ़ा है। इस धंधे को छोड़ चुकी महिलाएं पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के विभिन्न गांव-पंचायत एवं प्रखंडों के हैं। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से महिलाओं की दिशा एवं दशा दोनों बदल रही है। इस कारोबार को छोड़ चुकी महिलाएं अब इसे समाज की कुरीतियां भी समझने लगी हैं।महिलाओं ने बताया कि हड़िया-दारू के निर्माण एवं बिक्री से उन्हें भी परेशानी होती थी और परिवार के अन्य सदस्य भी प्रभावित होते थे। खासकर बच्चों पर इसका प्रतिकूल असर दिखता था। स्नेहीबंधुगणों जब घर आते, तो लज्जित भी होना पड़ता था। आर्थिक कमियों के कारण मजबूरन ऐसे कारोबार से जुड़े थे, लेकिन इसे छोड़ने एवं आजीविका के वैकल्पिक साधन अपनाने से अब गांव-समाज में आत्मसम्मान बढ़ा है। घर-परिवार के सदस्य भी सुरक्षित महसूस करने लगे हैं। महिलाएं सखी मंडल से जुड़कर आजीविका के विभिन्न साधनों को अपनाया है और आर्थिक आमदनी कर रहे हैं। आजीविका के नए स्त्रोत उत्पन्न करने में सरकार से मदद भी मिल रही है। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत महिलाओं को सखी मंडलों से जोड़कर चिन्हित महिलाओं को आजीविका संवर्द्धन के लिए 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। इस अभियान से जुड़कर महिलाओं ने रोजगार के विभिन्न साधनों को अपनाया है। कोई ऋृंगार दुकान, चाय-पकौड़ी, समौसा दुकान, अंड़ा-आमलेट दुकान का संचालन कर रही हैं, तो कई महिलाएं पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी एवं बत्तख पालन, तथा कृषि कार्य से जुड़कर अपनी आजीविका चलाने में जुटी हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जे.एस.एल.पी.एस.) के डीपीएम विमलेश शुक्ला ने बताया कि फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से महिलाएं समाज में बेहतर कर रही हैं। इसे और गति देने का कार्य हो रहा है।

# आदिवासियों के जीवन में वन धन विकास केंद्र ला रहा बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड में वन संपदाओं की भरमार है। इन वन संपदाओं में कई ऐसे उपज हैं, जिनका राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा बाजार है। इन वन संपदाओं से आदिवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की पहल की जा रही है। वन धन विकास केंद्र वन उपज के लिए एक बड़ा बाजार तैयार कर रहा है। 2021 में मध्यप्रदेश के भोपाल में जनजातीय गौरव दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसी दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन धन विकास केंद्र का जिक्र किया था और वन उपज को बढ़ावा देने की बात कही थी। इसी वन धन विकास केंद्र ने आदिवासियों के जीवन में बदलाव लाना शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत झारखंड में करीब एक दर्जन वन उपज का चयन किया गया है। यह वन उपज पूरी तरह से प्राकृतिक है, और जंगलों में ही पायी जाती है। इस योजना के तहत झारखंड में पाए जाने वाला वन तुलसी, हरे बहेरा, महुआ, आंवला, बेल, बेर, इमली, केंदु पता, पलाश का फूल, लाह जैसे वन उपज को शामिल किया गया है। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की पहल पर आदिवासी परिवारों को मॉडल टूल्स उपलब्ध करवाए गए हैं ताकि वन उपज की गुणवत्ता को बेहतर किया जा सके।झारखंड की राजधानी रांची से करीब 165 किलोमीटर दूर पलामू के छह इलाके में वन विकास केंद्र का संचालन किया जा रहा है। पलामू के मनातू, पांकी, रामगढ़, सतबरवा, छतरपुर और चैनपुर के इलाके में वन धन केंद्र बनाया गया है। इससे 300 से ज्यादा परिवार जुड़े हुए हैं। अकेले मनातू में 60 परिवार केंद्र से जुड़े हैं और वन उपज के लिए मॉडल टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। योजना के तहत आदिवासी परिवारों की आमदनी में बढ़ोतरी करने का लक्ष्य रखा गया है।आमतौर पर वन उपज पर आधारित परिवार प्रतिदिन 60 से डेढ़ सौ रुपए की आमदनी करते थे। मॉडल टूल्स के माध्यम से इस आमदनी को प्रतिदिन 300 रुपए तक करने का लक्ष्य रखा गया है। मॉडल टूल्स के माध्यम से ग्रामीणों को वन उपज को सहेजने में आसानी होगी।

### होगा ओपन डाउट सेशन का आयोजन

# डीसी ने की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डन के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी वार्डन से प्रतिदिन उनका अटेंडेंस रिपोर्ट लेने हेतु निर्देश दिया साथ ही विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, बिजली, पानी, बेंच, कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बात कही ।.उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए यह सभी वार्डन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी निरीक्षण हेतु जाएं तो भी उस स्थिति में शिक्षिकाएं पढ़ाई को बाधित नहीं करें यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसी



परिस्थिति में कक्षा के बाद उनको एंटरटेन किया जाना चाहिए। उन्होंने कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत बालिकाओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। इस दौरान कई वार्डन ने कहा कि जब बालिकाओं का स्वास्थ्य खराब होता है तो कई बालिकाएं विद्यालय से अपने घर को चली जाती है, इसपर उपायुक्त ने मेडिकल टीम से सभी का जांच करवाने पर बल दिया। उन्होंने पाठ्यक्रम को ससमय पूर्ण कराने पर भी बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में सभी विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी बालिकाओं संग संवाद कर पढ़ाई से संबंधित उनके डाउट्स को क्लियर करने का प्रयास करेंगे। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को समन्वय बनाते हुए कार्य करने को निर्देशित किया।उन्होंने सभी वार्डन को विद्यालयों में उच्चतम साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कई अन्य निर्देश दिए।मौके पर उप उप विकास आयुक्त रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक टीम स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जाकर उन सभी बच्चों को पुरस्कृत और सम्मानित किया, जिन्होंने कारगिल विजय दिवस समारोह के दिन 26 जुलाई 2023 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में देशभगित से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था।मौके पर उपस्थित महा सचिव दिनेश गुप्ता ने सभी बच्चों,संगीत शिक्षक अंजनी जी, और स्कूल प्रबंधन को इस प्रस्तुति के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव दिनेश गुप्ता के अलावा कोषाध्यक्ष श्रीमान दयाशंकर शर्मा, सचिव श्रीमान समता प्रसाद शर्मा और पेंशन अधिकारी श्रीमान कामाख्या नारायण सिंह शामिल थे।

## निवर्तमान सिविल सर्जन की विदाई व नये का स्वागत

**मेदिनीनगर।** निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह के दूसरे जगह पर स्थानांतरण होने पर गुरुवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में विदाई शह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग व जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से किया गया। सबसे पहले निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर विदाई किया गया। वहीं नए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डीपीएम दीपक कुमार ने सदर अस्पताल के निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में गरीब और असहाय लोगों का काफी मदद हुआ है और लोग इनके कार्यकाल से काफी खुश थे। सदर अस्पताल के नए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने निवर्तमान सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह के किए गए कार्यों की सराहना की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कई वक्ताओं ने कहा की दिन के बाद रात और रात के बाद दिन जैसे प्रकृति का विधान है। वैसे ही जिस सेवा में कोई आदमी अपना योगदान देता है तो सेवानिवृति की तिथि उसी दिन तय हो जाती है।

## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज ने उपायुक्त का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** झारखड़ पेंशनर कल्याण समाज की पलामू इकाई ने सचिव किशोरी जयसवाल और अध्यक्ष रामचंद्र राम की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल जिले के नए उपायुक्त शशि रंजन को बुके देकर स्वागत किया।और जुले में विकास कार्य तेजी से कराने की अपील किया। तथा पेंशनर समाज की समस्याओं से अवगत कराया। श्री जयसवाल ने उपायुक्त को शहर की कई महत्व समस्याओं के बारे में जानकारी दीजिए। उन्होंने उपायुक्त श्री रंजन को पेंशनरों की समस्याओं से संबंधित छह सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद पेंशनरों के बकाया का भुगतान कराने, सुनारों की समस्या समाधान करते हैं नोडल अधिकारी प्रतिनियुक्त करने, अंचल कार्यालय में व्यायपात भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, प्रत्येक माह में एक दिन स्वास्थ्य शिविर लगाकर पेंशनरों की जांच कराने, सहित कई मांग शामिल हे।इस मौके पर मथुरा गांव अवधेश कुमार, राम रेखा सिंह, शामिल थे।

## यातायात व्यवस्था सुधारने की बसपा ने की मांग

मेदिनीनगर। बसपा के जिला अध्यक्ष, अजय कुमार भारती एवं बसपा पलामू लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र के विनोद कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्रों में जानलेवा विद्युत पोल,टेलीफोन पोल एवं सड़क पर पेड़ होने के वजह से लगातार दुर्घटना हो रही है और भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बनी हुई है। परन्तु संबंधित विभाग के लोग चैन की नींद सो रहे हैं । दो दिन पूर्व थाना से सटा बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। संजोग कहिए की रोड पर उस वक्त पेड़ के चपेट में लोग नहीं आए, नहीं तो दर्जनों लोग काल के गाल में समा जाते । संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से आग्रह है कि रोड से सटे एवं बीच में आए पेड़,विद्युत पोल, एवं टेलीफोन पोल को अतिशीघ्र घटाने का दवाई किया जाए। आज तारीख के बाद किसी तरह के घटना या दुर्घटना होगी इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी एवं शहर में डिवाइडर लगने से यातायात सुगम हो गई है। लेकिन रोड साइड में अतिक्रमण किया गया है। उसे भी जिला प्रशासन को अतिशीघ्र हटाने चाहिए।

## राजा चौबे ने परशुराम मंदिर निर्माण पर रिलीज किया गाना

**मेदिनीनगर।** परशुराम मंदिर निर्माण पर पलामू के उभरते कलाकार ऋतिक चौबे उर्फ ऋतिक राजा ने गाना गाया है। ये गाना काफी तेजी से वायरल हो रहा है। 3 मिनट 38 सेकंड के इस गाने को बिहार में कंपोज किया गया है। वहीं गाने की शूटिंग पलामू में परशुराम मंदिर निर्माण स्थल पर की गई है। इस गाने को पलामू के रहने वाले 21 वर्षीय ऋतिक चौबे ने खुद लिखा है। गाना को रिलीज हुए दो दिन हुआ है। ऋतिक चौबे ने बताया कि गाना रिलीज होने के बाद से पॉपुलैरिटी बटोरने लगी है।

मुकाम

## बेतला रेंज में इको विकास समिति रबदी की अलग पहचान

# सीएम हेमंत ने किया अध्यक्ष विरेन्द्र को सम्मानित

### रबदी इको विकास समिति ने वन्यजीवों के शिकार पर काफी सफल रोक लगा रखी है : उपनिदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला रेंज में इको विकास समिति रबदी ने अपना एक खास मुकाम बनाया है। इस ईको विकास समिति के अध्यक्ष विरेंद्र सिंह हैं। इनकी एक टोली है। इस इको विकास समिति में लगभग एक दर्जन ग्रामीण हैं। उपनिदेशक उत्तरी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व पी.के जेना ने प्रेस को बताया कि रबदी इको विकास समिति को अभी हाल के दिनों में 5001 रुपए का चेक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रदान किया गया। जेना ने यह भी कहा कि यह सम्मान मिलना गौरव की बात है। एक सवाल के जवाब में श्री जेना ने कहा कि रबदी इको



विकास समिति ऐसा क्या किया है? जिससे यह इको विकास समिति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रशंसा पात्र बना। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि रबदी इको विकास समिति ने वन्यजीवों के शिकार पर काफी सफल रोक लगा रखा है। इस गांव में वन्यजीवों के शिकार पर काफी हद तक लगाम लग चुका है। रबदी ईको विकास समिति ने कई शिकारियों के मंसूबों को ना केवल विफल कराया बल्कि उन्हें कानून के हवाले करने में अहम भूमिका निभाई है। जेना ने कहा कि रबदी ईको विकास समिति में जंगल की आग को रोकने और बुझाने में पीटीआर प्रबंधन का बहुत बहुत सहयोग किया है इस समिति के लोग जान के बगैर परवाह किए जंगल की आग को बुझाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। मनुष्य और हाथी का टकराव एक गंभीर संघर्ष है इसे रबड़ी ईको विकास समिति में मनुष्य और वन जीव के टकराव ना होने देने के प्रति लोगों को जागरूक किया है। बेतला वन क्षेत्र की एक और बड़ी समस्या है यह समस्या सराय की है। बेतला नेशनल पार्क के इर्द-गिर्द में 8 गांव बसे हैं। इन गांवों के किसान अपने मवेशियों को जिसमें भैंस की संख्या सबसे ज्यादा होती है बेतला के जंगलों में छोड़ देते हैं। यह पालतू मवेशी उन घासों को खाते हैं जो वन्य प्राणियों के लिए है ये उस पानी को भी खूब पीते हैं जो वन्य प्राणियों के लिए है। रबदी ईको विकास समिति में इन प्रकार की चराई रोकने में अथक प्रयास किया है।

## भाजयुमो ने हेमंत सरकार के खिलाफ दिया धरना

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय के सामने राज्य की हेमंत सोरेन की ठग बंधन सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना का आयोजन जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे के नेतृत्व में किया गया। धरना को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि चुनाव के पहले किया गया सारे वादे चुनावी जुमला बन कर रह गए। राज्य भ्रष्टाचार और अपराध का चारागाह बनते जा रहा है राज्य सरकार के नेतृत्व में सरकारी पदाधिकारी रोज भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। पूरे राज्य में इस सरकार के खिलाफ आक्रोश का माहौल है चारों भय ,भूख भ्रष्टाचार ,उग्रवाद ,अपराध ,हत्या, बलात्कार की घटनाएँ इस राज्य में घटित हो रही है।

## भाजयुमो ने जिला मुख्यालय पर दिया महाधरना

# झामुमो सरकार ने रोजगार देने के नाम पर युवाओं को ठगा: भाजयुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विषय प्रवेश कराते हैं भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगने का काम किया है अबतक नियोजन नीति स्थानीय नीति बनाने में हेमंत सरकार फेल साबित हो चुकी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में युवा त्रस्त मंत्री विधायक मस्त। युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है झामुमो सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है गढ़वा जिले से युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है।




प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं जनता त्राहि त्राहि कर रही है झामुमो सरकार ने जनहित में एक भी योजना नहीं बनाया झामुमो सरकार सिर्फ पोस्टर मास्टर बन चुकी है लेकिन वर्तमान में सत्तासीन झामुमो का चाल चरित्र जनता देख रही है आनेवाले दिनों में झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता संकल्प ले चुकी है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक गढ़वा का विकास नहीं बल्कि विनाश कर रहे हैं।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि झामुमो सरकार नियोजन नीति स्थानीय नीति बनाने के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है जनता के समस्या से झामुमो के लोगों को कोई मतलब नहीं है बिजली कटौती मामले में झामुमो के जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं आयुष्मान भारत योजना जिला में बंद है इससे गरीब जनता का इलाज नहीं हो रहा है। झामुमो विधायक मंत्री मौन है वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है चारों तरफ लुट मचा हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में मुख्य रूप से भाजपा नेता मुरली श्याम तिवारी बिनोद तिवारी उदय कुशवाहा संजीत तिवारी राजीव रंजन पासवान मनोज पाठक लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी अरविंद धर दूबे नवीन जायसवाल ओमप्रकाश पासवान भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी प्रिंस तिवारी शिवनारायण चंद्रा खुर्शीद आलम रामसरेश तिवारी आयुष दुबे प्रताप जायसवाल ज्ञान रंजन चौबे हरेंद्र तिवारी ब्रजेश धर दुबे भीम खान बिपिन तिवारी सुजीत ठाकुर सुभाष दीक्षित कंचन पाण्डेय जुगुल दुबे विश्वनाथ राम अरविंद उपाध्याय मनौवर खान चंदन मेहता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# पत्नी के साथ विवाद के बाद व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले के धुरकी गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर कोरबा का पुत्र रमेश कोरबा 40 वर्ष में कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रमेश कोरबा अपने पत्नी के साथ रुड़की बाजार स्थित अपने ससुराल में ही रहता था। पत्नी ने बुधवार की शाम रमेश कोरबा को अपने बच्चों को इलाज कराने के लिए कहा था, जिसके बाद रमेश कोरबा शराब पीकर आपस में विवाद करने लगा। पत्नी के साथ मारपीट कर उसने चूहा मारने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रमेश कोरबा की मां, उसकी पत्नी ने उसे धुरकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नगर उंटारी अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के छोटे-छोटे चार बच्चे हैं।

### घरेलू विवाद में किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के रंका बोलिया गांव निवासी उमाकांत तिवारी का पुत्र सलेश तिवारी ने बुधवार की रात्रि जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि सलेश तिवारी को घरेलू किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ था। इसी बात से आक्रोशित होकर जहर खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### पत्नी से विवाद पर युवक ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव निवासी गुलजार अंसारी कापुत्र फुजैल अंसारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में गुलजार अंसारी ने बताया कि फुजैल अंसारी की पत्नी गर्भवती है। उसे इलाज कराने के लिए कह रहा था लेकिन उसकी पत्नी ने इलाज कराने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में विवाद हो गया। इसके बाद फुजैल अंसारी ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक से गिर महिला घायल, उपचाराधीन

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव रोड में मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर नीतू कुमारी पति कमलेश राम घायल हो गई। वह खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी गांव की रहनेवाली है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि नीतू कुमारी अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने भाई सूरज कुमार पिता ब्रह्मदेव राम के साथ बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित मायका जा रही थी। इस दौरान दलेली गांव के समीप वह चलते हुए मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गई। उसके सिर में चोट लगी है।

### सीएचसी में डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की मांग

**भवनाथपुर।** जला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों को प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। शर्मा ने मांग पत्र में उल्लेख किया है कि सीएचसी में 15 चिकित्सक के पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में सरकार की अधिसूचना के द्वारा चिकित्सक का स्थानांतरण से एक भी चिकित्सक नहीं बच्चा है, जबकि तीन लाख की आबादी भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। ऐसे स्थिति में प्रतिनियुक्ति क्षेत्र के जन हित में आवश्यक है।

# तीसरी बार फैजान के घर पर चिपकाया गया इश्तेहार





**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा (गढवा)**
अरगोड़ा थाना पुलिस ने चिटफंड के मामले में छह वर्षों से फरार चल रहा विशुनपुरा निवासी फैजान अंसारी पिता उष्मान अंसारी के मकान पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस की गिरफ्त से छह वर्षों से फरार आरोपी फैजान अंसारी पर झारखंड के विभिन्न थानों में अरबो रु की ठगी का मामला दर्ज है।

केस अनुसंधान कर्ता अरगोड़ा थाना एएसआई सुबोध कुमार ने बताया कि अरगोड़ा थाना कांड संख्या 202/16 धारा 406, 420 भादवी आईपीसी के तहत प्राथमिकी अभियुक्त फैजान अंसारी के ऊपर मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि फैजान अंसारी ने अपने सहयोगी शहाबुदीन अंसारी, नजरुल मिया, हशीना बीबी के साथ मिल कर चिटफंड आयाम मल्टी ट्रेड कम्पनी के नाम पर लोगों से 3 वर्षों में पैसे को दोगुना कर देने के नाम पर पैसा जमा करवाता था। उन्होंने बताया कि आरोपी कंपनी के नाम पर असहाय गरीब लोगों से लगभग 22 लाख रुपये की ठगी कर फरार है। अरगोड़ा थाना में राजू गुप्ता के द्वारा 22 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त फैजान अंसारी के ऊपर राज्य के विभिन्न थानों में चिटफंड में अरबों रुपये की ठगी कर लेने की मामले दर्ज है।

मालूम हो कि चिटफंड के मामले में ही 6 माह पूर्व रामगढ़ एवं बरियातु पुलिस के द्वारा फैजान अंसारी के मकान पर इश्तेहार चिपकाया गया था। उसके बाद मकान की कुर्की भी की गई थी। अरबो रुपये की ठगी कर फरार आरोपी फैजान अंसारी को झारखंड के रामगढ़, बरियातु एवं अरगोड़ा थाना के पुलिस गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**माझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गहिडी के स्थानिय निवासी पारस कुशवाहा के लगभग 19 वर्षीय पुत्र राजा कुशवाहा को प्रेम प्रसंग के मामले में माझिआंव थाना कांड संख्या 75/23 धारा 363/366/506/34 भादवी के प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त तो वहीं दूसरा अभियुक्त अलग मामले में माझिआंव थाना कांड संख्या 91/23 धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 324/307/379/448/504/506 भादवी के प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त थाना क्षेत्र ग्राम तलशबरिया के स्थानीय निवाशी अजीम खान के पुत्र ताजूद्दीन उर्फ अब्दुल खान दोनों अभियुक्त को अलग-अलग मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पोखरा की रूपरेखा बदल छठ घाट बनाने का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। मंझिआंव**
नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 9 ग्रामर में स्थित पोखरा जो सिंचाई के लिए वर्षों से उपयोग में होता आया है तथा लगभग 42 एकड़ भूमि उससे सिंचित होती है की रूपरेखा बदलकर छठ घाट बनाने के दुष्परिणाम को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए छठ घाट के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर यहां के लोगों द्वारा विरोध पहले भी किया गया था तथा कार्यपालक पदाधिकारी को दो बार आवेदन भी दिया जा चुका है, परंतु अभी तक न तो निर्माण कार्य रुका और न ही कोई प्रतिवेदन आया, जिससे अजीज होकर ग्रामीणों के प्रयास और विरोध से निर्माण कार्य को रोका गया।



ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अपने एवं संवेदक के व्यक्तिगत लाभ के लिए उक्त कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है जो जनहित में नहीं है तथा तुरंत इस कार्य में हस्तक्षेप कर निरस्त करने की मांग की। साथ ही वहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने पोखरा के सीमांकन को लेकर भी आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के राजिंद्र पांडे के द्वारा पोखरा का जमीन का अतिक्रमण कर रोड का जमीन पोखरा में डलवा दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि अगर हमें यहां के स्थानीय पदाधिकारी से न्याय नहीं मिलता है तो हम सभी ग्रामीण हाई कोर्ट तक में भी अपील करेंगे।

# बरवाडीह मुखिया ने मृतक के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए किया सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह मुखिया पम्मी देवी के द्वारा गुरुवार को शिगसिगा कला गांव निवासी जीतू भूइया की बेटी के श्राद्ध कार्य के लिए परिजनों को 50 किलो आटा, 1 टीन रिफाइन तेल व 5000 की नकद राशि देकर सहयोग किया गया है। उक्त संदर्भ में जानकारी देते हुए पंचायत के उप मुखीया मंदीप यादव ने बताया कि शिगसीगा कला गांव निवासी जीतू भूइयां की बेटी की मौत पिछले हफ्ते हो गई थी। इस मौके पर झामुमो युवा पंचायत अध्यक्ष मुना यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुख्तार अंसारी, उमेश यादव, नीरज पासवान, कुलदीप यादव, अनिल यादव, अंगद यादव, वार्ड सदस्य नितेश सिंह, अजय यादव आदि लोग उपस्थित थे।



# लंबे इंतेजार के बाद हुई बारिश, अंचल में धान रोपाई का कार्य शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
मानसून की बारिश नहीं होने से महुआडांड़ के परेशान किसानों को मंगलवार से बुधवार तक रूक-रूक कर हुई झमाझम बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई। धान बीज बुआई कर चुके किसान पानी नहीं बरसने से बेहद चिंतित थे। देर से ही सही हुई बारिश ने किसानों की थोड़ी चिंता दूर कर दी हैं। किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। इस साल मानसून शुरू होने से लेकर अब तक बारिश रुकी हुई थी। किसान खरीफ सीजन की फसल धान एवं मकई और बदाम लगाकर बेहद चिंतित थे। किसान के सामने फसल खराब होने का खतरा मंडरा था, लेकिन दो दिन तक हुई बारिश ने किसानों की सारी चिंताओं को दूर कर दिया।



अंचल महुआडांड़ के धान खेत में पानी लबालब हैं, कल जो खेत सूखे थे, वह झरने का रूप ले चुके हैं। गुरुवार को मौसम खुलने के बाद धान रोपाई के कार्यों में तेजी आ गई. वहीं गुरुवार सप्ताहिक बाजार होने के बाद भी बाजार में ग्रामीणों की भीड़ नजर नहीं आई। खाद दुकान में भारी भीड़ नजर आई। महुआडांड़ ज्यादातर किसान पूरे साल में एक बार केवल धान खेती करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश खूब होने पर उन्हें धान की फसल लगाने में काफी मदद मिली। खेतों में बारिश का पानी भर जाने पर धान रोपाई शुरू कर दी गई। किसानों का कहना है कि 15 अगस्त तक महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में सभी किसान धान रोपाई कर लेते थे, लेकिन पिछले 3-4 साल से क्षेत्र में बारिश पिछड़ गई है और किसान पुराने समय पर चल रहे हैं। इसी कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। इस बार जिस तरह से बारिश का क्रम चला। धान फसल के लिए यह काफी नहीं है। बदाम और मकई के लिए बेहतर हैं। उम्मीद है अगर बाद में और बारिश हो तो धान की फसल अच्छी होगी।

## धर्म-कर्म

### श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में बोले जीयर स्वामी

# कर्मों के अनुसार भोगना पड़ता है दंड

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अलग-अलग कर्मों के अनुसार अलग-अलग दंड भोगना पड़ता है। जैसा जीव अपराध करता है, कर्म करता है, उसके अनुसार उस उस तरीके से दंड दिया जाता है। दंड का प्रावधान किया जाता है। यदि हमारे द्वारा अपचार हो जाए, अपराध हो जाए तो समय रहते उसका प्रायश्चित कर लें। यदि प्रायश्चित नहीं करते हैं तो बाद में उस पाप का, अपराध का दंड भोगना पड़ता है। वहीं व्यक्ति अपने जीवन में दंड का अपचार हो गया, अगर उस व्यक्ति ने मार्जन नहीं किया तो नरक में जाता है।



उक्त बातें प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि दक्षिण दिशा की ओर घर का दरवाजा नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि दक्षिण दिशा की ओर ही नरक है। प्रायः लोग दक्षिण दिशा की ओर मुख्य दरवाजा नहीं रखते हैं। जिनके पास जमीन कम है, मजबूरी है कि दरवाजा दक्षिण की ओर ही रखेंगे वह परमात्मा का नाम लेकर ही आते जाते हैं। नहीं चाहने के बाद भी मच्छर जैसे जीव मार दिए जाते हैं उनका प्रायश्चित हो जाता है। हमारे द्वारा मक्खी, खटमल, मच्छर, नहीं चाहते हुए भी मार दिए जाते हैं, पाप हो जाता है, हमारा उद्देश्य उनको मारने में नहीं था, परेशान करने में नहीं था। खेती कर रहे हैं। अनेक प्रकार के जीव को नहीं चाहते हुए भी मार दिया जाता है। ऐसे पापों का प्रायश्चित ऊपर हो जायेगा। पराये धन का हरण करने वाला व्यक्ति को मिलता है तामिस नरक। जो व्यक्ति पुरुष या स्त्री पराये समझा करके, दिग्भ्रमित करके पराये धन का, पराया पुरुष, स्त्री का हरण करता है ऐसे लोगों को तामिस नामक नरक मिलता है। इस नरक में ऐसे लोगों को काल पास में बांधकर इस नरक में ले जाया जाता है। एक शरीर होता है भोग शरीर, एक होता है सुक्ष्म शरीर, एक होता है स्थुल शरीर, एक होता है पंचभौतिक शरीर। पंच भौतिक शरीर ही समाप्त होता है।

### मन का मिलन कार्यक्रम को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**मयूरहंड(चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले गुरुवार को प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा वाजपेयी के निर्देशानुसार मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के चौरीया में पीएलभी द्वारा मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को मन का मिलन विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पीएलभी दयानंद कुमार मिश्रा एवं मुजाहीर हुसैन ने बताया की 1 जुलाई से 30 सितंबर तक व्यवहार न्यायालय चतरा में आयोजित विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम में उपस्थित होकर आप मेंटेनेस,चेक बाउंस, सड़क दुर्घटना, वन अधिनियम, बैंक ऋण के अलावा अन्य विविध मामले को मध्यस्थता कार्यक्रम के तहत निपटारा करा सकते हैं।

# प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने ली अंग दान की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा(चतरा)**
प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को अंगदान प्रतिज्ञा को लेकर प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों ने शपथ ली। इस दौरान सभी ने शपथ लिया की अपने ऐसे अंगो और ऊतकों को जिनका उपयोग मेरी मृत्यु के पश्चात किसी को नया जीवन देने के लिए किया जा सकता है दान करूंगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी शपथ लिया की देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और ऊतकों की कमी को देखते हुए हम सब यह प्रतिज्ञा कर रहे हैं कि अपने परिवार एवं मित्रों और देशवासियों को भी अपने एवं उत्तक दान करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर बीडीओ मोनी कुमारी ने सभी को शपथ दिलाई। इस दौरान बीडीओ, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव, बीपीओ राजेश्वर कुमार, कर्मचारी गोविंद कुमार लाल के अलावा सभी कर्मी मौजूद थे।

### बारिश से गिरे घर की मरम्मत कराने की मांग

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर पंचायत में पहली बारिश में अनूप कुमार का घर गिर गया है। सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार सोनी ने अनूप कुमार के गिरे हुए घर का निरीक्षण करते हुए प्रखंड प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने और जर्जर आवास की मरम्मत करवाने की मांग की है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि अनूप कुमार अत्यंत निर्धन परिवार से आते हैं। घर गिर जाने से वह पूरी तरह बेघर हो गए हैं। अनूप ने भी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने एवं गिरे हुए मकान की मरम्मत करवाने की मांग की है।



### भाजयुमो के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बोले जिला अध्यक्ष

# प्रदेश में जो सरकार बैठी है वह गूंगी-बहरी है: भाजयुमो

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला मुख्यालय स्थित नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष दिन बृहस्पतिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा की अध्यक्षता में हेमंत सोरेन की कथित युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मंच का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह ने किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह ने कहा कि आज जो राज्य में सरकार बैठी है वह बिल्कुल गूंगी और बहरी सरकार है। इनके राज में लगातार भ्रष्टाचार, चोरी, डकैती, बलात्कार जैसी घटना आए दिन देखने को मिल रही है। युवाओं के लिए और यहां के मूल वासियों के लिए ना अभी तक स्थानीय नीति बना सकी है ना नियोजन नीति बना सकी है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार ने कहा कि हाल ही में हेमंत सोरेन की सरकार ने शिक्षक नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। इस परीक्षा में झारखंड टीईटी उत्तीर्ण उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं, परंतु यह दुर्भाग्य है कि झारखंड में 2016 के बाद टेट की परीक्षा का आयोजन ही नहीं हुआ है। कार्यक्रम के उपरांत डीसी को लिखित आवेदन राज्यपाल के नाम पर सौंपा गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह, भाजपा जिला मंत्री ध्रुव पांडे, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति मुकेश पांडे, आशुतोष सिंह चेरो, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार, भाजयुमो मंत्री अजय प्रसाद, भाजपा बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा लातेहार नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार निक्कू, भाजपा लातेहार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला मंत्री अजय प्रसाद, जिला आईटी सेल प्रभारी अजय सोनी, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, राजीव रंजन पांडे, बाजीबो बरवाडीह मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, भाजयुमो लातेहार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बिट्टू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।




### मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए अंसारी



**बालूमाथ।** मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष के पद पर बालूमाथ के मो इसराफिल अंसारी को मनोनीत किया जाता है। इस संबंध में गुरुवार को मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने अपने हस्ताक्षर से मनोनयन पत्र जारी किया है। जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर इसराइल अंसारी ने कहा कि पसमांदा मुसलमानों की समस्याएं आजादी के 76 वर्ष के बाद भी यथावत है। मेरा पूर्ण प्रयास होगा की पसमांदा मुसलमानों की बेहतरी के लिए अपना हर संभव प्रयास करूं। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला मे पसमांदा मुसलमानों की बहुलता है। ज्यादातर इस वर्ग के मुसलमान बुनियादी जरूरतों को बहुत ही मुश्किलों से पूरा कर पाते हैं। लातेहार जिले में बुनकरों का एक बड़ा वर्ग है सुविधा के अभाव में यह वर्ग संघर्ष कर रहा है। इन समस्याओं का समाधान कर इस वर्ग के उत्थान के लिए बहुत कुछ किए जाने की संभावना है। बालूमाथ के अनेक गणमान्य लोगों ने अंसारी को बधाई देते हुए मोमिन कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पसमांदा मुसलमानों के उत्थान के लिए बेहतर करने की उम्मीद की है।

# शिवकुमार तुरी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार; भेजे जेल

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**
पुलिस ने कुंदा थाना क्षेत्र के करलिगडवा निवासी शिवकुमार तुरी ब्लाइंड हत्याकांड का उद्भेदन करते हुये दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसडीपीओ सिमरिया अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि शिवकुमार तुरी का शव संदेहास्पद स्थिति में 28 जुलाई को गांव के समीप जंगल परसाटांड से पुलिस ने बरामद होने के बाद की पुलीस मामला दर्ज करते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच प्रारंभ कर दी थी और मामले का उद्भेदन करते हुए थाना क्षेत्र के कोढास निवासी 26 वर्षीय कारू गंझु उर्फ अनिल गंझु पिता कोला गंझु व गारो निवासी 22वर्षीय जानकी कुमार पिता सुदामा गंझु को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त हत्याकांड मामले में अपनी संलिप्तता होने की बात स्वीकार की है। साथ ही दोनों की निशानदेही पर मृतक से छीना हुआ 195000 (एक लाख पंचानबे हजार) रुपये, सैमसंग कंपनी स्मार्टफोन व हत्या में प्रयुक्त कारू का सफेद अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है। छापामारी अभियान में एसडीपीओ के साथ थाना प्रभारी कौशल सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मोतीराम देवगन, पुरुषोत्तम लागुरी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# आम्रपाली में तीसरे दिन भी थमा रहा ट्रकों का पहिया

### 30 हजार टन कोल डिस्पैच प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना में कोल परिवहन में पांच प्रतिशत अतिरिक्त भाड़ा वृद्धि व नगद भाड़ा के भुगतान को लेकर विस्थापित-प्रभावित ट्रक वाहन मालिक संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान एक नंबर बैरियर से कोल परिवहन करने वाले लगभग 350 ट्रकों को वाहन मालिक परियोजना क्षेत्र से बाहर ले गए जिससे गेट के समीप पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों के हड़ताल में रोड सेल का लगभग 30 हजार टन कोयले का डिस्पैच नहीं हो सका है।

संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि निर्णायक वार्ता होने तक आंदोलन जारी रहेगा। आगे उन्होंने बताया कि कई छिटपुट ट्रांसपोर्टर वार्ता करने में अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दूसरी ओर अधिकांशतः राजनीतिक दलों व जनप्रतिनिधियों ने भी आंदोलन को अपना समर्थन देकर संघ का मनोबल बढाया है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में आंदोलन और भी तीव्र तथा धारदार रुप ले सकता है।



### एनएमएल ने जीती कोल ब्लॉक की बोली

**टंडवा।** एनटीपीसी पावर लिमिटेड के अधीनस्थ सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने सफलता हासिल करते हुए कोयला मंत्रालय से कोल ब्लॉक नीलामी में धनबाद जिले के उत्तरी धादू (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए बोली जीत ली है। एनटीपीसी प्रबंधन की ओर से बताया गया कि कठोर प्रयासों के कारण एनएमएल ने उक्त कोयला ब्लॉक से परियोजना को विकसित करने और उत्खनन करने का अधिकार अपना सुरक्षित कर लिया है। जिसमें 439 मिलियन टन का भंडार वाले परियोजना का अधिकतम क्षमता 4 मिलियन टन प्रति वर्ष है। यह एनएमएल की पहली व्यावसायिक कोयला खदान होगी। जिससे भारत में ऊर्जा सुरक्षा के जरूरतों को काफी हद तक पूरा कर सकेगा।

### कैंप में 26 दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच उपकरण बांटे गये



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, शिक्षा विभाग के सीआरपी प्रकाश यादव, संजीव कुमार, डॉ धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं 26 दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, स्लीपर-शू, बैसाखी, ईयररिंग, वाकर, एल्बो क्लच, ब्लाइंड स्टिक सहित अन्य उपकरण बांटे गये। प्रकाश यादव ने बताया कि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत तीन वर्ष से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को उक्त किट उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा विद्यार्थियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गयी। मौके पर डॉ. महाराणा कुमार, गौतम पांडेय, रंजन कुमार, शिक्षा विभाग से अविनाश राम, अशोक सिंह, जगदीश उरांव, प्रेम जिवनधर लकड़ा, मोहन यादव, अजय उरांव, जयप्रकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक तंगी व दो पत्नियों से परेशान हो की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड पंचायत गोडियारी टोला में बीते रात्रि एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक यवक की पहचान केड पंचायत के 30 वर्षीय मुन्ना भुइयां पिता स्व0 पातो भुइंया के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार मुन्ना भुइयां का शव घर से कुछ दूरी पर जंगल मे पेड़ पर गमछा के सहारे फांसी पर लटका पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की दो पत्नियां थीं। घर में अक्सर इसी बात को लेकर विवाद होते रहता था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। इसके कारण भी घर में विवाद कायम रहता था, जिससे मुन्ना भुइंया हमेशा तनाव में रहता था। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिलने पर अहले सुबह थाना प्रभारी अभिषेक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का ही मामला लगता है लेकिन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया।



# बढ़ रही आई फ्लू मरीजों की संख्या

### अस्पताल आने वाले 100 मरीजों में 25 आई फ्लू से प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले में इन दिनों आई फ्लू का प्रकोप बढ़ गया है। यह बीमारी घर-घर तक पहुंच चुका है। इसका अंदाजा महज इसी से लगा सकते हैं कि उपचार के लिए सदर अस्पताल आने वाले मरीजों में 100 में 25 मरीज आई फ्लू से प्रभावित पाए जाते हैं।

इस बीमारी से प्रभावित लोगों की आंखें लाल होने के साथ उसमें चुभन और आंख से पानी आने की समस्या अधिक देखी जाती है। इसका सदर अस्पताल में सफल उपचार किए जाने के साथ इससे बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे बचने के लिए उन्होंने लोगों को साफ सफाई पर अत्यधिक ध्यान देने अगर कोई व्यक्ति आई फ्लू से ग्रसित है तो उससे दूरी बनाकर रखने और हो सके तो चश्मे का उपयोग करने की सलाह दे रहे हैं। साफ और स्वच्छ कपड़ा पहनने और आई ड्रॉप के साथ मेडिसिन लेने की सलाह भी दे रहे हैं। बताया कि यह बीमारी मौसमी है जो एक सप्ताह के अंदर खुद ब खुद ठीक हो जाती है।



# हाईवा ओनर एसो. की डीसी से गुहार

### तूवेद कोल परियोजना में स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालूमाथ लातेहार हाईवा ओनर एसोसिएशन के एक डेलिगेशन ने गुरुवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सामने नव पदस्थापित उपायुक्त को बुके देकर स्वागत किया।

ज्ञापन में बताया गया है कि लातेहार जिला अंतर्गत डीवीसी कंपनी द्वारा संचालित तूवेद कोल परियोजना से अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड एवं एक अन्य कंपनी के द्वारा तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही रेलवे साइडिंग में कोयला परिवहन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें लातेहार जिले से बाहर के वाहनों को लगाकर परिवहन कार्य किया जा रहा है, जबकि स्थानीय वाहन लगभग 500 की संख्या में हैं जो काफी दिनों से खड़े हैं। कुछ वाहन मालिक अपनी गाड़ियों को दूसरे राज्यों में भेज कर चलाने को मजबूर हैं जिससे स्थानीय वाहन मालिकों के अंदर व्यापक रोष व्याप्त है। साथ ही लातेहार जिला एवं झारखंड राज्य के राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है। एसोसिएशन ने तू भेद खोल परियोजना में स्थानीय वाहन को परिवहन कार्य में प्राथमिकता देने एवं भाड़ा निर्धारित करने की उपायुक्त से मांग की है। मौके पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया है। बता दें कि हाईवा एसोसिएशन ने राज्य के मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, तूबेद कोल परियोजना महाप्रबंधक, लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ, अंचलाधिकारी बालूमाथ, थाना प्रभारी बालूमाथ, आदि को प्रतिलिपि सूचना प्रेषित की गई है।




# कांवड़िया सेवा दल 7 को होगा बाबा नगरी रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम, लातेहार की ओर से इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन अवसर पर निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत लातेहार श्री राम टेंट हाउस परिसर से आगामी 7 अगस्त को बाबा भोलेनाथ के जयकारे के साथ करीब 100 सेवक के साथ जत्था देवघर के बाबा नगरी के लिए रवाना होगा। सेवा संस्थान के संयोजक समाजसेवी रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा शिविर 10 अगस्त से आरंभ होकर अनवरत 29 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसमें कांवड़ियों की सेवा सुबह 5 बजे से आरंभ हो जाती है। सुबह 9 से 11 बजे तक प्रतिदिन संगीतमय सुंदर कांड पाठ रामकथा मंडली के द्वारा एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रामचरित मानस का संगीतमय पाठ, शाम 7 बजे से 10 बजे तक जागरण, शाम 6:30 बजे से महाआरती का आयोजन शिविर में होगा। प्रतिदिन 11 बजे से 3 बजे तक और शाम 7 बजे से 10 बजे तक लंगर एवं फलाहार की व्यवस्था भक्तों के लिए रहती है। 27 अगस्त को सेवा शिविर में ही रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। मौके पर आचार्य संतोष कुमार मिश्र, श्याम किशोर अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, पंडित मनीष मिश्र, गजेंद्र शौण्डिक, संजय तिवारी, दीपक अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।




# आरपीएफ के चार जवानों को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
आरपीएफ पोस्ट में सब इंस्पेक्टर के रूप में पदस्थापित आलोक आनंद समेत चार जवानों का स्थानांतरण किया गया है। कार्यक्रम आयोजित कर सभी जवानों को दी गई विदाई। आलोक आनंद सब इंस्पेक्टर का गोमो स्थानांतरण किया गया है। आरके मीणा हाजीपुर, सुरेश मीणा हजारीबाग रोड और ज्योति कुमार का हजारीबाग स्थानांतरण किया गया।

आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर, वरीय स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, कैरिज एंड वैगन के वरीय अनुभाग अभियंता सरोज सिंह, सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक पवन गुप्ता आदि लोगों ने सब इंस्पेक्टर आलोक आनंद के साथ-साथ आरपीएफ के चारों जवानों को पुष्पगुच्छ और माला पहनाने के साथ-साथ उपहार भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर आलोक आनंद ने कहा कि बरवाडीह हमारी पहली पदस्थापना थी जहां से सरकारी सेवा में बहुत कुछ सीखने के साथ-साथ जीवन में बहुत कुछ पाने का भी अवसर मिला, जिसके कारण यह पोस्ट पूरे जीवन मुझे और मेरे परिवार को याद रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग काफी मिलनसार हैं जिनका भरपूर सहयोग हम लोगों को मिला है। स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकारी सेवा में पदस्थापना, स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसके तहत बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सब इंस्पेक्टर सचिन ने कहा कि हमारे सहयोगी आलोक आनंद और जवानों के द्वारा मुझे बहुत ही भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इनकी कमी हम सभी को हमेशा महसूस होगी। मौके पर जे के यादव, नीतीश कुमार, लव कुमार, विनोद कुमार, फिरोज अहमद समेत काफी सख्या में लोग उपस्थित थे।



### शिकायत | वरिष्ठ पत्रकारों ने स्वघोषित पत्रकारों के खिलाफ दिया आवेदन

# फर्जी पत्रकारों पर होगी कारवाई : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
सोशल मीडिया साइट यथा यूट्यूब, वाटसप व फेसबुक के माध्यम से न्यूज चलाकर स्वघोषित कथित पत्रकारों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर गुरुवार को महुआडांड के वरिष्ठ पत्रकारों ने महुआडांड एसडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ व थाना प्रभारी को आवेदन देकर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में लिखा गया है कि महुआडांड प्रखंड एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां के लोग काफी सीधे व भोले भाले हैं। इसका नाजायज फायदा उठाकर लगभग आधा दर्जन असमाजिक तत्व के लोग सोशल मीडिया साइट यथा यूट्यूब, वाट्सएप व फेसबुक के माध्यम से न्यूज चलाकर अपने आप को पत्रकार बताकर लोगों को बरगलाकर एव दिग्भ्रमित कर लोगों से खुलेआम पत्रकारिता के नाम पर पैसे वसूलने का कार्य कर रहे हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महुआडांड में यूट्यूब चैनल एवं वाट्सएप पत्रकारों की भरमार हो जाती है। ये लोग विज्ञापन के नाम पर लोगों से चंदे की राशि लेने ग्रुप बनाकर निकल पड़ते हैं एवं पत्रकारिता का धौंस दिखाकर एवं भयादोहन कर भारी-भरकम पैसा वसुलने का कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस बार भी ये कथित पत्रकार ग्रुप बनाकर लोगों को भयादोहन कर पैसा वसूलने का काम करते हैं।



#### क्या कहते हैं एसडीएम

एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने कहा कि फर्जी संस्थान के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर घूमने वाले फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई करने को लेकर वे पूर्व में भी थाने में पत्र प्रेषित कर फर्जी पत्रकारों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा है। शीघ्र फर्जी संस्थान व पत्रकारों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

#### क्या कहते हैं एसडीपीओ

महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर से भी गुरुवार को महुआडांड के वरिष्ठ पत्रकारों ने मुलाकात की एवं फर्जी संस्थान का आईडी लेकर घूमने वाले फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस पर एसडीपीओ राजेश कुजूर ने कहा कि शीघ्र ही जाचोपरांत विधि सम्मत कारवाई करेंगे। फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई करने की मांग करने वालों में महुआडांड के वरिष्ठ पत्रकार देवनीश लिली मुंजनी, तनवीर अहमद, वशीम अख्तर, सहजाद आलम, मो. रूषतम एवं देवानन्द प्रसाद शामिल हैं। इन्होंने फर्जी संस्थान का आईडी लेकर घूमने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई की मांग की है।

### करंट की चपेट में आने से पशुधन की मौत

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 पर प्रखंड कार्यालय के समीप सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से एक पशुधन की मौत हो गई। गाय को करंट लगता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। इसके बाद विधुत आपूर्ति को बंद किया गया। जब तक बिजली आपूर्ति बंद कि जाती तब तक गाय की मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे गाय के मालिक देवीमंडप निवासी उपेंद्र यादव ने बताया कि उन्होंने उस गाय को अस्सी हजार रुपये में खरीदा था। अभी एक माह पूर्व ही उक्त गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया है। विधुत विभाग के लापरवाही के कारण ही उसकी गाय की मौत हुई है। उक्त गाय के ही दूध बेचकर ही हमारे परिवार का जीविकोपार्जन चलता था।

# ट्रेड यूनियन वर्करों ने केंद्र के खिलाफ निकाली रैली




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस में ट्रेड यूनियन के वर्करों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्जनों वर्करों ने हाथ में झंडा लिए नेशनल कॉल ऑर्गेनाइजेशन एंपलाई एसोसिएशन का बैनर लगाकर मगध रेस्ट सेल्टर से पीओ ऑफिस पर जा पहुंची। मौके पर शैलेश कुमार सीआई टू झारखंड सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी कानून लाई है। सरकार द्वारा लाई गई इन एमपी मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को गलत बतलाया, चुनाव के वक्त करोड़ों लोगों को नौकरी देने की वादा कर आज केंद्र सरकार खदान को निजी हाथों में दे रही है, जिसका लोगों ने एक स्वर में विरोध किया और आगामी 10 अगस्त को रांची में धरना देने की बात कही गई।

### भाजयुमो ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

## 'आदिवासियों को कमजोर न समझे हेमंत सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटीईटी झारखंड के मेधावी आदिवासी-मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग को लेकर भाजयुमो लोहरदगा ने झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सजल कुमार के अध्यक्षता में हुई।



मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी समुदाय को कमजोर समझने की भूल न करे। झारखंड सरकार लगातार युवाओं के साथ धोखा करती आ रही है । सरकार में आने से पूर्व हेमंत सोरेन ने 500000 नौकरी का वादा किया था पर सरकार में आते अपने वादे के खिलाफ काम कर रही है। आज तक या सरकारी का स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति तक नहीं बना पाई है। इसको विरोध में आज यह कार्यक्रम आयोजित की गई है जो सदन से लेकर सड़क तक की जा रही है। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, समेला भगत, निधि कांत, अजय पंकज, राकेश प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, कमलेश कुशवाहा, सरजू साहू, समेत अन्य शामिल थे।

## कुडू बाजार से फिर बाइक की हुई चोरी

**कुडू।** कुडू बाजार टांड स्थित साप्ताहिक हाट से चोर ने फिर एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को आवेदन देकर बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव निवासी सोमनाथ भगत ने थाना में बताया है कि वह अपनी बाइक से कुडू बाजार सब्जी खरीदने गया था। अपनी बाइक को अजय लोहा दुकान और गंगा साव के दुकान के सामने खड़ा कर सब्जी खरीदने गया। सब्जी लेकर वापस लौटने पर जिस जगह बाइक खड़ा किया था वहां बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का कुछ पता नही चला तो लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि प्रत्येक साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी की घटना होती रहती है।

## पोक्सो व डायन बिसाही की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झालसा रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के दिशा निर्देश पर किसको इंटर कॉलेज, किसको में उपस्थित छात्र- छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्ता इंन्द्रानी कुजुर, पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव, पीएलबी सह छात्र उत्प्रेरक गौतम लेनीन, एवं जितेन्द्र राम उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किसको इंटर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पोक्सो एक्ट, डायन बिसाही, चाइल्ड लाइन एवं डालसा के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन



संबंधित 1098 नंबर कैसे काम करता है इसका बच्चों के बीच डेमो देकर प्रस्तुतीकरण किया गया। इंटर कॉलेज के बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य ओवैसी अब्दुल्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र - छात्राओं के अनेकों प्रश्नों के उत्तर डालसा सचिव एवं उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिया। उत्कृष्ट आए छात्राओं को डालसा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से 54 ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया गया है जिसमें गहन लीगल लिटरेसी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत हर सप्ताह लिगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त

### सुरक्षाकर्मियों का पंजीयन शिविर 7 अगस्त से

लोहरदगा। रमेश, जशवाल, केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र, गढ़वा (झारखंड) के पत्र के आलोक में एसआईएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न थाना परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन इस वर्ष माह अगस्त में विभिन्न थाना परिसर में निम्नांकित तिथियों को आयोजित किया जाएगा। बगडू थाना - 07 एवं 08 अगस्त, किस्को थाना - 09 एवं 10 अगस्त, भण्डरा थाना - 11 एवं 12 अगस्त, कैरो थाना - 13 एवं 14 अगस्त, कुडू थाना - 15 एवं 16 अगस्त, सेन्हा थाना - 17 एवं 18 अगस्त, लोहरदगा थाना - 19 एवं 20 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी एसआईएस भर्ती पदाधिकारी सतीश सिंह द्वारा दी गई।

### बीडीओ ने पंचायत भवन का निरीक्षण किया

**सेन्हा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मुर्की तोड़ार पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया. क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने मुर्की तोड़ार पंचायत भवन का निरीक्षण के क्रम में रोकड़ पंजी, योजना पंजी सहित विभिन्न योजनाओं का अभिलेख का जाँच कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपूर्ण योजना को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया गया.मौके पर मुखिया कमला देवी,पंचायत सचिव महिपाल उराँव सहित अन्य मौजूद थे।

### सीओ ने कर्मचारियों को दिया निर्देश



**सेन्हा।** अंचलाधिकारी विजय कुमार ने राजस्व कर्मचारियो को निर्देश देते हुए कहा कि जाति,आय,आवासीय प्रमाण पत्र निलंबित है. उसे जल्द पूर्ण करें तथा दाखिल खारिज का कार्य समय सीमा के अनुसार जमीन भूस्वामी को प्रमाण पत्र निर्गत करें और न्यायालय का शपथ पत्र लेकर आय प्रमाण पत्र निर्गत करे तथा साथ ही कहा कि अंचल क्षेत्र के अन्तर्गत गैरमजूरवा भूमि पर खाता, प्लॉट दर्ज कर अतिक्रमण नही करने के लिये निर्देशित बोर्ड लगाये.मौके पर अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश महतो राजस्व कर्मचारी रामा महतो,बिनेश्वर भगत,सीताराम टाना भगत,विकास सोनी,रीना देवी सहित सभी उपस्थित थे।

### शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

कैरो। प्रखंड मुख्याल स्थित डॉ. अनुग्रह नरायण उच्च विधालय में गुरुवार को बीईईओ जयमंगल लोहरा के अध्यक्षता में सरकारी व सरकारी मान्यता प्राप्त विधालय के प्रधान शिक्षकों के साथ मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।गुरु गोष्टी के माध्यम से जवाहर नवोदय विधालय के शिक्षक जगेश्वर महतो द्वारा 2023-24 के प्रवेश परीक्षा को लेकर आवेदन भरने का विधि पर विशेष चर्चा किया गया।वंही विधालय में शिशु पंजी का समेकन करते हुए विभाग को प्रपत्र उपलब्ध कराने,जन्म प्रमाण पत्र,जाती आवासीय प्रमाण पत्र बच्चो का बनवाने,ई वाई वी में सतप्रतिशत डाटा एंट्री कराना, एन आई एल पी का सर्वे प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया।गुरु गोष्ठी में ओम प्रकाश रंजन,प्रकाश मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार,पोली एक्का,देवनंदन नायक,अमरेंद्र यादव,श्रवण साहू,विजय झा,लक्ष्मी गोप ,प्रेदशी उरांव, तेजा उरांव, हरिनंदन उरांव आदि उपस्थित थे।

### लेवी के लिये घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस की कार्रवाई

## जेपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार मोबाइल व सिमकार्ड भी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत किस्को एंव खरकी में बीते दिनों निमार्णाधीन सड़क और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में झारखंड प्रस्तुति कमेटी जेपीसी के नाम से पर्चा चिपका कर लेवी की मांग करने की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया लहलहे निवासी खुद को जेपीसी के सब जोनल कमांडर बताने वाले अभिमन्यु उर्फ आशुतोष कुमार तिवारी उर्फ कुंदन तिवारी पिता पुरुषोत्तम तिवारी एवं किस्को थाना के सेमरडीह निवासी अप्राथमिकी मुबारक अंसारी पिता रबुल अंसारी के रूप में की गयीहै। अपराधियों के पास से दो स्मार्टफोन, एक कीपैड मोबाइल, सिमकार्ड बरामद किया गया। इस संदर्भ में एसडीपीओ बीएन सिंह ने पत्रकारों को बताया कि



लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार एवं एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग जगह से घटना में संलिप्त उपरोक्त दोनो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने मेडिकल जांच कराते हुए दोनों अभियुक्त को लोहरदगा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गौरतलब है कि किस्को पुलिस ने पर्चा जब्त किया था। साथ ही लिखित शिकायत के आधार पर कांड संख्या 22 / 23, धारा 387, 506 आईपीसी 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। इधर छापेमारी दल में किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, सब इंस्पेक्टर अनंत मरांडी, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, तकनीकी शाखा के नीरज मिश्रा एवं ललित उरांव शामिल थे। उपरोक्त उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है। बालूमाथ थाना कांड सं-15/2019, धारा-384 / 341 /506/307 / 386 / 34 भादवि व 25 (1-बी०) ए/27 (1) / 35 आर्म्स एक्ट 17 सीएलए एक्ट , एसटी नंबर - 73/18, धारा-302/ 397/ 398/ 120बी/ 412/420/467/ 468/471 भादवि व 25 / 27 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज है।

## चलती बाइक से महिला गिरी, सिर में गंभीर चोट

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 पर एक महिला चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए कुडू अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज कर रही डॉक्टर निरुपमा ने महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। फिलहाल महिला की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के दूधिमाटी निवासी निर्मल गंझू की पत्नी आशा देवी के रूप में हुई है।

### गोद में बैठी पांच माह की बेटी को नहीं आई खरोच

वहीं एक बार फिर जाको राखे साइयां मार सके न कोय वाली कहावत चरितार्थ हुई महिला की गोद में बैठी उसकी पांच माह की बेटी को खरोच तक नहीं आई। महिला के पति निर्मल ने बताया कि उसकी पत्नी अपने भाई के साथ बाइक से अपने मायके बालूमाथ जा रही थी। उसकी गोद में पांच माह की बेटी भी थी। बिनोद होटल के पास बेटी को संभालने के चक्कर में वह असंतुलित होकर बाइक से गिर गयी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी है।

## पुलिस निरीक्षक सीएम हांसदा की पत्नी का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस निरीक्षक चंद्रमोहन हांसदा की धर्म पत्नी का देहांत हो गया। उनके निधन पर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों, जवानों ने दुख व्यक्त किया है। पुलिस कप्तान आर राम कुमार कहा कि इस दुख की घड़ी में पुलिस परिवार हमेशा उनके परिवार के साथ है। दुख व्यक्त करने वालो में किसको अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उरांव, कैरो थाना प्रभारी शंख नाथ उंराव, सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, कुरु थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, बगडु थाना प्रभारी पंकज शर्मा, कैरो थाना के एसआई ऋषि कांत शर्मा, संतोष यादव पेशरार थाना प्रभारी अली अख्तर, एएसआई संजय राय एस आई हरि औध करमाली आदि शामिल हैं। बता दें कि इंस्पेक्टर हांसदा भी रिम्स में भर्ती हैं।

## उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रखंड कैरो में गुरुवार कोमनरेगा अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पवन महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो, सुनीता नीलमणि मिंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए, रघुनाथ मुण्डा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) कैरो, विनीता तिर्की, बीपीएम जेएसएलपीएस, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी ग्राम के बागवानी सखी/ मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए द्वारा बागवानी योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## आजसू नेता का आरोप निराधार : मुखिया संघ

### आजसू नेता पर कानूनी कार्रवाई के लिए एसपी को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला मुखिया संघ एवं प्रखंड मुखिया संघ की बैठक जिलाध्यक्ष बासुदेव उरांव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आजसू नेता राजू गुप्ता के द्वारा लगाए गए आरोप और आवेदन बिल्कुल निराधार है। बैठक के उपरांत राजू गुप्ता के द्वारा किस्को प्रखंड के सभी मुखिया से रंगदारी मांगने एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने के मामले को लेकर जिला एवं किस्को प्रखंड मुखिया संघ ने लोहरदगा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता के द्वारा किस्को प्रखंड के सभी मुखियाओं को आरोपित किया जाना बिल्कुल निराधार है। कहा कि वास्तविकता यह है कि 14वें एवं 15वें वित्त योजना के जांच के क्रम में हम सभी किस्को प्रखंड के मुखिया से राजू गुप्ता के द्वारा रंगदारी से पैसे की मांग की जाने लगी। परंतु पैसा देने से इनकार करने पर जातिसूचक शब्द बार-बार बोल कर धमकाने लगा कि पैसा नहीं दोगे तो जेल भेज देंगे। राजू गुप्ता के इस तरह के बर्ताव से हम सभी आदिवासी मुखियागण मानसिक रूप से काफी आहत हुए हैं एवं भयभीत भी हैं।क्योंकि राजू गुप्ता पूर्व में रेपिस्ट एवं अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है। मुखिया संघ ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय संगत कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यह भी कहा है कि इस तरह के आदिवासी भावनाओं को प्रताड़ित किया जाता रहा तो जिला मुखिया संघ एवं आदिवासी संगठन के बैनर तले पुरजोर तरीके से आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। बैठक में जिला सचिव परमेश्वर महली, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, उपाध्यक्ष बसंत उरांव, सलाहकार समिति दिलीप कुमार उरांव, देवरिया पंचायत मुखिया कामिल टोपनो, पाखर पंचायत मुखिया फुलमनी देवी, परहेपाठ पंचायत मुखिया जतरू उरांव, हिसरी मुखिया रवि उरांव, नावाडीह मुखिया मीना कुमारी, बेटहट मुखिया राजकिशन उरांव, बगडू मुखिया रानी मिंज, खरकी मुखिया चांदमनी उरांव सहित अन्य मुखिया गण शामिल थे।

### अपराध गोष्ठी | पुलिस निरीक्षक ने थाना प्रभारियों को दिये निर्देश

## 'अपराधियों पर शिकंजा कसने में निभाएं भूमिका'

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक के कार्यालय कक्ष में अपराध गोष्ठी को लेकर समीक्षा बैठक इंस्पेक्टर मंटू कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुयी।

बैठक में सभी थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसने में सभी थाना प्रभारी अहम भूमिका निभाएं। इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस गश्ती नियमित रूप से करें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने में तत्परता दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारी का शत प्रतिशत निर्वहन



करें। अपराधी प्रवृत्ति की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें। किसी भी सुरत पर थाना क्षेत्र में अपराधी तबका के लोग अपनी नापाक मंसूबा में कामयाब न हो इसे सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र में आम जनता को सुरक्षित जीवन यापन मिले इसे लेकर विशेष रूप से क्षेत्र भ्रमण कर लोगों के बीच संवाद स्थापित कर पुलिस पब्लिक के बीच आपसी समन्वय कायम को बेहतर बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने का विशेष कार्य करें। सभी थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि थाना में लंबित पड़े सभी मामले का निष्पादन में तेजी लाएं और थाना की साफ सफाई बेहतर बनाये रखें। मौके पर सभी थाना प्रभारी द्वारा इंस्पेक्टर के समक्ष मामले से संबंधित पंजी को प्रस्तुत किया गया। इसकी इंस्पेक्टर ने बारीकी से समीक्षा की। मौके पर कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा, कैरो थाना प्रभारी शंखनाद उरांव आदि मौजूद थे।

## फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो नयाटोली निवासी समरुद्दीन अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र फैज आलम को फेसबुक में आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया है। फैज का फेसबुक आईडी में फैज उलआउद्दीन के नाम से आईडी बना हुआ है। इसके द्वारा 31 जुलाई को आपत्तिजनक पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट से क्षेत्र में शांति सौहार्द बिगड़ने की संभावना को लेकर वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर कैरो थाना में, कांड संख्या 34/23 धारा 153 ए, 295 ए भादवी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

## डॉ. शशि गुप्ता बने रांची विवि रसायन विभाग के हेड



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा के रसायन विज्ञान विभाग के एचओडी सह इग्नू के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शशि कुमार गुप्ता को रांची विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग का हेड बनाया गया है। उनके इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालो मे बीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, प्रो रोशन खलखो, प्रो सरेन सुरीन, प्रो अर्जुन लकड़ा, प्रो मनीष मिश्रा, प्रो हंसा, प्रो मनोहर साहू, प्रो अजय नाथ सहदेव, प्रो बुटन महली समेत अन्य शामिल हैं।

### भारत ने दिया चीन को सबसे बड़ा झटका

# लैपटॉप व टैबलेट पर लगाया बैन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार लगातार मेड इन इंडिया और मेक इन इंडिया पर फोकस कर रही है। इन पहल को बढ़ावा देने के लिए कई सेक्टर्स में पीएलआई योजनाएं भी लाई गई हैं। अब भारत सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है। यानी अब विदेशों से ये उत्पाद भारत नहीं आएंगे। किसी उत्पाद के आयात को प्रतिबंध (फी२३१ू३ीं) की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में कहा कि शोध एवं विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग और मूल्यांकन, मरम्मत और वापसी तथा उत्पाद विकास के उद्देश्य से प्रति खेप अब 20 वस्तुओं तक आयात लाइसेंस की छूट रहेगी। इस कदम का मकसद चीन जैसे देशों से आयात घटाना है। अधिसूचना में कहा गया है, ह्यलैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की श्रेणी में डाल दिया गया है। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि सूक्ष्म कंप्यूटर, बड़े कंप्यूटर और कुछ डाटा प्रोसेसिंग मशीनों को भी आयात प्रतिबंध की श्रेणी में रखा गया है। इसमें कहा गया कि वैध लाइसेंस होने पर इन उत्पादों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, ये प्रतिबंध बैगेज नियम के तहत लागू नहीं होंगे। अधिसूचना में कहा गया, ह्यलैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, ई-कॉमर्स पोर्टल के जरिये खरीदे गए, डाक या कूरियर से मंगाए जाने वाले उत्पाद पर आयात लाइसेंस की अनिवार्यता की छूट रहेगी। ऐसे मामलों में लागू शुल्क का भुगतान कर आयात किया जा सकता है।

### महिलाओं ने नेल पॉलिश और लिपिस्अिक पर खर्च किए 5000 करोड़

**नई दिल्ली।** एक ओर जहां जरूरी वस्तुओं की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले छह महीने में 5,000 करोड़ रुपए के लिपिस्टिक जैसे कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स उत्पाद बिक गए। कांतार की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के टॉप-10 शहरों में कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स पर यह खर्च किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन उत्पादों की खरीदारी करने वाली सभी महिलाएं कामकाजी हैं।मेकअप की बिक्री में सर्वाधिक योगदान इन्हीं महिलाओं का है।कॉस्मेटिक खरीदारों की कुल भुगतान राशि का औसतन 1.6 गुना खर्च कामकाजी महिलाएं ही करती हैं।?कुल बिक्री में ऑनलाइन खरीदारी की हिस्सेदारी 40 फीसदी रही। दुकानदारों के कहने पर 36 फीसदी सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद खरीदे जाते हैं। कुल खरीदारी में लिपिस्टिक की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 38 फीसदी रही।

# एमेजॉन इंडिया ने एमेजविट का तीसरा संस्करण को किया होस्ट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमेजॉन ने आज बेंगलुरु में एमेजविट- एमेजॉन वूमेन इन टेक्नालॉजी कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण को होस्ट किया, जिसका मकसद तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं के कौशल को बढ़ा कर सही कैरियर के अवसर दिलाना है। दिन भर चले इस सम्मेलन से महिलाओं को नवीन तकनीकियों बारे में जानने का मौका मिला, साथ ही चयनित सत्रों से व्यावसायिक विकास के बारे में जानने, बेहतर तरीकों का आदान-प्रदान करने, नए अवसरों पर नजर रखने और अपने नेटवर्क को बढ़ाने का भी मौका मिला। इस सम्मेलन में एक दिलचस्प एजेंडा लाया गया, जिसमें विचारोत्तेजक भाषण दिया गया। एमेजॉन के लीडर्स द्वारा और तकनीक में माहिर महिलाओं द्वारा प्रौद्योगिकी वार्ता की गई। गहन फायरसाइड चैट हुई और साथ ही इसमें नेटवर्किंग के अवसर भी शामिल थे। एमेजॉन इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अमित अग्रवाल ने कहा, ₹भारत में डिजिटल परिवर्तन की एक नई शुरूआत होने जा रही है, जिसका हमारे समाज में समावेश, ऐसा सिद्धांत जिसके अनुसार सभी को समान सुविधाएं, गतिविधियों, अनुभवों का लाभ मिलेगा और समानता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। महिलाएं खास तौर पर इसे सही आकार देने में अहम भूमिका निभा रही हैं। एमेज विट के साथ जुड़ने के बाद उद्योग भर में कई महिला प्रौद्योगिकी लीडर्स से सुनी गई उनकी कहानियों से मैं काफी प्रेरित हुआ हूं। मैं इस बात से बहुत रोमांचित हूँ कि कैसे एमेजविट जैसे प्लेटफॉर्म विचार-विमर्श, ज्ञान साझा करने और परिवर्तन के सामने आने पर प्रेरित होने के लिए उत्प्रेरक बन सकते हैं। एमेजविट कॉन्फ्रेंस 2023 में 400 से भी ज्यादा प्रतिभागी एक साथ शामिल हुए।

# हिंडनबर्ग का इफेक्ट खत्म, अडाणी ने 5000 करोड़ में खरीदी सीमेंट कंपनी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल के शुरूआत में अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह के खिलाफ निगेटिव रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के बाद से अडाणी की कंपनी को बड़ा झटका लगा। अडाणी की कंपनियों के शेयर गिरने लगी। कंपनी का मार्केट कैप आधे से अधिक गिर गया। खुद गौतम अडाणी ने अपनी आधे से अधिक दौलत गंवा दी, लेकिन कंपनी अब रास्ते पर लौट रही है। अडाणी की कंपनियों में फिर से ग्रोथ लौट आया है। कंपनी फिर से अपना विस्तार कर रही है। अंबुजा सीमेंट ने 5,000 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर सांघी इंडस्ट्रीज में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सांघी इंडस्ट्रीज पश्चिम भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी है। अडाणी समूह की इकाई अंबुजा सीमेंट द्वारा सांघी इंडस्ट्रीज लि. (एसआईएल) के मौजूदा प्रवर्तकों...रवि सांघी और परिवार से कंपनी की 56.74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जाएगा। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी की कंपनियों पर वित्तीय अनियमितता के आरोपों के बाद यह समूह द्वारा किया गया पहला बड़ा सौदा है। इस सौदे से अंबुजा सीमेंट को अपनी क्षमता को बढ़ाकर 7.36 करोड़ टन सालाना करने में मदद मिलेगी। अल्ट्राटेक के बाद अंबुजा सीमेंट दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता है।

### फिच के झटके से शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 3.56 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स द्वारा अमेरिका की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को डाउनग्रेड किए जाने से दुनियाभर के शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बुरी तरह धाराशायी हो गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 676.53 अंक यानी 1.02 फीसदी की टूट के साथ 65,782.78 अंक के स्तर पर क्लोज हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 207.00 अंक यानी 1.05% की टूट के साथ 19,526.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी पर हीरो मोटोकॉर्प के शेयर में सबसे ज्यादा 3.49 फीसदी टूट देखने को मिली। मार्केट में तेज गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इरए पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 3.56 लाख करोड़ रुपए घट गया है। यह 303.24 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अब किसी तरह की राहत नहीं

# अक्टूबर माह से लगेगा 28% जीएसटी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी परिषद ने दिल्ली, गोवा एवं सिक्किम की असहमति के बावजूद ऑनलाइन गेमिंग एवं कसीनो में दांव पर लगाई जाने वाली शुरूआती राशि पर एक अक्टूबर से 28 प्रतिशत कर लगाने का बुधवार को फैसला किया। इस करारोपण के लिए केंद्र सरकार संसद के मौजूदा मानसून सत्र में ही केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव लेकर आएगी। उसके बाद राज्यों की विधानसभाओं में भी इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी देकर एक अक्टूबर से इसे लागू करने की राह तैयार की जाएगी। हालांकि जीएसटी परिषद की बैठक में तय किया गया कि ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर जीएसटी लगाने की छह महीने बाद अप्रैल, 2024 में समीक्षा की जाएगी। इसमें यह देखा जाएगा कि नियमों में किसी बदलाव की जरूरत है या नहीं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर करारोपण से संबंधित तौर-तरीके तय किए गए। जीएसटी परिषद माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मुद्दों पर निर्णय करने वाली शीर्ष संस्था है। सीतारमण ने बैठक खत्म होने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम चालू संसद सत्र में ही सीजीएसटी अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव लेकर आएंगे। एक अक्टूबर से इसे लागू कर दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, कर का निर्धारण खिलाड़ी की तरफ से जमा या भुगतान की गई राशि पर आधारित होगा और उससे पिछले गेम से जीती गई राशि को दोबारा दांव पर लगाने को बाहर रखा जाएगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मान लिया जाए कोई 1,000 रुपए का दांव लगाता है और वह 300 रुपए जीतता है। फिर वही व्यक्ति 1,300 का दांव लगाता है, तब जीएसटी जीती गई राशि पर नहीं लगेगा। सीतारमण ने कहा कि दिल्ली, गोवा और सिक्कम ने ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत कर लगाने के फैसले की समीक्षा की मांग की। हालांकि अन्य राज्यों का समर्थन मिलने के बाद इस फैसले को लागू करने का निर्णय लिया गया।

## विदेश

# रिलायंस ने अब ऑस्ट्रेलियाई कंपनी ब्रुकफील्ड के साथ की बड़ी डील




**एजेंसी। कैनबेरा**

ऑस्ट्रेलियाई कंपनी वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ बड़े समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में नवीकरणीय ऊर्जा और डी-कार्बराइजेशन उपकरण के उत्पादन के अवसरों का पता लगाना देश के ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देना और सतत विकास को बढ़ावा देना है। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट एक अग्रणी वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक है, जिसके पास नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, रियल एस्टेट, निजी इक्विटी, क्रेडिट और अन्य क्षेत्रों में प्रबंधन के तहत लगभग 825 बिलियन अमरीकी डालर की संपत्ति है। कंपनी लंबी अवधि के लिए ग्राहक पूंजी निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें वास्तविक संपत्ति और आवश्यक सेवा व्यवसायों पर जोर दिया जाता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। एमओयू की शर्तों के तहत, ब्रुकफील्ड और रिलायंस इंडस्ट्रीज ऑस्ट्रेलिया के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश और कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता के विकास पर सहयोग करेंगे। ब्रुकफील्ड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बीच ये टङ्गव फोटोवोल्टिक मॉड्यूल, लंबी अवधि की बैटरी भंडारण और पवन ऊर्जा घटकों सहित स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को सक्षम करके इस ट्रांजीशन को तेज करने और जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ये परिचालन नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक उपकरणों के उत्पादन और संयोजन पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जो ओरिजिन एनर्जी मार्केट सहित सभी बाजार खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करेंगे। टङ्गव की शर्तों के तहत, ब्रुकफील्ड और रिलायंस इंडस्ट्रीज ऑस्ट्रेलिया के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश और कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता के विकास पर सहयोग करेंगे। टङ्गव का प्राथमिक उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में 14 गीगावॉट तक नई, बड़े पैमाने पर उत्पादन और भंडारण क्षमता विकसित करने के लिए आवश्यक स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों की निरंतर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### अमेरिका ने चीन की 2 और कंपनियों को किया ब्लैक लिस्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दो और चीनी कंपनियों को उनकी श्रम प्रथाओं के खिलाफजाने पर ब्लैक लिस्ट कर दिया है। इन चीनी कंपनियों पर जानबूझकर चीन में सताए गए समुदायों के सदस्यों को लक्षित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने एक बयान में घोषणा की कि बैटरी निर्माता कैमल ग्रुप और मसाला और अर्क निमार्ता चेंगुआंग बायोटेक ग्रुप द्वारा बनाए गए उत्पादों को बुधवार से देश में बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखला में जबरन श्रम प्रथाओं के उपयोग को खत्म करने और शिनजियांग में उइगर और अन्य धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ चल रहे नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए इन नई प्रवर्तन कार्रवाइयों की घोषणा की।

### बिलावल ने तालिबान को दी धमकी

# टीटीपी और आईएसकेपी पर करो कार्रवाई नहीं तो...



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बार-बार गुहार लगाने के बाद तालिबान ने टीटीपी आतंकियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे बौखलाए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने तालिबानी आतंकियों को धमकी दे डाली है। बिलावल ने कहा कि अगर तालिबान सरकार कार्रवाई करने में फेल रहती है तो पाकिस्तान के पास अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'आत्मरक्षा' के लिए अफगानिस्तान के अंदर छिपे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। बिलावल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब ळळढ और क्रऊढ के आतंकी पाकिस्तान में जमकर खून बहा रहे हैं। अभी हाल में बाजौर में क्रऊढ के आत्मघाती हमले में 54 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा 200 लोग घायल हो गए थे। उन्होंने बड़ी संख्या में टीटीपी आतंकियों की हत्या की है। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर भी तालिबान को कार्रवाई की धमकी दे चुके हैं लेकिन उसके ऊपर कोई असर नहीं हुआ था।

### कनाडा में भारतीय राजनियक को लेकर चिपकाए गए वांटेड पोस्टर

**कनाड़ा।** कनाडा के वैंकूवर में एक बार फिर भारतीय दूतावास की बिल्डिंग पर भारत के राजनयिकों और काउंसुल जनरल की तस्वीरों के साथ पोस्टर चिपकाए गए जिस पर 'वांटेड' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। पोस्टर में कनाडा में मारे गए एसएफजे प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भी जिक्र है। दकअसल, भारत विरोधी खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है । और कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारतीय अधिकारियों को धमकाने का क्रम जारी है। वियना कन्वेंशन ऑन कांसुलर रिलेशंस संधि के तहत किसी भी देश के दूतावास की सुरक्षा की जिम्मेदारी उसी देश की होती है। भारतीय अधिकारियों को जब इसकी जानकारी मिली तो इस पर कड़ा एतराज जताया व कनाडा के अधिकारियों से इसकी शिकायत की।

**कारोबार** अमेरिका पाकिस्तान पर हुआ मेहरबान, की सुरक्षा डील

# पाक के लिए रास्ता साफ, भारत को झटका



**वॉशिंगटन/इस्लामाबाद**

चीन के साथ करीबी बढ़ा रहे भारत के दुश्मन पाकिस्तान पर अब अमेरिका फिर से मेहरबान हो गया है। अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ 15 साल के लिए सिसमोआ सुरक्षा समझौता किया है। इससे पहले अमेरिका ने साल 2018 में भारत के साथ भी इसी तरह की डील की थी। इस डील के बाद अब पाकिस्तान के लिए अमेरिका से घातक हथियार पाने का रास्ता साफ हो गया है। यही नहीं पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने गुपचुप तरीके से बैठक करके अमेरिका के साथ इस सुरक्षा समझौते को अपनी मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका अपने उन करीबी दोस्त देशों और सहयोगियों के साथ यह समझौता करता है जिनके साथ वह करीबी सैन्य और रक्षा सहयोग बढ़ाना चाहता है। इसका नाम कम्युनिकेशन इंटरऑपरेबिलिटी एंड सिक्यॉरिटी मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट या सिसमोआ है। यह अमेरिका के रक्षा मंत्रालय को दूसरे देशों को सैन्य हथियार और उपकरण बेचने के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। हालांकि अभी तक इस समझौते का न तो अमेरिका ने और न ही पाकिस्तान ने ऐलान किया है। शहबाज सरकार के एक कैबिनेट सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर इस समझौते को मंजूरी मिलने को पुष्टि की। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि पूरी कैबिनेट इस समझौते को मंजूरी दी है या नहीं। इस समझौते पर हस्ताक्षर होने का मतलब है कि दोनों देश संस्थागत तंत्र बनाए रखने के लिए इच्छुक हैं। इससे पहले साल 2005 में अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ साल 2020 तक के लिए इस समझौते पर हस्ताक्षर किया था। यह समझौता खत्म हो गया था लेकिन अब दोनों ही देशों ने फिर से इसे मंजूरी दे दी है। इस समझौते के तहत दोनों देश संयुक्त अभ्यास, अभियान, ट्रेनिंग, एक-दूसरे के बेस और उपकरण का इस्तेमाल कर सकेंगे। रिपोर्ट में अमेरिका के एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि इस समझौते से यह संकेत मिलता है कि अमेरिका आने वाले वर्षों में पाकिस्तान को कुछ घातक हथियार बेच सकता है। वहीं पाकिस्तानी सेना के एक रिटायर सैन्य अधिकारी ने इस घटनाक्रम को कम करके पेश करने की कोशिश की। अमेरिका के साथ काम कर चुके इस पूर्व सैन्य अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि यह पाकिस्तान के लिए आसान नहीं है कि वह अमेरिका के साथ हथियार खरीद सके।

**शहबाज सरकार के एक कैबिनेट सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर इस समझौते को मंजूरी मिलने को पुष्टि की**

**इससे पहले साल 2005 में अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ साल 2020 तक के लिए इस समझौते पर हस्ताक्षर किया था**


## कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**अल्पकालीन निविदा**

**(NIT No. - 08/2023-24)**

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का नाम | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 21.08.2023 से 22.08.2023 तक, कार्यालय अवधि में न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 3. निविदा प्राप्ती का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 23.08.2023 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 02.00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 23.08.2023 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से। |

| क्र0 | कार्य का नाम | मद | वार्ड | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन राशि | कार्य पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from House of Ikbal Ansari to House of Gurmohhamad Ansari | 15वें वित्त आयोग | 1 | 412800.00 | 1000.00 | 8300.00 | 1 माह |
| 2 | Construction of PCC Road from Mill More to House of Jahir Hussain | 15वें वित्त आयोग | 1 | 460100.00 | 1000.00 | 9200.00 | 1 माह |
| 3 | Construction of PCC Road from House of Neyamat Ansari to Lalan Lal Bhandar | 15वें वित्त आयोग | 1 | 973500.00 | 5000.00 | 19500.00 | 2 माह |
| 4 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Kashi Thakur to Main Road | 15वें वित्त आयोग | 6 | 990100.00 | 5000.00 | 19800.00 | 2 माह |
| 5 | Construction of Chhat Ghat and Beautification at Kali Mandir | 15वें वित्त आयोग | 7 | 946600.00 | 5000.00 | 18900.00 | 2 माह |
| 6 | Construction of PCC Road from House of Sharwan Paswan to Kameshwar Paswan | 15वें वित्त आयोग | 7 | 951200.00 | 5000.00 | 19000.00 | 2 माह |
| 7 | Construction of PCC Road from House of Kameshwar Paswan to Shyamlal Paswan | 15वें वित्त आयोग | 7 | 966900.00 | 5000.00 | 19300.00 | 2 माह |
| 8 | Construction of RCC Drain with Slab from Sanjay Hotel to Chechariya Pull, Main Road | 15वें वित्त आयोग | 8 | 702700.00 | 5000.00 | 14100.00 | 2 माह |
| 9 | Construction of RCC Drain Slab from House of Vijay Saw to Late Hira Sao House | 15वें वित्त आयोग | 8 | 992900.00 | 5000.00 | 19900.00 | 2 माह |
| 10 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Prem Jaiswal to Shubham Jewellery Shop | 15वें वित्त आयोग | 8 | 996400.00 | 5000.00 | 19900.00 | 2 माह |
| 11 | Construction of Shamshan Ghat and Boundry Wall | 15वें वित्त आयोग | 9 | 985400.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 12 | Construction of Mundan Ghat and Boundry Wall | 15वें वित्त आयोग | 9 | 985400.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 13 | Construction of RCC Drainage with slab from house of Manoj Sharma to House of Awadh Saw | 15वें वित्त आयोग | 9 | 997500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 2 माह |
| 14 | Construction of RCC Drainage with slab from house of Nandu Saw to House of Manan Khalifa | 15वें वित्त आयोग | 9 | 967800.00 | 5000.00 | 19400.00 | 2 माह |
| 15 | Construction of RCC Dran with Slab form House of Badan Ram to Banki River (Puraini) | 15वें वित्त आयोग | 10 | 981700.00 | 5000.00 | 19600.00 | 2 माह |
| 16 | Construction of PCC Road from House of Sanjay Ram to Samshan Ghat, Puraini | 15वें वित्त आयोग | 10 | 994000.00 | 5000.00 | 19900.00 | 2 माह |
| 17 | Construction of Paver Block Near Mahabir Mandir | 15वें वित्त आयोग | 11 | 995900.00 | 5000.00 | 19900.00 | 2 माह |

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 303945 Urban Development(23-24).D

# तिलक पर सियासत

***झारखंड*** में इन दिनों कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी का तिलक लगाना भारी पड़ता जा रहा है। भाजपा इसे हिन्दू देवताओं का अपमान बता रही है। हुआ यह कि अंसारी विधानसभा चुनरी और तिलक वाले लुक में विधानसभा पहुंच गये। चुनरी ओढ़कर विधानसभा पहुंचे इरफान अंसारी को देखकर लोगों में खलबली मच गयी। स्वभाविक सी बात है कि कोई जब चर्चा में बने रहने के लिए कुछ ऐसा करता है जो उसकी संस्कृति से मेल नहीं खाती हो तो चर्चा होना स्वभाविक है। इसी बात को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार राजनीति के गलियारे में जारी है। बहरहाल जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के माथे पर तिलक लगाने-मिटाने के मामले को लेकर झारखंड में खूब सियासी नोकझोंक अभी भी जारी है। विवाद तब शुरू हुआ, जब झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक इरफान अंसारी का एक वीडियो ट्वीट किया। इस वीडियो में दिख रहा है कि कांग्रेस विधायक एक मंदिर में पहुंचे हैं। वहां उनके माथे पर तिलक लगाया गया। मंदिर से बाहर आते हुए उन्होंने तिलक पोछ लिया। वीडियो के दूसरे अंश में वह कुछ लोगों के साथ बैठे दिख रहे हैं, जिसमें वह कह रहे हैं कि आप लोग वोट नहीं भी देंगे तब भी हम जीत जायेंगे। ऐसे में सुर्खियों में बने रहने के लिए अंसारी ने जो कुछ भी किया है,साथ ही तुरंत बाद जो बयान दिये हैं,वह सोची समझी हुई साजिश का हिस्सा माना जा सकता है। कारण हाल के दिनों समाज में जो कुछ घटनायें घट रही हैं,वह सब सोच समझ कर किया जा रहा है। एक मिनट भी नहीं लगा, जब विधायक जी ने सबके सामने ही वो तिलक अपने माथे से पोछ डाला और बाद में हिंदुओं से कहा- आप लोग वोट नहीं भी देंगे, तब भी हम जीत जाएंगे। ऐसे में साफ समझा जा सकता है कि इसकी पृष्ठभमिू की पटकथा पहले से ही लिखी जा चुकी है। ऐसी हरकतों को समाज पर गहरा असर पड़ता है। आखिर वह किस दम के साथ चुनाव से पहले ही यह दावा करते हैं कि वह जीत जायेगें। ऐसे में जरूर कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है,या पूरी दाल ही काली है। हो सकता है आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। बहरहाल इस इस ट्वीट पर कुछ ही घंटों के बाद इरफान अंसारी ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा- बाबूलाल जी राजनीति में अपना स्तर इतना मत गिराइये कि लोग आपको देखना पसंद ना करें। मेरे वीडियो को क्रॉप कर गलत संदेश देने का काम किया। लोगों ने मुझे सम्मान देकर मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया। वहां काफी गर्मी थी और मैं अपना चेहरा पोछ रहा था। लेकिन वाह रे जालसाज, काली मां को बख्श दीजिए। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इरफान अंसारी चुनरी ओढ़कर और तिलक लगाकर विधानसभा पहुंच गए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बाबूलाल जी जालसाजी सीख गए हैं, वीडियो क्रॉप करना सीख गए हैं। ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा वीडियो देखिएगा तो सारी बात समझ में आ जायेगी। बाबूलाल जी को सेक्युलरों ने वोट दिया है और अब कट्टरता आ गई है उनके अंदर। इस सियासी नोकझोंक में कई दूसरे नेता भी कूदे। बीजेपी विधायक रणधीर सिंह ने कहा इरफान अंसारी का पोल खुल गया। वह हिंदू को बरगला कर वोट लेते हैं। उन्होंने हिंदू समुदाय को अपमानित किया है। जिहादी मानसिकता के लोगों को आने वाले चुनाव में हिंदू समाज कड़ा जवाब देगा। चुनरी ओढ़कर इरफान अंसारी के सदन पहुंचने को बहुतों ने नौटंकी करार दिया है।

**हाल के दिनों समाज में जो कुछ घटनायें घट रही हैं,वह सब सोच समझ कर किया जा रहा है। चाहे वह फिल्म हो,या साहित्य सभी जगहों पर हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काने का काम जारी है।**

# अधिभार से रेत का उत्पादन, कचरे से कंचन





राजीव आर. मिश्रा

***भले*** ही अपने उपभोक्ताओं के लिए कोयला/ लिग्नाइट का उत्पादन और वितरण करने का ही शासनादेश हो, फिर भी कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने लीक से हटकर ओवरबर्डन से बहुत कम कीमत पर रेत का उत्पादन करने वाली एक अनोखी पहल की है। इस पहल से न केवल ओवरबर्डन के कारण रेत गाद से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिल रही है, बल्कि निर्माण के लिए सस्ती रेत प्राप्त करने का विकल्प भी मिल रहा है। कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में रेत का उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है और अगले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), नैवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएलसीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) में रेत के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है। कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है। ऊपर से ओवरबर्डन निकालते समय, मात्रा का स्वेल फैक्टर 20-25 प्रतिशत होता है। इस ओवरबर्डन को परंपरागत रूप से अपशिष्ट या बोझ माना जाता है और अक्सर इसके संभावित मूल्य को पहचाने बिना इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। हालांकि, सतत अभ्यास और सर्कुलर इकोनॉमी पर बढ़ते फोकस के साथ, ओवरबर्डन के लिए वैकल्पिक उपयोग की खोज करने और इसे कचरे से कंचन में बदलने की दिशा में बदलाव आया है।

**प्रथम पहल :** इस तरह के रूपांतरण की पहली व्यावसायिक पहल सीआईएल की सहायक कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 2016-17 के दौरान अपनी खदान में की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के भानेगांव खदान में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जहां विभाग की ओर से स्थापित की गई मशीनों के जरिये रेत निकाली जाती थी। इस मशीन की क्षमता 300 घन मीटर प्रतिदिन थी। निकाली गई रेत का गहन परीक्षण किया गया और अंततः उसे नदी तल से मिलने वाली रेत से बेहतर पाया गया। इसकी कीमत लगभग 160 रुपये प्रति घन मीटर थी, जो बाजार की तत्कालीन कीमत का लगभग 10 प्रतिशत थी। यह रेत प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत कम लागत वाले घर बनाने के लिए नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट को दी गई थी। इसके अलावा दो और विभागीय पहल भी शुरू की गई। पायलट परियोजनाओं की सफलता पर, डब्ल्यूसीएल ने नागपुर के पास गोंडेगांव खदान में देश के सबसे बड़े रेत उत्पादन संयंत्र को चालू करके रेत का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। यह इकाई बाजार मूल्य से लगभग आधी कीमत पर प्रतिदिन 2500 घन मीटर रेत का उत्पादन करती है।

**सरकारी इकाइयों के साथ साझेदारी और स्थानीय बिक्री :** नागपुर के सबसे बड़े रेत उत्पादक संयंत्र से उत्पादित रेत का बड़ा

**महाराष्ट्र के नागपुर जिले के भानेगांव खदान में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जहां विभाग की ओर से स्थापित की गई मशीनों के जरिये रेत निकाली जाती थी।**

इन दिनों

हिस्सा बाजार मूल्य के एक तिहाई पर एनएचएआई, एमओआईएल, महा जेनको जैसी सरकारी इकाइयों और अन्य छोटी इकाइयों को दिया जा रहा है। बाकी रेत को बाजार में खुली नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी सस्ती कीमत पर रेत मिल रही है।

**कचरे से कंचनः एक आदर्श बदलाव :**ओवरबर्डन, जिसे कभी अपशिष्ट या बेकार पदार्थ समझा जाता था, अब उसे एक मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। रेत प्रसंस्करण इकाइयां भी जबरदस्त रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय आबादी न केवल उत्पादन इकाई में, बल्कि ट्रकों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक रेत को ले जाने के लिए उसकी लोडिंग और आपूर्ति जैसी कार्यों में शामिल हो रही है।

**विस्तार की योजनाएं और समाज पर प्रभाव :** इस सकारात्मक दृष्टिकोण और ओवरबर्डन के वैकल्पिक उपयोग की खोज के एक भाग के रूप में, सीआईएल ने देश के पूर्वी और मध्य भाग में अपनी सहायक कंपनियों में कई ओवरबर्डन प्रसंस्करण संयंत्र और रेत उत्पादन संयंत्र चालू किये हैं। इस स्थायी प्रयास के हिस्से के रूप में, कोयला सार्वजनिक उपक्रम में ओवरबर्डन से नौ रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्र पहले से ही उत्पादन में हैं, जिनमें से चार एससीसीएल में, तीन डब्ल्यूसीएल में और एक-एक एनसीएल और ईसीएल में हैं। इन रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्रों की कुल वार्षिक क्षमता लगभग 5.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष है। इसके अलावा, सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों में ओवरबर्डन से रेत उत्पादक चार संयंत्र निविदा के विभिन्न चरणों में हैं। लिग्नाइट उत्पादक कंपनी एनएलसीआईएल भी दो रेत उत्पादक संयंत्र लगा रही है। इन सभी नये आगामी संयंत्रों की कुल वार्षिक रेत उत्पादन क्षमता लगभग 1.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष होगी।

**भविष्य का मार्ग :** अग्रणी पहलों के माध्यम से, कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम रेत उत्पादन और खपत के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहा है। कोयला मंत्रालय किफायती मूल्य पर ओवरबर्डन से और भी अधिक मात्रा में रेत का उत्पादन करने के लिए कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम को लीक से हटकर इस पहल को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अगले कुछ वर्षों में, प्रौद्योगिकी की प्रगति और हमारे देश में विभिन्न स्थानों में भारी मात्रा में होने वाले रेत उत्पादन के साथ, रेत के प्रति घन मीटर कीमत में काफी कमी आयेगी, जिससे आम आदमी को निर्माण उद्देश्य के लिए सस्ती रेत उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे नदी तल की रेत के इस्तेमाल को भी कम करने में मदद मिलेगी, जो बदले में पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होगा।

**पूर्व सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड। नागपुर के पास डब्ल्यूसीएल की गोंडेगांव ओपनकास्ट कोयला खदान में भारत का सबसे बड़ा रेत उत्पादन संयंत्र डब्ल्यूसीएल के बल्लारपुर क्षेत्र में रेत पृथक्करण और प्रसंस्करण संयंत्र एससीसीएल के श्रीरामपुर खुली खदान क्षेत्र में प्रसंस्कृत ओवरबर्डन (पीओबी) प्लांट**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा गुरु द्रोणाचार्य की*

***इस*** पर द्रोण ने कहा- ‘वत्स! तुम्हारे दादाश्री मुझे जानते हैं। उनसे इस घटना को बताना तो वे समझ जाएंगे। उनके आने पर ही मैं तुम्हारे साथ चलकर भोजन करूंगा।’ युधिष्ठिर को वहीं छोड़कर बाकी राजकुमार महल गए और पितामाह भीष्म को सारा वृत्तांत सुनाया। भीष्म तत्काल समझ गए कि वे आचार्य द्रोण ही होंगे। वे उसी समय राजकुमारों के साथ वन में आये और बड़े सम्मान के साथ आचार्य द्रोण का स्वागत किया। वे उन्हें आदरसहित महल में ले आये और उनसे राजकुमारों को धनुर्विद्या सिखाने की प्रार्थना की। आचार्य द्रोण ने भीष्म का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। आचार्य द्रोण राजकुमारों को विधिवत धनुर्विद्या की शिक्षा देने लगे। अर्जुन पर उनकी विशेष कृपा थी। आचार्य प्रायः अपने शिष्यों को लेकर वन में चले जाते और वहां पेड़ पर बैठी चिड़िया, हवा में उड़ते बाज, दौड़ते मृगों पर बाणों का प्रयोग कराते। जंगल में एक बार द्रोणाचार्य स्नान करने के लिए एक नदी में उतरे, तभी एक मगर ने आचार्य की टांग पकड़ ली। द्रोणाचार्य कराह उठे। उनकी शिष्य मंडली ने देखा तो सभी चिंतित हो उठे। उन्हें नहीं सूझ रहा था कि आचार्य को कैसे बचाएं, तभी अर्जुन ने अपने बाणों से मगर का खुला मुख बींध डाला। उसका जबड़ा खुला-का-खुला रह गया। आचार्य की टांग उसकी पकड़ से छूट गई। द्रोणाचार्य ने जल से बाहर आकर अर्जुन को आशीर्वाद दिया– ‘वत्स! मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूं, तुम विश्व में सबसे बड़े धनुर्धारी बनोगे। यह मगर मायावी था। मैंने तुम्हारी परीक्षा ली थी।’ दुर्योधन द्रोणाचार्य के आशीर्वाद को सुनकर चिढ़ गया, परंतु वह कुछ बोला नहीं। इसी प्रकार गुरु द्रोणाचार्य का ममत्व अर्जुन पर बढ़ता ही चला गया। एक बार आचार्य ने अपने सभी शिष्यों को बुलाया और एक पेड़ पर छिपाकर रखी एक नकली चिड़िया को दिखाया।

*(क्रमशः)*

# मित्रता का बीज बोयें खुशियों का गुलदस्ता पायें



ललित गर्ग

***एक*** दूसरे से जुड़े रहकर जीवन को खुशहाल बनाना और दिल में जादुई संवेदनाओं को जगाना है तो उनके लिये एक रिश्ता है दोस्ती का। मित्र, सखा, दोस्त, फ्रेड, चाहे किसी भी नाम से पुकारो, दोस्त की कोई एक परिभाषा हो ही नहीं सकती। हमें तन्हाई का कोई साथी चाहिए, खुशियों का कोई राजदार चाहिए और गलती पर प्यार से डांटने-फटकराने वाला चाहिए। यदि यह सब खूबी किसी एक व्यक्ति में मिले तो निःसन्देह ही वह आपका दोस्त होगा। वही दोस्त, जिसके रिश्ते में कोई स्वार्थ या छल-कपट नहीं बल्कि आपके हित, आपके विकास, आपकी खुशियों के लिये जिसमें सदैव एक तड़फ एवं आत्मीयता रहेगी। इसी दोस्ती के नाजुक रिश्ते में खुशियों के रंग भरने के लिये फ्रेण्डशिप दिवस अगस्त माह के प्रथम परिवार को मनाया जाता है। यो तो भारतीय संस्कृति और इतिहास में त्योहारों की एक समृद्ध परम्परा है। किसी-न-किसी धर्म और सम्प्रदाय से जुड़कर वर्ष का हर दिन कोई-न-कोई पर्व, त्योहार या दिवस होता है। हमने फ्रेण्डशिप दिवस जैसे अनेक नये या आयात किये हुई पर्व एवं दिवसों को हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है। फ्रेण्डशिप दिवस यानी मित्रता दिवस, सभी गिले-शिकवे भूल दोस्ती के रिश्ते को विश्वास, अपनत्व एवं सौहार्द की डोर से मजबूत करने का दिन। मित्रता शब्द बड़ा व्यापक और मोहक है। कितना प्यारा शब्द है यह। तीन अक्षरों का एक शब्द समूचे संसार को अपने साथ समेट लेने वाला, दूसरों को, अनजान-अपरिचितों को, अपने निकट लाने वाला यह अचूक वशीकरण मंत्र है। मित्रता हमारी संस्कृति है। संपूर्ण मानवीय संबंधों का व्याख्या-सूत्र है। लुइस एल. काफमैन ने कहा है कि मित्रता का बीज बोएं, खुशियों का गुलदस्ता पाएं। जबकि देखने में यह आ रहा है कि हम मित्रता का बीज बोने का वक्त ही नहीं तलाश पा रहे है। दोस्ती की खेती खुशियों की फसल लेकर आती है, लेकिन उसके लिये पारम्परिक विश्वास की जमीन और अपनत्व की ऊष्णता के बीज भी पास में होने जरूरी है। वास्तव में मित्र उसे ही कहा जाता है, जिसके मन में स्नेह की रसधार हो, स्वार्थ की जगह परमार्थ की भावना हो, ऐसे मित्र सांसों की बांसुरी में सिमटे होते हैं, ऐसे मित्र संसार में बहुत दुर्लभ हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा की, विभीषण और श्रीराम की दोस्ती इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं। मित्रता दिवस की सार्थकता को सिद्ध करने के लिये हिन्दू धर्म में अनेक उदाहरण उपलब्ध है। हिंदू धर्म मित्रता को महत्व देता है, भारतीय पौराणिक कथाओं में ऐसे कई उदाहरण हैं जो किसी भी मित्रता के लिए प्रेरणा माने जाते हैं। भारतीय महाकाव्यों में भगवान ‘श्रीकृष्ण’ को सर्वश्रेष्ठ ‘सखा’ माना जाता है। वह सबसे अच्छा दोस्त है, जो अपने सभी दोस्तों के लिए तब खड़ा हुआ जब उन्हें उनकी जरूरत थी, चाहे वह द्रौपदी हो, अर्जुन हो या सुदामा हो। जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति की कोई सीमा न जानने वाला एक समृद्ध बंधन प्रदर्शित करने वाला दोस्ती का शाश्वत बंधन श्रीकृष्ण और सुदामा का है।

**मित्र, सखा, दोस्त, फ्रेड, चाहे किसी भी नाम से पुकारो, दोस्त की कोई एक परिभाषा हो ही नहीं सकती। हमें तन्हाई का कोई साथी चाहिए। गलती पर प्यार से डांटने-फटकराने वाला चाहिए।**

मित्रता

ऐसा कहा जाता है कि उस समय समाज को विभाजित करने वाली एक बड़ी सामाजिक-आर्थिक खाई के बावजूद, दोनों सबसे अच्छे दोस्त थे। ऐसा माना जाता है कि एक बार सुदामा गंभीर गरीबी से जूझ रहे थे, गरीबी से लड़ने के लिए अपनी पत्नी के आग्रह पर, उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के लिए एक विनम्र उपहार लेकर द्वारका की यात्रा की। यह इशारा उन दोनों के बीच साझा किये गये अमर बंधन का सम्मान करने के लिए एक स्मृति चिन्ह के समान था।

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में



आर.के. सिन्हा

***आपको*** न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जायेंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है। समझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? उसी तरह फिल्मकारों ने बच्चों की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ व सार्थक फिल्में बनाना क्यों छोड़ दिया? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है- कहकर ही मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है। उन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म ‘आदिपुरुष’ बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं। उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने ‘आदिपुरुष’ को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म ‘पीके’ को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म ‘काली’ की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है। जिस दिन हिन्दू भी ईशनिंदा के मसले पर गंभीर हो जायेगा, हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है। जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेंट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा जहर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जायेंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही। मैं यहां सलमान खान की फिल्म ‘टाइगर जिंदा है’ की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? ‘टाइगर जिंदा है’ की कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्सें कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? ‘टाइगर जिंदा है’ को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। फिल्म हिट हुई थी।

**भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है- कहकर ही मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है।**

फिल्म जगत


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# खाली पेट ड्रैगन फ्रूट खाने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

ड्रैगन फ्रूट्स कार्ब्स, फाइबर, आयरन, प्रोटीन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इस फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है। इस फल का सुबह के समय सेवन करना काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। ड्रैगन फ्रूट एक चमकीले छिलके वाला फल होता है। इस फल के गूदे पर काले बीज होते हैं। जो लोग अपने फिटनेस को लेकर जागरुक होते हैं, वह लोग इस फल को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। यह फल स्वादिष्ट होने के साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ड्रैगन फ्रूट्स कार्ब्स, फाइबर, आयरन, प्रोटीन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इस फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है। ड्रैगन फ्रूट्स में फैट की मात्रा कम होने के साथ ही फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह फल वजन घटाने में भी काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा ड्रैगन फ्रूट का सेवन डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए लाभकारी होता है। ऐसे तो इस फल का सेवन किसी भी समय किया जा सकता है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस फल का सुबह के समय सेवन करना काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सुबह खाली पेट ड्रैगन फ्रूट खाने से इस फल के पोषक तत्वों को शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह के समय ड्रैगन फ्रूट के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**फ्री रेडिकल्स से होता है बचाव :** ड्रैगन फ्रूट में एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पायी जाती है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट इस फल का सेवन करते हैं, तो इससे आपका शरीर और त्वचा फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसानों से बचती है। इस फल के सेवन से कैंसर और हृदय रोगों का खतरा भी कम होता है। ड्रैगन फ्रूट्स में फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और बीटासायनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो आपके शरीर को हेल्दी रखते हैं।

**पेट के लिए लाभकारी :** यदि आप रोजाना सुबह खाली पेट इस फल का सेवन करते हैं। तो इससे आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है। नाश्ते के तौर पर इस फल का सेवन काफी अच्छा माना जाता है। इसके सेवन से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ड्रैगन फ्रूट में फाइबर की मात्रा अधिक होने के कारण आपका वेट भी कंट्रोल में रहता है।

**आंतों के लिए फायदेमंद :** ड्रैगन फ्रूट आंतों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। इस फल में प्रोबायोटिक मौजूद होता है। जो आंतों की हेल्थ में सुधार करने का काम करता है। इसके अलावा प्रोबायोटिक खाने के पचाने में भी सहायक होता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाए :** आप रोज सुबह ड्रैगन फ्रूट का सेवन इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी कर सकते हैं। इस फल में विटामिन सी पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होता है। नाश्ते के तौर पर इस फल के सेवन से कई बीमारियों से शरीर का बचाव होता है।

**खून की कमी होगी पूरी :** ड्रैगन फ्रूट में आयरन की भरपूर मात्रा पायी जाती है। ऐसे में अगर आप रोजाना खाली पेट इस फल का सेवन करते हैं तो आपको भरपूर मात्रा में आयरन मिलेगा। इससे शरीर में खून की कमी पूरी होगी और यह एनीमिया के लक्षणों को भी कम करने में मददगार होता है। ड्रैगन फ्रूट के सेवन से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और आप स्वस्थ महसूस करते हैं।

**– अनन्या मिश्रा**

## वेट लॉस की जर्नी में

# फायदेमंद है टोफू का सेवन

टोफू शरीर को मिनरल्स और प्रोटीन प्रदान करता है। जो लोग, दूध, पनीर और अंडा खाने से कतराते हैं। उनके लिए टोफू एक बेहतरीन ऑप्शन है। मोटापे से परेशान लोग इसे अपनी डाइट में शामिल कर आसानी से वजन कम कर सकते हैं। सोयाबीन के दूध से टोफू बनाया जाता है। इसलिए टोफू को सोयाबीन पनीर भी कहा जाता है। टोफू खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होता है। शाकाहारी और वीगन लोगों के लिए यह प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स होता है। बता दें कि जो लोग, दूध, पनीर और अंडा खाने से कतराते हैं। उनके लिए टोफू एक बेहतरीन ऑप्शन है। टोफू में अमीनो एसिड, जिंक, आयरन, पौटेशियम विटामिन और आइसोफ्लेवोनीस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शरीर को मिनरल्स और प्रोटीन प्रदान करता है। जिससे शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। टोफू के नियमित सेवन से हड्डियां मजबूत होने के साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूप मात्रा में पाया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट्स से त्वचा और शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाव होता है। दिल के स्वास्थ्य के लिए भी यह काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। यह वेट लॉस के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। जो लोग मोटापे से परेशान हैं और अपना वेट लॉस करना चाहते हैं, तो वह अपनी डाइट में टोफू को शामिल कर सकते हैं।

**वजन घटाने में मददगार टोफू :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, टोफू एक लो कैलोरी फूड होता है। इसको अपनी डाइट में शामिल करने से प्रबंधन में मदद मिल सकती है। दरअसल, टोफू में प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसको अपनी डाइट में शामिल करने से आपको



बार-बार भूख नहीं लगती हैं। वहीं आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं। यह एक प्लांट-बेस्ड फूड है, इसके सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल में रहता है।

**साल्ट एंड पेपर टोफू :** अगर आपका शेड्यूल काफी व्यस्त है, तो आप इसे सिंपल तरीके से भी खा सकते हैं। इसके लिए आप टोफू के टुकड़ों पर नमक और काली मिर्च पाउडर छिड़कर भी खा सकते हैं। रोजाना सुबह या शाम के नाश्ते या वर्कआउट के बाद इसका सेवन करना फायदेमंद होता है। टोफू में प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है।

**टोफू का सलाद :** वेट लॉस के लिए आप टोफू को सलाद के तौर पर खा सकते हैं। सलाद बनाने के लिए टोफू को छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इसमें बारीक कटा हुआ टमाटर, शिमला मिर्च, प्याज और सलाद के पत्ते मिला लें। इसके ऊपर नींबू का रस, काली मिर्च पाउडर और नमक डालें। सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके तरह से टोफू का सलाद बना लें। आप इसे नाश्ते या लंच के दौरान खा सकते हैं। सब्जियों के साथ टोफू को मिलाकर खाने से आपको दोगुना पोषण प्राप्त होता है। अगर आप इसका सेवन लंच के दौरान करते हैं तो आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा और आप तेजी से अपना वेट लॉस कर पाएंगे।

**टोफू स्टर फ्राई :** वजन घटाने के लिए कई लोग डाइट फॉलो करने लगते हैं, तो कुछ लोग सिर्फ उबला हुआ खाना खाते हैं। बता दें कि वजन घटाने के लिए खाने को छोड़ने की जरूरत नहीं होती। बल्कि शरीर के हिसाब से खाना खाने की जरूरत होती है। अगर आप भी अपना वेट कम करना चाहते हैं, तो आप टोफू स्टर फ्राई खा सकते हैं। यह स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक रेसिपी है। इसे बनाने के लिए आप पैन में 1 चम्मच ऑलिव ऑयल गर्म करें। इसके बाद बारीक कटा हुआ प्याज, लहसुन, बीन्स, फूलगोभी, गाजर और टमाटर आदि अपनी पसंदीदा सब्जियां डालें। अब पैन को ढककर 5 मिनट तक धीमी आंच पर सब्जियों को पकने दें। सब्जियों के पकने के बाद उसमें टोफू मिलाएं। साथ ही इसमें काली मिर्च पाउडर, नमक और नींबू का रस मिक्स करें। अब 2-3 मिनट तक इसे पकाने के बाद गैस बंद कर दें। इस तरह आसान तरीके से टोफू स्टर फ्राई बनकर तैयार हो जाएगा। इसे खाने से आपको न सिर्फ स्वाद बल्कि वेट भी घटाने में मदद मिलेगी।

# उत्तर भारत के इन पर्यटन स्थलों की ट्रेन से करें सैर दोगुना होगा घूमने का मजा

वैसे तो भारत में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थल हैं। यह पर्यटन स्थल अपनी खासियत के लिए काफी ज्यादा फेमस हैं। हम आपको उत्तर भारत के 5 ऐसे पर्यटक स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप ट्रेन के जरिए पहुंच सकते हैं। वैसे तो भारत में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थल हैं। यह पर्यटन स्थल अपनी खासियत के लिए काफी ज्यादा फेमस हैं। जितना ज्यादा यह पर्यटन स्थल आकर्षक हैं, उतना ही ज्यादा सुहावना इनका सफर है। भारत के हर कोने तक आप रेल मार्ग, सड़क मार्ग या हवाई मार्ग से जा सकते हैं। लेकिन हवाई मार्ग का किराया अधिक होने के कारण हर व्यक्ति हवाई मार्ग नहीं चुन सकता है। ऐसे में आप पर्यटक स्थलों तक पहुंचने के लिए रेल यात्रा का अनुभव आपको रोमांचित कर सकता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तर भारत के ऐसे पर्यटक स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप ट्रेन के जरिए पहुंच सकते हैं और घूमने का पूरा मजा उठा सकते हैं।



**उत्तर प्रदेश, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश में घूमने के लिए कई ऐसे स्थान हैं, जहां तक रेल यात्रा की सुविधा मौजूद है। ऐसे में अगर आप भी महादेव की नगरी वाराणसी घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो आप यहां पर ट्रेन के जरिए बेहद आराम से पहुंच सकते हैं। वाराणसी की गंगा आरती और गंगा के घाट आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। भगवान शिव की नगरी काशी में सुबह-शाम सनातन धर्म की संस्कृति अलौकिक नजर आती है। वाराणसी पहुंचने के लिए यहां का सबसे पास रेलवे स्टेशन 'वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन' है।

**रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान :** वैसे तो पूरे विश्व में राजस्थान की खूबसूरती के चर्चे हैं। लेकिन अगर आप भी राजस्थान घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आपको सवाई माधोपुर में स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान को एक्सप्लोर करना चाहिए। यह देश के सबसे अच्छे बाघ अभ्यारण्यों में से एक है। यहां का सबसे करीबी रेलवे स्टेशन 'सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन' है।

**उत्तराखंड, मसूरी :** उत्तराखंड की खूबसूरती पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने का काम करती है। ऐसे में पहाड़ी शहर मसूरी रंगबिरंगी इमारतों के चलते काफी ज्यादा फेमस है। देवदार के पेड़ों से घिरा यह शहर छुट्टियां बिताने के लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर आप स्थानीय खानपान और लंबी सैर का आनंद उठा सकते हैं। मसूरी का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन 'देहरादून रेलवे स्टेशन' है।

**रॉक गार्डन, चंडीगढ़ :** अगर आप भी घूमने-फिरने के काफी ज्यादा शौकीन हैं, तो आपको चंडीगढ़ जरूर जाना चाहिए। पहाड़ियों के बीच स्थित चंडीगढ़ में आप शहरीकरण, वास्तुकला और प्राकृतिक सुंदरता का बेजोड़ मिश्रण देख सकते हैं। यहां के रॉक गार्डन की सुंदरता तो देखते बनती है। चंडीगढ़ का सबसे पास का रेलवे स्टेशन 'चंडीगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन' है।

**पंजाब, अमृतसर :** पंजाब की संस्कृति अपने आप में काफी ज्यादा अनोखी है। यहां की संस्कृति में आपको जिंदादिली देखने को मिलेगी। यहां पर आप स्वर्ण मंदिर देख सकते हैं। गोल्डन टेम्पल पंजाब का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र है। पंजाब के खाने का अपना ही अलग स्वाद होता है। यहां पहुंचने वाला निकटतम रेलवे स्टेशन 'अमृतसर जंक्शन रेलवे स्टेशन' है।

# कंप्यूटर से तेज दौड़ने लगेगा दिमाग इन न्यूट्रिएंट्स को डाइट में करें शामिल

ब्रेन फॉग की समस्या से निजात पाने के लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में सुधार करने की जरूरत होती है। अगर कम उम्र में आप भूलने या ध्यान केंद्रित करने की समस्या से परेशान हैं, तो यह ब्रेन फॉग के लक्षण हैं। बढ़ती उम्र के साथ ही यददाश्त कमजोर होना और फोकस में कमी होना एक आम समस्या होती है। लेकिन अगर आप कम आयु में ही चीजों को भूलने लगे हैं। कुछ समझने या ध्यान केंद्रित करने में समस्या होती है। तो यह ब्रेन फॉग के लक्षण हो सकते हैं। बता दें कि यह एक तरह का मानसिक विकार होता है। इस बीमारी में व्यक्ति को प्लानिंग करने, चीजों को रखकर भूलने, किसी चीज को याद रखने व भाषा समझने में परेशानी होती है। इस समस्या पीड़ित व्यक्ति को नींद न आना, चिड़चिड़ापन, फोकस में परेशानी, मूड स्विंग, सिरदर्द और चिंता आदि जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसे जड़ से सही करने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना बेहद जरूरी होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स :** हमारे मस्तिष्क कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में एंटीऑक्सीडेंट्स मदद करते हैं। इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्य को संरक्षित करने में भी मददगार होता है। इस समस्या से बचने के लिए आपको अपनी डाइट में मेवे, बीज नींबू, ब्रोकली, अंडा,




मछली, ब्राउन राइस, जामुन, खट्टे फल, बींस, तरबूज, अंगूर, सेब और शिमला मिर्च आदि को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड :** दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मस्तिष्क की सूजन को कम करने के साथ ही याददाश्त और एकाग्रता में सुधार लाने में सहायक होता है। इसके सेवन से आपको चिंता और अवसाद के लक्षणों में कमी देखने को मिलती है।

**कोलिन :** बता दें कि शरीर में एसिटाइलकोलाइन का उत्पादन करने के लिए कोलिन जरूरी होता है। यह एसिटाइलकोलाइन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है। जो मूड सुधारने, मांसपेशियों पर नियंत्रण, मेमोरी बूस्ट करने और तंत्रिका तंत्र के अन्य कार्यों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में गुर्दे, अंडा और सोया आदि को शामिल करना चाहिए।

**विटामिन-बी :** मस्तिष्क और तंत्रिका के कार्यों के लिए विटामिन-बी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मूड को सुधारने के साथ ही संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को कंट्रोल करने वाले न्यूरोट्रांसमीटर को रेगुलेट करने में अहम भूमिका निभाता है। एक रिसर्च के अनुसार, यदि शरीर में विटामिन-बी 12 की कमी होती है, तो वह डिप्रेशन और तनाव का शिकार हो सकता है। इसलिए ब्रेन फॉग की समस्या से निजात पाने के लिए आपको विटामिन-बी युक्त फूड्स, जैसे हरी सब्जियों, ओट्स, मशरूम, ब्रोकली, साबुत अनाज, दही, अंडा, पनीर और दूध का सेवन करना चाहिए।

**मैग्नीशियम :** मैग्नीशियम का सेवन ब्रेन फॉग की समस्या में फायदेमंद साबित हो सकता है। मैग्नीशियम तंत्रिका संचरण में बेहद अहम भूमिका निभाता है। यह ब्लड वेसल्स को आराम देने में सहायक हो सकता है। इससे मस्तिष्क में ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ावा मिलता है। वहीं मैग्नीशियम की कमी होने से तनाव और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए आपको मेवे, बीज, साबुत अनाज और पत्तेदार सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6781

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6780 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**04 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.33 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कन्या | 08.45 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 10.56 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.10 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.26 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.18 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 20.51 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.21 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.01 बजे से |
| 10.30 से | | मिथुन | 02.00 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कर्क | 04.13 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 216 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** अधि.श्रावण **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 12.46 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 07.08 बजे तदनन्तर पूर्वाभाद्रपदा 04.45 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** शोभन 06.13 बजे तदनन्तर अतिगण्ड 02.29 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 12.46 बजे तदनन्तर बव 23.09 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 22' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871695 **जूलियन दिन** 2460160.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी, गायक किशोर कुमार जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7843



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

**शब्द पहेली -7842 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने के योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृष राशि :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**मिथुन राशि :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**कर्क राशि :** मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह राशि :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कन्या राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**तुला राशि :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु राशि :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**कुंभ राशि :** हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**मीन राशि :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिक्स के विस्तार को लेकर असहमति की खबरें निराधार : भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है कि जिसमें कहा है कि भारत ब्रिक्स संगठन के विस्तार को लेकर कुछ असहमति रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें बेबुनियाद हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में ब्रिक्स के विस्तार के बारे में भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा कि इसके लिए हम दिशा निर्देशक सिद्धांतों, मानकों और अर्हताओं तथा प्रक्रिया के बारे में विचार-विमर्श और मतैक्य के आधार पर फैसला किए जाने के पक्ष में है। प्रवक्ता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान का हवाला दिया कि ब्रिक्स के विस्तार के संबंध में भारत खुले मन और सकारात्मक सोच रखता है। दक्षिण अफ्रीका से जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाली ब्रिक्स शिखरवार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्यक्ष भाग न लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिरकत करने संबंधी खबरों को प्रवक्ता ने अटकलबाजी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उच्चस्तरीय यात्रा के संबंध में यथा अवसर जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी मीडिया में इस आशय के समाचार प्रकाशित हुए थे कि भारत ब्रिक्स संगठन के विस्तार पर असहमति रखता है।

### राष्ट्रपति ने 'उत्कर्ष' व 'उन्मेष' उत्सव का किया शुभारंभ, कहा

# भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जाएं

**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध है। यहां सर्वाधिक जनजातियां निवास करती हैं। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए जनजातीय समुदाय के आधुनिक विकास में भागीदार बनें। नव उन्मेष से संयुक्त प्रतिभाएं भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जाएं। 'उन्मेष' और 'उत्कर्ष' जैसे आयोजन इस दिशा में तर्क संगत भी हैं और भाव संगत भी। ऐसा आयोजन एक सशक्त 'कल्चरल ईको सिस्टम' का निर्माण करेगा। मध्यप्रदेश शासन का इसमें सक्रिय सहयोग सराहनीय है। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में 'उत्कर्ष और उन्मेष' उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर



रही थीं। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से भोपाल में पहली बार 3 से 5 अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव 'उत्कर्ष' एवं 'उन्मेष' का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने दीप प्रज्ज्वलन कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद मेरी सर्वाधिक यात्राएं मध्यप्रदेश में हुई हैं। मैं आज पांचवीं बार मध्यप्रदेश की यात्रा पर आई हूं। मैं मध्यप्रदेश के 8 करोड़ निवासियों को यहां मेरे आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व हमारे देश की चिंतन धारा में सदैव रहे हैं। प्राचीनकाल से हमारी परंपरा कहती है यत्र विश्व भवति एक नीड। पूरा विश्व एक परिवार है। इस बार भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और उसका आदर्श वाक्य 'वन अर्थ, वन फेमिली एवं वन फ्यूचर' इसी भावना की अभिव्यक्ति है। यही भावना महा कवि जयशंकर प्रसाद की कविता में प्रतिबिंबित होती है: अरुण यह मधुमय देश हमारा, जहां पहुंच अंजान क्षितिज को मिलता एक सहारा। उन्होंने कहा कि साहित्य का सत्य हमेशा इतिहास के सत्य ऊपर होता है। कवि वर रविन्द्रनाथ टैगोर और महर्षि नारद की रचनाओं में यह स्पष्ट है। साहित्य मानवता का आइना है, इसे बचाता है और आगे बढ़ाता भी है। साहित्य और कला संवेदनशीलता, करुणा और मनुष्यता को बचाती है। साहित्य और कला को समर्पित यह आयोजन सार्थक और सराहनीय है।

# सुप्रीम कोर्ट में सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों हैं, मामले में सुनवाई आज



## फैसला चाहे जो आए, नजीर बनेगा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय में राहुल गांधी बनाम पूर्णेश ईश्वर भाई मोदी व अन्य मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार 4 अगस्त को होगी। इस मामले में दायर अपने नये हलफनामे में कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद राहुल गांधी ने आपराधिक मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों है। टिप्पणी के लिए उन्हें माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं है। राहुल ने याचिका में लिखा है - याचिकाकर्ता को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए मजबूर करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत परिणामों का उपयोग करना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता का कहना है और उसने हमेशा कहा है कि वह अपराध का दोषी नहीं है और दोष सिद्धि टिकाऊ नहीं है और अगर उसे माफी मांगनी होती और अपराध को कम करना होता, तो वह ऐसा बहुत पहले ही कर चुका होता। गांधी का नया हलफनामा मामले में शिकायतकर्ता भाजपा विधायक पूर्णेश ईश्वरभाई मोदी द्वारा दायर जवाबी हलफनामे के जवाब में दायर किया गया, जिन्होंने दोषसिद्धि के निलंबन का विरोध किया।गांधी ने कहा कि आपराधिक मानहानि नैतिक अधमता से जुड़ा अपराध नहीं है। उन्होंने दलील दी कि उन्हें अधिकतम सजा देने की दुर्लभ परिस्थिति आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने के लिए अपने आप में असाधारण परिस्थिति है। उन्होंने बताया कि मानहानि आईपीसी के तहत 22 अपराधों में से केवल एक है, जिसमें कठोर कारावास के बजाय केवल साधारण कारावास का प्रावधान है। साथ ही अपराध जमानती, गैर-संज्ञेय और समझौता योग्य है। ये कारक बताते हैं कि अपराध गंभीर नहीं है। राहुल गांधी ने आग्रह किया कि इस तरह के अपराध के लिए अधिकतम सजा के परिणामस्वरूप सांसद के रूप में अयोग्यता असाधारण कारक हैं, जिन पर अदालत को दोषसिद्धि पर रोक लगाने के लिए विचार करना चाहिए। उन्होंने सांसद और विपक्ष के नेता के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सत्ता प्रतिष्ठान के आचरण का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने दलील दी कि उनके भाषण को संपूर्णता में देखा जाना चाहिए, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या मानहानि का कोई इरादा था या नहीं। राहुल ने ने कहा कि शिकायतकर्ता ने खुद भाषण नहीं सुना और उन्होंने मीडिया रिपोर्ट के व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट पर भरोसा किया।

### केस का इतिहास

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी 2019 में कर्नाटक के कोलार में राजनीतिक रैली के दौरान 'सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों होता है' वाली टिप्पणी को लेकर विवाद में फंस गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गांधी पर 'मोदी' उपनाम वाले सभी लोगों को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा के विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने इस कथित टिप्पणी को लेकर भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 499 और 500 के तहत शिकायत दर्ज की। मार्च में गुजरात के सूरत जिले की स्थानीय अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया और दो साल की जेल की सजा सुनाई। हालांकि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया और उन्हें 30 दिनों के भीतर अपील दायर करने के लिए मामले में जमानत दे दी, लेकिन उनकी सजा निलंबित नहीं की गई। इसलिए अगले ही दिन केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व सांसद को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के सठित संविधान के अनुच्छेद 102(1)(ई) के संदर्भ में लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। पूर्व सांसद राहुल गांधी के लिए एक और झटका के रूप में सत्र अदालत ने आपराधिक मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली अर्जी खारिज कर दी। हालांकि अदालत ने उनकी अपील का निपटारा होने तक उन्हें जमानत दे दी। सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ गांधी ने आपराधिक पुनर्विचार आवेदन दायर किया।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से

### वीर-वीरांगनाओं को दी जाएगी श्रद्धांजलि

### ग्राम पंचायतों में स्मारक भी स्थापित किए जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के बीते संस्करण के दौरान, स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर-वीरांगनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की गई। इस अभियान के अंतर्गत पूरे देश में हमारे वीर-वीरांगनाओं की स्मृति में न केवल अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, बल्कि ग्राम पंचायतों में, उनके विशेष शिलालेख भी स्थापित किए जाएंगे। देश में आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ 12 मार्च, 2021 को साबरमती से दांडी तक मार्च के साथ शुरू हुआ था और अपनी 2 वर्षों से भी अधिक की यात्रा के दौरान इस अभियान ने पूरी दुनिया के सामने जन-भागीदारी का एक अनूठा स्वरूप पेश किया है। इस अभियान के अंतर्गत पूरे देश में 2 लाख से भी अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत 09 से लेकर 30 अगस्त, 2023 तक गांव/पंचायत, प्रखंड



और स्थानीय शहरी निकाय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत शिलाफलकम (स्मारक) की स्थापना, पंच प्रणों की प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन जैसे कई कार्यक्रम निर्धारित हैं। देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बने अमृत सरोवर, जल स्रोत या अन्य प्रमुख स्थानों पर शिलाफलकम की स्थापना की जायेगी, जिसमें वहां के गांव, पंचायत, ब्लॉक, कस्बा, नगर आदि क्षेत्रों के वीर-वीरांगनाओं के नाम अंकित होंगे। इन शिलाफलकम में क्षेत्र के उन लोगों के लिए प्रधानमंत्री का संदेश भी होगा जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन का बलिदान किया है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत एक अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें देश के कोने-कोने से, 7500 कलशों में मिट्टी लेकर दिल्ली की यात्रा की जाएगी। इस यात्रा में, देश के अलग-अलग हिस्सों से आई मिट्टी और पौधों को लगाकर दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। यह अमृत वाटिका, निश्चित रूप से हमारी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को एक नई मजबूती देगी।

इस अभियान में एक व्यापक स्तर पर जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मेरी माटी मेरा देश पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया है। यहां आप हाथों में एक मुठ्ठी मिट्टी या मिट्टी का दीया लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। इस दौरान, पंच प्रणों की प्रतिज्ञा स्वरूप आप- मैंने शपथ ली कि, भारत को एक विकसित देश बनाएंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्यबद्ध रहेंगे, नागरिक के कर्तव्य निभाएंगे, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। एक बार शपथ लेने के बाद आप अपना भागीदारी का डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ 9 अगस्त को होगा और 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस तक पंचायतों/गांवों, छोटे शहरी स्थानीय निकायों में निर्धारित कार्यक्रम आयोजित होंगेक इसके बाद, 16 अगस्त, 2023 को प्रखंड, बड़ी नगर पालिका/निगम और राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे। 30 अगस्त, 2023 को कर्तव्य पथ पर गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# दिल्ली सेवा विधेयक लोकसभा में पारित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा ने गुरुवार को दिल्ली सेवा विधेयक पारित कर दिया। विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया। इस दौरान विपक्ष ने सदन से बाहिर्गमन किया। यह चर्चित विधेयक दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति संबंधी अधिकारों से जुड़ा है। लोकसभा में मणिपुर के मुद्दे पर कई दिनों से जारी गतिरोध के बाद आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पर लम्बी चर्चा हुई। इसमें सत्ता पक्ष के साथ ही कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने चर्चा में भाग लिया। चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहे। उन्होंने चर्चा की शुरूआत की और विपक्षी सदस्यों के बोलने के बाद अंत में जवाब भी दिया। विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते और उत्तर देते हुए अमित शाह ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि सदन में पिछले दिनों करीब 9 विधेयकों को पारित किया गया। वे सब महत्वपूर्ण विधेयक थे लेकिन विपक्ष ने इन पर चर्चा में भाग नहीं लिया। उन्होंने मणिपुर का मुद्दा उठाया। हालांकि आज मणिपुर और अन्य सभी मुद्दे विपक्ष को याद नहीं है। इसका एक ही कारण है कि इन्हें एक पार्टी (आम आदमी पार्टी) को अपने गठबंधन में बनाये रखना था। शाह ने कहा कि विपक्ष को लोकतंत्र नहीं बल्कि गठबंधन की चिंता है। केजरीवाल कहीं भाग न जाएं इसकी चिंता विपक्ष को है। अमित शाह ने कहा कि वे दावा करते हैं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बार फिर देश में सरकार बनेगी। वहीं जिस केजरीवाल के लिए गठबंधन का प्रयास चल रहा है वही केजरीवाल बाय-बाय कर गठबंधन से बाहर जाने वाले हैं। विपक्ष की ओर से उठाए सवालों का जवाब देते हुए गृहमंत्री ने दिल्ली सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि देश में एक ही विधानसभा है जिसका सत्रावसान नहीं होता। केवल राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर हमला करने के लिए एक दिन का सत्र बुला लिया जाता है। विधानसभा केवल बजट पारित करने के लिए बुलाई जाती है। राज्य में कैबिनेट की बैठक नहीं होती है। अध्यादेश लाने पर शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पूरी तरह आने से पूर्व ही दिल्ली सरकार ने बहुत तेजी से काम करना शुरू कर दिया। सरकार का निशाना सीधा विजलेंस विभाग पर था। विजलेंस विभाग में कई संवेदनशील मुद्दों से जुड़ी फाइलें मौजूद हैं।




## सुपरस्टार रजनीकांत की 'जेलर' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**साउथ सुपरस्टार** रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर को देखकर रजनीकांत के फैंस काफी खुश हैं। रजनीकांत के लुक से लेकर उनके स्टाइल तक हर चीज की तारीफ होती नजर आ रही है। ट्रेलर से साफ है कि रजनीकांत के इस नाम का जादू और उनका समग्र मजबूत प्रक्षेपण उनके प्रशंसकों को 'जेलर' में अनुभव होगा। 'जेलर' में रजनीकांत एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में तमन्ना भाटिया और 'बाहुबली' में शिवगामी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री राम्या कृष्णन भी हैं। फिल्म का नाम पहले 'थलाइवर 169' था, लेकिन बाद में निमार्ताओं ने 'जेलर' नाम की पुष्टि की।



## नितिन देसाई की आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, मौत की वजह आई सामने



**अपने** करियर में कई सुपरहिट हिंदी और मराठी फिल्मों में कला निर्देशन कर चुके देसाई की ऑटोप्सी रिपोर्ट सामने आने के बाद उनकी मौत का खुलासा हो गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण फांसी लगना ही बताया गया है। उनका शव 2 अगस्त को कर्जत में एनडी स्टूडियो में फांसी के फंदे पर संदिग्ध हालात में लटका मिला था। नितिन चंद्रकांत देसाई का पोस्टमॉर्टम जेजे अस्पताल में चार डॉक्टरों की टीम ने किया। रायगढ़ पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार मौत का कारण फांसी है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक स्टूडियो के एक कर्मचारी ने सुबह करीब 9:30 बजे कर्जत पुलिस स्टेशन में फोन कर बताया कि नितिन देसाई ने आत्महत्या कर ली है।

### सावधान | एआई के मैलवेयर को सॉफ्टवेयर नहीं पहचान पा रहा

# एआई-चैटजीपीटी से हैक हो रहा अकाउंट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईए) से बहुत से काम आसान होने लगे हैं , लेकिन इसने साइबर ठगों के लिए ठगी करना भी आसान कर दिया है। इसके कारण साइबर ठग एआई की सहायता से लोगों का बैंक खाता खाली करने लगे हैं, और इसकी भनक भी नहीं लग रही है। सो इस तरह की घटनाएं बढ़ने के कारण , फेडरेशन ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने एआई ठगी को लेकर चेतावनी दी है। एफबीआई ने कहा है कि एआई से एंड्रॉयड और आईफोन दोनों को सतर्क रहने की जरूरत है।

एफबीआई ने अपनी चेतावनी में




कहा है कि एआई व चैटजीपीटी जैसे टूल का इस्तेमाल ठगी करने में बड़े पैमाने पर हो रहा है। इनकी मदद से साइबर चोर लोगों के बैंक अकाउंट को खाली कर रहे हैं। एआई का सबसे ज्यादा इस्तेमाल लोगों की निजी जानकारियों को इकट्ठा करने में किया जा रहा है। एफबीआई ने कहा कि एआई की मदद से मैलवेयर वाले सॉफ्टवेयर बनाए जा रहे हैं और इसके अलावा आतंकवादियों के लिए खतरनाक केमिकल हथियार भी बनाए जा रहे हैं। एआई व चैटजीपीटी का इस्तेमाल बड़े स्तर पर मैलवेयर तैयार कर लोगों के बैंक अकाउंट की जानकारी हासिल करने में किया जा रहा है। एआई के द्वारा बनाए गए मैलवेयर को एंटी मैलवेयर सॉफ्टवेयर भी पहचान नहीं पाते हैं। एंटी वायरस बनाने वाली कंपनी बिटडिफेंडर के टेक्निकल सॉल्यूशन डायरेक्टर मार्टिन जुगेक ने कहा कि नौसिखिया मैलवेयर डेवलपर के पास चैटबॉट के एंटी-मैलवेयर से बचने का कोई कौशल नहीं है। उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। एआई को लेकर इससे पहले सेंटर फॉर एआई सेफ्टी ने भी जून 2023 में चेतावनी दी थी।

## पीएम 12 स्टेशनों के आधुनिकीकरण कार्य का करेंगे शिलान्यास

**समस्तीपुर।** पीएम 06 अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार में पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर समेत 12 प्रमुख स्टेशनों के आधुनिकीकरण कार्य का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास करेंगे, जिसपर कुल एक हजार पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने गुरुवार को यहां बताया कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान मे रखते हुए समस्तीपुर समेत 12 प्रमुख स्टेशनों पर अगले 45 वर्षों के विकास कार्य की रेल मंत्रालय द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है। बताया कि जिन स्टेशनों का शिलान्यास किया जायेगा उनमें समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, बापूधाम मोतिहारी, सहरसा, नरकटियागंज, सुगौली के साथ-साथ सलौना, बनमंखी, मधुबनी, सकरी एवं जयनगर स्टेशन शामिल हैं।

## अक्षय की 'ओएमजी-2' ट्रेलर रिलीज, 11 को आएगी सिनेमाघरों में

**अक्षय कुमार** की 2012 की फिल्म 'ओह माई गॉड' के सीक्वल 'ओएमजी-2' की इस समय काफी चर्चा हो रही है। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है। फिल्म 'ओएमजी-2' की पूरी कहानी कांति शरण मुद्गल के परिवार पर आधारित है। 3 मिनट के ट्रेलर में अक्षय कुमार के शिव अवतार ने लोगों का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद कांति शरण मुद्गल के बेटे को स्कूल से निकाल



दिया गया है। इसके बाद ट्रेलर में नजर आता है कि कांति शरण का बेटा सुसाइड करने जाता है। उसे स्कूल से भी निकाल दिया गया है। इसके बाद कांति शरण ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सीधे कोर्ट में याचिका दायर कर दी। ट्रेलर में एक कोर्ट सीन खास ध्यान खींचता है। इसमें जज पूछते हैं कि आरोपी और शिकायतकर्ता कौन है। इसके बाद पंकज त्रिपाठी (कांति शरण) हाथ उठाकर जवाब देते हैं कि दोनों मैं हूं। तो क्या कांति शरण को मिलेगा न्याय? भगवान शिव शंकर के दूत अक्षय कुमार उनकी कैसे मदद करेंगे? ट्रेलर में बताया गया है कि यह 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) यानी सेंसर बोर्ड ने 'ओएमजी-2' को 'ए' सर्टिफिकेट दिया है।

# प्रणवाक्षर सदाशिव ही पूर्ण ब्रह्म हैं : स्वामी परिपूर्णनन्द जी





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर, रांची भव्य दरबार में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण व्याख्यान के तीसरे दिन निर्धारित समय से पहले ही भक्तों की अपार भीड़ संपूर्ण वातावरण को शिव महामंत्र का जाप कर शिवमय बना दिया तथा पूरे मन्दिर परिसर भोले शंकर के जयकारों से गूंज रहा था। सांय 4 बजे स्वामी परिपूर्णनन्द जी के व्यास पीठ का पारम्परिक पूजन वन्दन के बाद स्वामी जी ने व्यख्यान को आगे बढ़ते हुए कहा कि प्रणवाक्षर सदाशिव ही पूर्ण ब्रह्म हैं - महाशिवरात्रि शिव के दिव्य स्वरूप का प्राकट्य दिवस है। अतः महाशिवरात्रि के शुभ दिन शिवलिंग का श्रृंगार- पूजन-वन्दन अत्यन्त श्रेष्ठकारी है। स्वामी जी कहते हैं - शिव ही एकानन हैं-शिव ही पंचानन हैं और शिव ही गुरुपुराण हैं। संसार में अत्यंत सुलभ व अविनाशी देव शिव ही हैं अतः ॐ नमः शिवाय दिव्य मंत्र का निरंतर जाप अत्यन्त फलदाई है साथ ही भक्ति ज्ञान वैराग्य इन तीनों की प्राप्ति से ही जीवन रसमय ही सकता है तथा सत्संग ही प्रभु दर्शन का मार्ग है, साथ ही शिवलिंग स्वरूप निराकर है जिसपर शिव अनुग्रह करते हैं वो मोक्ष को प्राप्त करता है। स्वामी जी ने आगे व्याख्यान में बताया की तीर्थ छेत्र में दान करने वालों को शिव जी पापों से मुक्ति देकर सभी बंधनों से मुक्त करते हैं - शिवजी के आंख से प्रगट रुद्राक्ष शिव जी को अत्यंत प्रिय है ।महादेव श्रृष्टि का उत्पन करता - पालन करता एवम संघहार करता हैं - उनका स्वरूप निर्विकार है - ईश्वर सबमें अतन्यार्मी बनकर विद्यमान हैं । ईश्वर को प्रपंच, अहंकार पसंद नही है - ये सब छोड़ कर जी उनकी शरण में जाते हैं उन्हें भक्ति पुरुष्कार में मिलती है। आज के महाशिवपुराण के व्याख्यान समाप्ति के बाद श्री ज्योति बजाज एवम उनके परिवार के द्वारा शिवपुराण की महाआरती निवेदित की गई साथ ही प्रसाद वितरण के साथ आज के तृतीय दिवस का कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय शंकर साबू, ज्ञान प्रकाश बागला, अमित जलान, गौरव शर्मा, सुमित महलका, राकेश सारस्वत, महेश शर्मा, सुनील मोदी, प्रदीप अग्रवाल, विनोद शर्मा का योगदान रहा।

## सीआईडी के डीजी सभी रेंज के डीआईजी के साथ करेंगे बैठक

**रांची।** संगठित और शातिर अपराध कर्मियों के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा। इसको लेकर सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता गुरुवार को सभी रेंज के डीआईजी के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान डीजी अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी समेत कई दिशानिर्देश देंगे। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस ने पिछले कुछ सालों में नक्सलियों के खिलाफ कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है, लेकिन अपराधियों के खिलाफ उसे कोई खास सफलता नहीं मिली है। राज्य में ऐसे कई गिरोह हैं, जिन्होंने आम जनता और कारोबारियों का जीना हराम कर रखा हैं। ये गिरोह रंगदारी, लेवी के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वैसे लोगों पर कड़ी नजर रखनी है और उसे तुरंत गिरफ्तार उसे सलाखों के पीछे भेजने की जरूरत है।

# युवा नई सोच और ऊर्जा के प्रतीक : सुदेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि युवा नई सोच और ऊर्जा के प्रतीक हैं। सिर्फ उम्र के आधार पर युवाओं को परिभाषित नहीं करें, जिसे भी भविष्य की चिंता है। आप दोहरी जवाबदेही के लिए आगे आए हैं। आप में अपने और भावी पीढ़ी की चिंता है। पार्टी जवाबदेही लेने वाले के लिए अवसर है। सभी युवाओं के साथ मिल कर हमारी पार्टी प्रदेश को आदर्श वातावरण देगी। महतो गुरुवार को रांची स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में केजी से पीजी में पढ़ने वाले सभी परेशान हैं। पीजी में पढ़ने वाले नौकरी और केजी में पढ़ने वाले शिक्षक के लिए। राज्य में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। सरकार इस प्रदेश के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है। प्रदेश के 60 प्रतिशत विद्यालय सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इस वजह से बच्चों की पढ़ाई छूट जा रही है। सरकार को एक भी छात्र छूटे न और एक भी छात्र टूटे न इस सोच के साथ काम करना चाहिए। कई छात्र और युवाओं ने आजसू पार्टी का थामा दामन

इस अवसर पर पार्टी में कई उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र और युवाओं ने आजसू पाटी का दामन थामा। पीएचडी छात्र सचिन भगत ने कहा कि युवाओं को लोग बरगलाते हैं। आजसू पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रही है और पार्टी के मूल मंत्र हमारा प्रयास सामाजिक न्याय और विकास ने भी मुझे बहुत प्रभावित किया है। आज की स्थिति को देख कर युवाओं में काफी आक्रोश है और आजसू पार्टी युवाओं के आक्रोश को एक मंच दे रही है।

# कुरमी/कुड़मी, घटवार, तेली को एससी सूची में शामिल करे सरकार : डॉ लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से छोटानागपुर की कुरमी/कुड़मी (महतो), उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार तथा तेली (कोल्ह) को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी (कहार) को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने की वकालत की है। उन्होंने यह मांग आज झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवे दिन गुरुवार को शून्यकाल में पुरजोर तरीके से उठाया। आजसू पार्टी के विधायक ने सदन को बताया कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में में प्रस्ताव संख्या (1) में छोटानागपुर की कुरमी/ कुड़मी (महतो ), उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार (घटवाल) एवं राज्य की तेली (कोल्ह) को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी (कहार) को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने का निर्णय का लिया गया था बावजूद इसके इस मामले पर अब तक राज्य सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। सदन के माध्यम से राज्य सरकार से हमारी यह मांग है की इस विषय पर राज्य सरकार तत्काल सकारात्मक रूप से कदम उठाये।

# स्कूल में लगी आग, भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जिला स्कूल में लगे आग पर अग्निशमन विभाग ने काबू पा लिया है। कोतवाली पुलिस और दमकल कर्मियों मैं कठिन परिस्थितियों में रास्ता बना कर स्कूल में लगी आग पर काबू पाया। इस आग लगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान हुआ है ,स्कूल के चार कमरे जिसमें 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे वे पूरी तरह से जलकर राख हो गए। राहत की बात है कि इस अगलगी में बच्चों और शिक्षकों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ।

**आग लगने से मची अफरा तफरी**

रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित जिला स्कूल में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस आग लगी में स्कूल के चार कमरे पूरी तरह से जलकर राख हो गए ,स्कूल का सीढ़ी घर भी आग में स्वाहा हो गया। जिला स्कूल की बिल्डिंग आजादी के पहले की बनी हुई है जिसमें



इमारती लकड़ियों का बहुत ज्यादा प्रयोग किया गया है, इस वजह से आग की लपटें बेहद तेज गति से फैली और देखते ही देखते स्कूल के चार कमरे को अपने चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह से एक तरफ भगदड़ मची हुई थी वहीं दूसरी तरफ कोतवाली पुलिस और दमकल के कर्मी आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश करने में लगे रहे। किसी तरह 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल के पांच वाहनों ने आग पर काबू पाया।आग पर काबू पाने के लिए दमकल के वाहनों को बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि जिला स्कूल का गेट छोटा होने की वजह से दमकल के वाहन अंदर नहीं जा पा रहे थे।

**कुर्सी ,डेस्क प्रोजेक्टर जल कर हुए स्वाहा**

इस अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्कूल का सीढ़ी घर और कक्षा 6 के चार कमरे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गए, जिसकी वजह से कमरों में मौजूद प्रोजेक्टर ,कुर्सी और डेस्क पूरी तरह से जल गए।

### आग लगते ही बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया

जैसे ही सुबह स्कूल में कक्षाएं शुरू हुई है वैसे ही बच्चों ने क्लास की खिड़की से धुआं निकलते हुए देखा जिसके बाद उन्होंने तुरंत मामले की जानकारी शिक्षकों को दी । शिक्षकों ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को स्कूल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया और मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। इस अगलगी में बच्चों को थोड़ा सा भी नुकसान नहीं पहुंचा है।

**नशेड़ियों का हो जाता है जमावड़ा :** वहीं दूसरी तरफ जिला स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल बंद होने के बाद साइकिल स्टैंड की तरफ दादी किस्म के युवकों के द्वारा अड्डे बाजी की जाती है। वह सीढ़ी वाले स्थान पर ही बैठकर गांजा सिगरेट पीते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने आशंका जताई है कि आग लगने की वजह भी गाना और सिगरेट ही है। पुलिस प्रशासन और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाकर राहत की सांस ली है। हालांकि शिक्षकों के द्वारा जिस तरह के आरोप अड्डे बाजी को लेकर लगाया गया है ,उस पर पुलिस प्रशासन को संज्ञान लेकर नकेल कसना होगा। जिला स्कूल राजधानी रांची में धरोहर के रूप में है।

## झारखंड एकता मंच मुंबई के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात,प्रवासी मजदूरों की मदद की बात कहा



**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड एकता मंच, मुंबई के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और झारखंड के विकास एवं तरक्की में हर संभव सहयोग करने के इच्छुक हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंडी एकता मंच की पत्रिका 'अब दिखेगा खबर' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट, राजेश शर्मा, ताज हसन अंसारी और असलम अंसारी विशेष रुप से शामिल थे।

## मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला परिषद, गढ़वा के सदस्यों ने सीएम से रूबरू हुए



**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला परिषद, गढ़वा के सदस्यों ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को और सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और सदस्य अर्चना प्रकाश, शर्मा रजनी, शंभू चंद्रवंशी, धर्मराज पासवान और अजय चौधरी शामिल थे।

## आरकेडीएफ विवि के छात्रों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विस के कार्यवाही की ली जानकारी

**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आए आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा पीढ़ी पर देश और राज्य का भविष्य निर्भर करता है। आप सभी ने आज लोकतंत्र के 'मंदिर' कहे जाने वाले विधानसभा की कार्यवाही देखी। आप जैसे युवाओं से उम्मीद है कि लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# 'सोनिया और राहुल के इशारे पर कांग्रेसी आदिवासी समाज का कर रहे अपमान'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। सदन में कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस विधायक आदिवासी समाज का अपमान कर रहे हैं। भाजपा पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है, लेकिन जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। आदिवासी इतना तेज कैसे हो गए हैं हमको समझ नहीं आता बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। झारखंड में अब तक आदिवासी समाज से 4 मुख्यमंत्री चुने गए। आशा लकड़ा ने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आदिवासी हैं। लेकिन वे आदिवासी को बोका समझते हैं। झारखंड का इतिहास गवाह है कि आदिवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर इस राज्य का नाम रोशन किया है। आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इरफान अंसारी पहले आदिवासियों के इतिहास को जाने। आदिवासी सरल, सहज व स्वाभिमानी हैं। कांग्रेस और जेएमएम न तो आदिवासियों के हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता ने प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को भी अपने असंसदीय टिप्पणी से अपमानित किया। आशा लकड़ा ने कहा कि विधायक इरफान अंसारी का यह बयान कि उन्हें हिंदू वोट नहीं देंगे, तब भी जीत जाएंगे। यह अहंकार नहीं तो और क्या है। विधायक इरफान अंसारी जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं या किसी वर्ग विशेष का। हिंदू किसे वोट देंगे और किसे नहीं, यह तो वक्त ही बताएगा।

**झारखंड का इतिहास गवाह है कि आदिवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर इस राज्य का नाम रोशन किया है**

# लापता बैंक कर्मी संतोष कुमार का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बैंक कर्मी संतोष कुमार के लापता होने के तीन दिन बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। इस मामले को लेकर बैंक कर्मी संतोष कुमार की पत्नी मनीषा भारद्वाज ने बुधवार को लालपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि इनके पति बीते 31 जुलाई को लालपुर स्थित अपने बैंक से दिन के करीब तीन बजे निकले थे। उस समय उन्होंने कॉल करके कहा कि ऑफिस के काम से ओरमांझी जा रहे हैं। मेरे मोबाइल का बैटरी डाउन है, इस वजह से मोबाइल ऑफ हो सकता है। इसके बाद से मेरे पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है और ना ही वह अभी तक घर आए हैं। उन्होंने कहा है कि संतोष कुमार का मोबाइल भी बंद आ रहा है। इस संबंध में लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने गुरुवार को बताया कि बैंक कर्मी का लास्ट लोकेशन बूटी मोड़ मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## 5 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष सदान विकास पार्टी ने दिया धरना

**रांची।** सदान विकास पार्टी ने गुरुवार को 5 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहु के नेतृत्व में धरना दिया। मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के सदानों को उनके हक और अधिकार से वंचित करने की साजिश राज्य की सभी पार्टियों के विधायक मंत्री ने की है। एकल पद आरक्षित कर दिया गया। यहां तक कि ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया और राज्य के सदानों, मूल निवासियों व सदानों को एक मुखिया तक बनने का अधिकार नहीं रहा। इतना ही नहीं राज्य के सात जिलों में ओबीसी आरक्षण जीरो कर दिया गया। ओबीसी के अधिकार का हनन राज्य सरकार कर रही है। सरकार द्वारा अविलंब सुनवाई नहीं होने पर सदान विकास पार्टी 15 अगस्त के बाद विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री के विरोध में उग्र आंदोलन एवं झारखंड बंद का आह्वान करेगी।

**निंदा** विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री ने भी इरफान मामले पर जताया खेद

# माफी के बाद भी ओछी हरकत ठीक नहीं : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे जब सदन शुरू हुआ तो भाजपा विधायकों के शोर-शराबे के बीच स्पीकर ने सदन की कार्रवाई दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मुश्किल से 10 मिनट से अधिक समय तक चली सदन की कार्यवाही में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने आदिवासी समाज को विधायक इरफान अंसारी द्वारा स्मार्ट बोले जाने के प्रकरण पर क्षमा मांग ली। साथ ही कहा कि सदन में विपक्ष जो आचरण दिखा रहा है, उसकी भी जांच हो।

इस दौरान प्रदीप यादव ने भी भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के आचरण को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बांहें उठाकर वे ऐसा दिखा रहे हैं जैसे वे किसी अखाड़े में हों। उनकी हरकत के लिए भाजपा के सचेतक को भी माफी मांगनी चाहिए। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुधवार को सदन में जो कहा, उससे पूरे देश का एक समुदाय आहत हुआ है। राष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद पर आदिवासी महिला पहुंच चुकी है। बावजूद इसके इरफान ने आदिवासी समाज को जलालत भरे शब्दों में आहत किया है। स्पीकर ने इस बात को खत्म करने की अपील की लेकिन भाजपा विधायक इसे अनसुना करते रहे। इसी क्रम में आलमगीर आलम ने आक्रोश जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के साथ जो हुआ, मणिपुर की जो घटना हुई, उस पर भी भाजपा जवाब दे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि इरफान अंसारी और आलमगीर आलम ने माफी मांग ली फिर भी इस पर राजनीतिक रोटी सेंकी जा रही है। इस तरह की ओछी हरकत ठी नहीं है। इसके बाद स्पीकर ने शून्यकाल की सूचनाएं लेनी शुरू की। विधायक अंबा प्रसाद ने उर्दू शिक्षकों की बहाली का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि दो दशक से शिक्षकों की बहाली नहीं हो रही है। कई रिटायर हो गये। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में इनके पदों को घटा दिया गया। सरकार घटाये गये पदों को पूर्व की भांति यथावत करें। नियुक्ति भी करें।

**भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुधवार को सदन में जो कहा, उससे पूरे देश का एक समुदाय आहत हुआ है। राष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद पर आदिवासी महिला पहुंच चुकी है।**

# पृष्ठ एक के शेष

**विधेयक में क्या है...**

परीक्षा में शामिल कंपनी या एजेंसी द्वारा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने, प्रश्न पत्र लीक करनेवालों को कम से कम 10 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा होगी। एक करोड़ से लेकर दो करोड़ तक दंड लगेगा। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त तीन साल के कारावास तक सजा हो सकती है। यह प्रावधान राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा, राज्य सरकार के लोक उपक्रमों द्वारा आयोजित परीक्षा के अलावे निगम और निकायों द्वारा आयोजित होने वाले परीक्षाओं में लागू होगा। इस विधेयक के दायरे में परीक्षार्थी के अतिरिक्त परीक्षा प्रक्रिया में शामिल होने वाले एजेंसियां, सरकारी कर्मचारियों के द्वारा प्रश्न पत्र लीक करने या परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वाली जानकारी को सार्वजनिक करने वाले आएंगे। साथ ही परीक्षा डयूटी में शामिल कर्मचारियों, उनके पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों को धमकी देने और परीक्षा के संबंध में गलत सूचना प्रचारित करने का अफवाह फैलाने वाले भी इसके दायरे में आएंगे।

**केंद्रीय ओबीसी की सूची में...**

हेतु पत्र भेजा गया है। सांसद श्री राम ने कहा कि आपके माध्यम से समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा भेजे गए उक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित करने की कृपा की जाय।

**हाई कोर्ट में बंधु मिर्की की...**

अनिल कुमार ने पैरवी की। हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने छह लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी। सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को आरोप गठित किया गया था।

**उल्लंघन पर 250 करोड़ रुपये...**

प्रोटेक्शन बिल 2023 का टीएमसी सांसद सौगत राय, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने डाटा प्रोटेक्शन बिल का विरोध करते हुए कहा कि मैं इस बिल का विरोध करता हूं। इस बिल के जरिए सरकार सूचना के अधिकार कानून को रौंदना चाहती है। इसलिए हम इस तरह के उद्देश्य का विरोध करेंगे। इस बिल को चर्चा के लिए स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाना चाहिए।

# सिंधु, श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में, मंजुनाथ बाहर

**एजेंसी। सिडनी**

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु, पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत और युवा प्रियांशु राजावत ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजुनाथ दूसरे दौर में हार गए। 2016 में रियो ओलंपिक खेलों में रजत पदक और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधु ने हमवतन आकर्षी कश्यप को 29 मिनट के मुकाबले में 21-14, 21-10 से हराया। श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर



सुपर 500 इवेंट में क्वे सेंटर के कोर्ट 3 में दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-10, 21-17 से हराकर समान रूप से आसान जीत दर्ज की। राजावत ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को तीन कठिन गेमों में हराया, दूसरे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की वापसी को रोककर 59 मिनट में 21-8, 13-21, 21-19 से जीत हासिल की। मिथुन मंजुनाथ दूसरे दौर में मलेशिया के अनुभवी ली जी जिया से तीन गेम में 21-13, 12-21, 21-19 से हार गए। आकर्षी के साथ सिंधु की यह पहली भिड़ंत थी और अधिक अनुभवी खिलाड़ी ने पूरे मैच में बढ़त बनाए रखी और एक आरामदायक जीत के लिए दबाव डाला। प्रतियोगिता में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु का अगला मुकाबला मलेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा, जो हुआंग यू-हसुन के खिलाफ दूसरे गेम में कड़ी टक्कर के साथ 19-21, 21-10, 21-12 से जीत के बाद अंतिम-आठ चरण में पहुंचीं। पहले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो को 21-18, 21-7 से हराने वाले श्रीकांत सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। राजावत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका न देते हुए पहला गेम आसानी से 21-8 से जीत लिया। चीनी ताइपे शटलर ने अगले गेम में जोरदार वापसी करते हुए इसे 21-13 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

# अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत और बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। तिवारी ने 12 एकदिवसीय और तीन टी20में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 2011 में चेन्नई में 50 ओवर के मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 104 रन थी। भारत के लिए अपने छिटपुट प्रदर्शनों के अलावा, तिवारी बंगाल की बल्लेबाजी लाइन-अप में एक



शानदार शख्सियत थे, उन्होंने 141 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.56 के औसत से 9908 रन बनाए, जिसमें 29 शतक और 45 अर्धशतक शामिल थे। नाबाद 303 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 2022-23 रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के लिए बंगाल की कप्तानी भी की, जहां टीम सौराष्ट्र से हारकर उपविजेता रही। तिवारी ने 169 लिस्ट ए गेम्स में 5581 रन और 183 टी20 गेम्स में 3436 रन भी बनाए। तिवारी वर्तमान में पश्चिम बंगाल सरकार में युवा मामले और खेल राज्य मंत्री हैं। तिवारी ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नोट में कहा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### क्लिफोर्ड मिरांडा भारत अंडर 23 टीम के मुख्य कोच नियुक्त



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को भारत के पूर्व खिलाड़ी क्लिफोर्ड मिरांडा को अगले साल कतर में होने वाले एएफसी अंडर 23 एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी क्वालीफायर के लिए भारत की अंडर-23 टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने क्लिफोर्ड मिरांडा के नाम की सिफारिश की थी, जिसकी बैठक गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई और इसकी अध्यक्षता आईएम विजयन ने की।

### मेरे लिए बार्सा छोड़ना आसान नहीं होगा : पेड्री



**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री के पास उस दिन क्लब के लिए अच्छी खबर थी जब कोच जावी हर्नांडेज ने स्वीकार किया कि विंगर ओस्मान डेम्बेले ने कहा था कि वह पेरिस सेंट जर्मेन में शामिल होना चाहते थे। स्पेन के 20 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पेड्री भी स्थानांतरण की अटकलों का विषय रहे हैं, जिसका आंशिक कारण बार्सा की खराब वित्तीय स्थिति है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह लास वेगास में एसी मिलान पर 1-0 की जीत के बाद छोड़ने पर विचार करेंगे, तो वह अपने भविष्य के बारे में स्पष्ट थे। मैं उन प्रस्तावों पर नजर रखता हूं जो मेरे पास आते हैं, लेकिन वे मेरे प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त किए जाते है। उन्होंने यह कहने से पहले स्वीकार किया, मुझे इस क्लब को छोड़ने के लिए कई चीजें करनी होंगी। यह बहुत बुरा और बहुत अप्रिय होगा।

# मैसी ने ऑरलैंडो सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज की



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अर्जेंटीना के दिग्गज स्ट्राइकर लियोनल मैसी के दो गोलों की मदद से इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी पर 3-1 की घरेलू जीत के साथ लीग कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली। पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन एफ.सी. स्टार मैसी ने बुधवार की रात को मैच में सातवें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिला दी, जब उन्होंने पेरू के गोलकीपर पेड्रो गैलीज को छकाने से पहले रॉबर्ट टेलर के ऊंचे पास को अपनी छाती से नियंत्रित किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेहमान टीम ने सीजर अरुजो के माध्यम से शीघ्र ही बराबरी कर ली, जिन्होंने इवान एंगुलो के शॉट को ड्रेक कॉलेंडर द्वारा रोके जाने के बाद पहली बार में फिनिश हासिल की। वेनेजुएला के स्ट्राइकर जोसेफ मार्टिनेज ने एंटोनियो कार्लोस द्वारा गिराए जाने के बाद मिली पेनल्टी को गोल में बदल दिया। मार्टिनेज के पास के बाद मैसी ने छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से एक और पास को गोल में कनवर्ट किया। परिणाम का मतलब है कि इंटर मियामी अगले दौर में एफसी डलास से भिड़ेगा, जिसमें विजेता क्वार्टर फाइनल में स्थान अर्जित करेगा। मैसी, जो पेरिस सेंट-जर्मेन से अलग होने के बाद पिछले महीने एक फ्री एजेंट के रूप में इंटर मियामी में शामिल हुए थे, ने अब तक फ्लोरिडा टीम के लिए तीन मैचों में पांच गोल किए हैं।

# संन्यास लेने के बाद छलका स्टुअर्ट का दर्द

**एजेंसी। लंदन**

एशेज सीरीज 2023 के बाद संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि एशेज श्रृंखला के अंत में शीर्ष पर रहना बहुत खास था। एशेज सीरीज के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड ने घोषणा की थी कि वह ओवल में पांचवें और अंतिम मैच के बाद खेल से संन्यास ले लेंगे। पांचवें दिन मैच के आखिरी दो विकेट लेकर उन्होंने अपने करियर का शानदार अंत किया। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के साथ श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली, जिसमें ब्रॉड ने पांच मैचों में 22 विकेट लिए। ब्रॉड ने कहा, "आखिरी दिन मुझे आराम महसूस हुआ। क्रिस वोक्स और मोईन अली का शुरूआती विकेट लेना अद्भुत था।



मैंने उन दोनों के साथ बहुत क्रिकेट खेला और यह बहुत खास था। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं इंग्लैंड के लिए इतने लंबे समय तक खेल सका।

# मोटरसाइकिल रेसिंगः राउंड-3 में नई पीढ़ी के राइडर्स के दबाव में स्टार्स

**एजेंसी। चेन्नई**

एमएमएससी एफएमएससीआई इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप 2023 शुक्रवार को निर्णायक चरण में पहुंच गई है, ऐसे में स्टार और अनुभवी प्रतिभागी नई पीढ़ी के प्रतिस्पर्धियों के दबाव में आ सकते हैं। सभी की निगाहें मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में होने वाले आयोजन के तीसरे दौर पर होंगी, जिसमें अग्रणी धावक चुनौती देने वालों के साथ लीडरबोर्ड पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेंगे। मौजूदा सीजन में यंग राइडर्स की एक नई पीढ़ी सामने आई है और उनमें से कुछ को एशियाई स्तर पर प्रदर्शन से लाभ हुआ है। ऐसे में, अनुभवी राइडर्स थोड़ा दबाव महसूस कर रहे हैं क्योंकि ये युवा खिलाड़ी अपने सीनियर के साथ व्हील-टू-व्हील रेस करने से नहीं डरते हैं। या यूं कह लीजिए इस बार कुछ रोमांचक मुकाबलों की पटकथा लिखी जा रही है। दो प्रमुख प्रो-स्टॉक श्रेणियां- 301- 400 सीसी ओपन और 165 सीसी ओपन - निस्संदेह कार्ड का आकर्षण होंगी



जिसमें पेट्रोनास टीवीएस वन के अलावा स्टॉक 165 सीसी, लड़कियों की श्रेणी और नौसिखिया (301-400 सीसी) सवारों के लिए एक समर्थन दौड़ शामिल है। वन मेक चैंपियनशिप और होंडा इंडिया टैलेंट कप, दोनों का आयोजन प्रमोटर मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया है जो अपनी 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। सप्ताहांत में अभ्यास और क्वालीफाइंग सत्र के अलावा कुल 16 दौड़ें निर्धारित हैं। एमएमएससी के अध्यक्ष अजीत थॉमस ने कहा, वर्तमान में, यह एक बेहद रोमांचक परिदृश्य है जहां पुराने खिलाड़ियों को प्रतिभाशाली युवाओं की एक नई पीढ़ी द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है जो तेजी से चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। इसके अलावा, टूर्नामेंट अब मेट्रो केंद्रित नहीं हैं क्योंकि चैंपियनशिप पूरे भारत के छोटे शहरों से राइडर्स को आकर्षित कर रही है, और उनकी संख्या बढ़ रही है।" उन्होंने कहा, हालांकि एमएमएससी ने खेल को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड महिला विश्व कप का शानदार आयोजन कर रहे हैं : जियानी इन्फेंटिनो



**एजेंसी। कैनबरा**

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में महिला विश्व कप को एक शानदार आयोजन घोषित किया है। इन्फेंटिनो बुधवार रात कैनबरा के संसद भवन में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज द्वारा महिला विश्व कप और देश पर इसके प्रभाव का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के अधिकारियों के साथ शामिल हुए। विश्व कप - ओसनिया में पहली बार आयोजित - दोनों मेजबान देशों में 1.8 मिलियन से अधिक टिकट बेचे गए हैं। अल्बानीज के साथ महिला विश्व कप ट्रॉफी को अपने पास रखने के बाद, इन्फेंटिनो ने कहा कि विश्व कप ने पूरी दुनिया को एकजुट कर दिया है। गुरुवार को एफए वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने कहा, फुटबॉल समाज के लिए, समावेश के लिए, समुदाय के लिए, आर्थिक विकास के लिए, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, मानसिक स्वास्थ्य के लिए और खुशी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि फुटबॉल खेलकर वे सीखते हैं। वे सीखते हैं कि एक टीम के रूप में कैसे खेलना है, अपने साथियों पर कैसे भरोसा करना है, कैसे जीतना है, लेकिन यह भी कि कैसे हारना है। उन्होंने कहा, यह टूर्नामेंट एक महान आयोजन है, और आप सभी वास्तव में शानदार हैं - एक गौरवान्वित देश, एक समृद्ध इतिहास वाला देश, एक ऐसा देश जिसने अब तक का सबसे अच्छा फीफा महिला विश्व कप आयोजित किया है। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला टीम, मटिल्डास ने टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने के लिए सोमवार रात ओलंपिक चैंपियन कनाडा को 4-0 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया में लेग स्पिनरों की कमी चिंताजनक : चैपल

**एजेंसी। सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम में लेग-स्पिन विकल्पों की कमी के लिए कुछ हद तक कप्तान जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान अभी तक यह नहीं समझ पाए हैं कि क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में कलाई-स्पिन गेंदबाजी कैसे काम करती है। पिछले 10 वर्षों में, ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का नेतृत्व किया है। लेकिन दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान उनकी इंजरी के कारण ऑस्ट्रेलिया को शेष तीन मैचों में से दो में युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी का इस्तेमाल करना पड़ा। इसने ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल में डाल दिया और इंग्लैंड ने 2-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 2-2 पर समाप्त की।

चैपल ने कहा, "जब से शेन वार्न और स्टुअर्ट मैकगिल ने क्रमशः 2007 और 2008 में टेस्ट से संन्यास लिया, तब से ऑस्ट्रेलिया को एक भी गुणवत्ता वाला लेग स्पिनर नहीं मिला है जो टेस्ट टीम में नियमित होने में कामयाब रहा हो। मुझे नहीं पता कि यह सिर्फ कलाई की स्पिन गेंदबाजी की कमी है या फिर कप्तानों में उन्हें मौका देने की इच्छाशक्ति की कमी है।" "मुझे नहीं लगता कि कप्तानों ने कलाई की स्पिन गेंदबाजी को उतना अच्छी तरह से समझा है जितना उन्हें समझना चाहिए था। मेरी राय में, कुछ कप्तानों में कमी यह है कि वे बॉउंड्री बचाना चाहते हैं। क्या बेहतर है, एक ओवर में कुछ बाउंड्री छोड़ना या छह आसान सिंगल्स देना ?₹ आप एक अच्छे बल्लेबाज को आसान सिंगल्स नहीं दे सकते, खासकर उनकी पारी की शुरूआत में, आपको उन्हें आउट करने की कोशिश करनी होगी।" ऐसी बहुत सी जगहें हैं जहां मुझे लगता है कि कलाई का स्पिनर अच्छा प्रदर्शन करेगा, लेकिन इस समय ऐसा कुछ भी नहीं है। यह बहुत निराशाजनक रहा है। कलाई की स्पिन गेंदबाजी के बारे में बात यह है कि एक अच्छी गेंदबाजी पाने के लिए आपके पास उनमें से कई होने चाहिए। न्यू साउथ वेल्स कलाई स्पिन गेंदबाजी का घर हुआ करता था, मुझे एनएसडब्ल्यू टीमों के खिलाफ खेलना याद है।

**सुझाव** — वसीम अकरम ने अर्शदीप को दी अमूल्य सलाह, कहा-

# अधिक खेलने से गति पैदा करने में सक्षम होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महान पाकिस्तानी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने हाल ही में खुलासा किया कि वह अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन से प्रभावित हुए हैं। हालांकि, अनुभवी का मानना है कि अर्शदीप जिस गति से गेंदबाजी करते हैं, उसमें सुधार की गुंजाइश है। अकरम ने कुछ सुझाव दिए जिनसे उन्हें लगता है कि पंजाब के तेज गेंदबाज को अपनी गति बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जहीर खान के क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा के बाद से भारत एक दमदार बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की तलाश में है। मेन इन ब्लू ने बरिंदर सरन, खलील अहमद और चेतन सकारिया जैसे खिलाड़ियों को कुछ मौके दिए लेकिन अंततः अर्शदीप सिंह पर ध्यान केंद्रित किया। पंजाब



के इस तेज गेंदबाज ने अपने टी20 करियर में अच्छा प्रदर्शन किया है और 26 मैचों में 8.40 की इकॉनमी रेट से 41 विकेट लिए हैं। अकरम ने कहा, 'मैंने उसे देखा। उसके पास भविष्य है। मैंने पिछले साल एशिया कप के दौरान भी कहा था कि उसे लंबे समय तक खेलना चाहिए। उसके पास स्विंग है लेकिन गति के मामले में उसे अपनी गति बढ़ाने के लिए अधिक प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने की जरूरत है। वह युवा हैं और जिस तरह से वह गेंदबाजी करते हैं वह मुझे पसंद है। वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह जितना अधिक खेलेंगे, मांसपेशियां बढ़ेंगी और वह अधिक गति पैदा करने में सक्षम होंगे।' वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अर्शदीप सिंह को भारत की टीम में जगह नहीं मिल पाई। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं और बिना कोई विकेट लिए 79 गेंदें फेंकी हैं। उन्होंने 6.76 की इकॉनमी रेट से रन भी दिए हैं। हालांकि टी20आई में भारत के लिए अर्शदीप का प्रभाव निर्विवाद है इसलिए वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए हार्दिक पांड्या की टीम में एक महत्वपूर्ण कारक हो सकते हैं।

## पीसीबी ने क्रिकेट तकनीकी समिति का किया गठन



**लाहौर।** पीसीबी ने बुधवार को सीटीसी का गठन किया है, जिसमें पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक (प्रमुख), मोहम्मद हफीज और इंजमाम-उल-हक शामिल हैं। मिस्बाह की अगुवाई वाली समिति को पाकिस्तान में लगभग सभी क्रिकेट गतिविधियों को शामिल करते हुए व्यापक अधिकार दिए गए हैं। पीसीबी ने एक बयान में कहा, सीटीसी क्रिकेट से संबंधित मामलों पर सिफारिशें प्रदान करेगा, जिसमें समग्र घरेलू संरचना, शेड्यूल, खेल की स्थिति, राष्ट्रीय चयन समितियों की नियुक्ति, राष्ट्रीय टीम के कोचों और अंपायरों, रेफरी और क्यूरेटर की नियुक्ति, केंद्रीय और घरेलू अनुबंध और विकास की योजनाएं शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया, सीटीसी के पास अतिरिक्त क्रिकेट विशेषज्ञों को आमंत्रित करने की शक्तियां होंगी और वह नियमित आधार पर पीसीबी प्रबंधन समिति के प्रमुख को रिपोर्ट करेगा। इस बीच, पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने कहा कि तीन पूर्व कप्तानों के पास क्रिकेट का अच्छा ज्ञान है और वे अपने क्रिकेटरों को आगे बढ़ने के लिए सर्वोत्तम प्रणाली प्रदान करने में उनकी मदद करेंगे।

